# सगे चाचा ने भतीजे की हत्या कर बुझा दिया घर का चिराग

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली निघासन क्षेत्र में एक बार फिर दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है जहां सनकी चाचा ने अपने भतीजे की गर्दन पर बाके से प्रहार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। सोमवार को इंद्रपुरी वार्ड में रहने वाले कौशल निषाद का छोटा भाई अनिल कुमार शराब के नशे में घर पर अपनी भाभी से लड़ाई करके अपने दो साल के भतीजे हिमांशु को बिस्कुट दिलाने के बहाने साथ ले गया और चूराटांडा नहर के पास जंगल में उसकी गर्दन पर बाके से प्रहार कर हत्या कर दी जिसके बाद वह स्वयं खून से सने बाके को लेकर थाने पहुंचा और अपना जुर्म कबूलते हुए पुलिस को पूरी बात बताई जिसके बाद पुलिस हत्यारोपी को लेकर घटना स्थल पहुंची और शव को अपने



कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर जब घटना की जानकारी बच्चे के माता पिता को लगी तो वो रोते बिलखते थाने पहुंचे और कार्यवाही हेतु पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। सीओ महक शर्मा ने बताया कि हिमांशु के हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया गया है। तथा हत्या में प्रयुक्त बांका बरामद कर लिया गया है। मृतक बच्चे का शव चूराटांडा के जंगल क्षेत्र से शव बरामद कर लिया गया है।

**बच्चे को ढूंढो मत, वो दुनिया में नहीं है:** दो साल का मासूम हिमांशु जब काफी देर तक घर पर नहीं पहुंचा तो घर वालों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी अनिल कुमार ने स्वयं अपने बड़े भाई के पास फोन कर कहा की बच्चे को मत ढूंढो वो अब दुनिया में नहीं है।



**भाभी पर शक के चक्कर में दिया घटना को अंजाम:** आरोपित के बड़े भाई कौशल निषाद ने बताया की उसका भाई अनिल अपनी भाभी को गंदी नजर से देखता था और उसके साथ संबंध बनाने के लिए कहता था जब वह उसकी बातों को मना करती तो अनिल अपनी भाभी पर शक कर दूसरों के साथ अवैध संबंध के आरोप लगाता था।

**सुबह भाभी व भाई से किया झगड़ा:** सोमवार की सुबह शराब के नशे में अनिल कुमार ने अपने भाभी पर किसी दूसरे के साथ अवैध संबंध का आरोप लगाकर झगड़ा किया। जिसके बाद अनिल ने अपने भतीजे को दुकान पर ले जाने के बहाने घर से ले जाकर चूराटांडा जंगल में मासूम भतीजे की निर्मम तरीके से हत्या कर दी।

**मां रोकर पूछ रही मेरे बाबू का क्या कसूर था?:** घटना को अंजाम देने के बाद जब आरोपी को पुलिस थाने लाई तो मृतक मासूम हिमांशु की मां जोर जोर से चीखकर रोते हुए आरोपी देवर अनिल से कहने लगी की मेरे बाबू का क्या कसूर था जो उसे इतनी बेरहमी से मारा जिसके बाद वह बेसुध होकर गिर पड़ी।

**नशे के आदी अनिल ने बुझा दिया घर का चिराग:** वार्ड इंद्रपुरी निवासी कौशल निषाद अपनी पत्नी व एक दुधमुहे बच्चे के साथ में रहता था। कौशल का छोटा भाई अनिल भी साथ में रहता था मगर अनिल नशे का आदी है। आए दिन शराब के नशे में अपनी भाभी को गंदी नजर से देखता था मगर कौशल अपना छोटा भाई मानकर उसे समझाता था। मगर शायद कौशल को ये नहीं पता था की यही नशेड़ी भाई उनके घर के चिराग को बुझा देगा।

# मैलानी पुलिस ने एक को तमंचा-कारतूस सहित दबोचा

**संसारपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक मैलानी के नेतृत्व मे अपराध की रोकथाम हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मैलानी पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त / वारण्टी इरफान पुत्र सुब्बा शाह निवासी कुकरा थाना मैलानी जिला खीरी को एक अवैध तमंचा देशी 12 बोर व एक अदद कारतूस जिन्दा 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त की गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर आयुध अधिनियम पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम



मे जितेन्द्र यादव चौकी प्रभारी कुकरा, मोहित पुण्डीर चौकी प्रभारी संसारपुर, हेड कांस्टेबल श्याम कुमार ,कांस्टेबल दिनेश कुमार मौजूद रहे।

# पेड़ों की बिक्री के नाम पर सात लाख रुपए हड़पने का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम संसारपुर निवासी कमरुद्दीन अंसारी, ताबिश अंसारी, फहीम अहमद ने पेड़ों की बिक्री किए जाने के नाम पर सात लाख रुपए हड़पे जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के ग्राम संसारपुर निवासी कमरुद्दीन अंसारी, ताबीज अंसारी, फहीम महमूद ने पुलिस समेत उच्च अधिकारियों को भेजी गई शिकायत में कहा। के उन्होंने वसलीपुर ग्रंट में 14लाख रूपये क़ीमत में 125पेड़ खरीदे थे। जिसमें सागौन, शीशम और यूकेलिप्टस के पेड़ शामिल थे। जिनका एक बार में दो लाख रुपये और दूसरी बार में साढ़े पांच लाख रुपए का भुगतान किया। लेकिन उन्हें जो कागजात दिए गए उनमे वह पेड़ दर्ज नहीं थे। तो उन्हें आशंका हुई कि जहां पर पेड़ खड़े हैं उसके तीन तरफ चकरोड़ है। कहीं यह ग्राम पंचायत के पेड़ तो नहीं हैं। तो उन्होंने अपने रुपए मांगे उनका कहना है कि उन्हें रुपए वापस नहीं दिए जा रहे हैं। पुलिस समेत उच्च अधिकारियों को शिकायत भेज कर रुपये वापस दिलाये जाने की मांग की है।

# एक ही रात अलग-अलग चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम

**मैगलगंज खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र में एक ही रात अलग-अलग स्थानों पर रविवार रात चोरों ने चोरी की वारदातों को अंजाम दे डाला। नकाबपोश सशस्त्र बदमाशों ने सदरपुर गांव में एक घर में चोरी की। वहीं पिपरी अजीज गांव में एक मकान में चोरी करते हुए अन्य कई मकानों में भी चोरी का असफल प्रयास किया। वहीं बाइक सवार मिल कर्मचारी को बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट करते हुए पैसे छीन लिए। एएसपी ने मौका मुआयना करते हुए तीनों वारदातों का शीघ्र खुलासा किए जाने की बात कही है।

पहली वारदात औरंगाबाद चौकी क्षेत्र के सदरपुर गांव में चोरी की हुई। यहां टेंट लाइट व्यापारी रविंद्र यादव के घर रविवार रात लगभग 11 बजे सशस्त्र बदमाश छत के रास्ते



घर में दाखिल हो गए। लगभग 50 हजार की नकदी समेत जेवरात चोरी कर लिए। ग्रह स्वामी ने 112 पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने मौका मुआयना किया है।

दूसरी वारदात मैगलगंज कोतवाली क्षेत्र के पिपरी अजीज गांव में चोरी की। यहां चोर मकान के बाहरी हिस्से पर चढ़कर एडवोकेट विनय अग्निहोत्री के घर में दाखिल हो गए। घटना के समय परिजन कमरों में सोए हुए थे। चोर मुख्य कमरे में दाखिल हो गए और कमरे में रखी सेफ के लॉक को तोड़कर उसमें रखी लगभग 30 हजार की नगदी व जेवरात आदि सामान चोरी कर लिया। चोर घटना को अंजाम देने के बाद मुख्य दरवाजे को खोल भाग निकले। सुबह जागने के बाद परिजनों को चोरी की घटना की जानकारी हो सकी। गृहस्वामी द्वारा डायल 112 पुलिस को फोन कर जानकारी दी गई।

तीसरी वारदात फत्तेपुर चौकी क्षेत्र के अलीनगर फत्तेपुर के बीच पैसे छीन लिए। डीएससीएल अजबापुर शुगर मिल से रविवार रात दस ड्यूटी कर बाइक से वापस अपने गांव ओसरी आ रहे मनोज वर्मा को अलीनगर के पास औरंगाबाद की तरफ से आए दो बाईकों पर सवार छह बदमाशों ने घेरकर रोक लिया। बदमाशों ने मनोज को रोकते ही डंडे से पीट दिया और पैसे छीन लिए जिसमें लगभग दो हजार रुपए सहित आधार, डीएल व बाइक के कागजात थे। मनोज के मुताबिक बदमाश बाइक की चाभी व हेलमेट छीनकर बाइक भी लूटने का प्रयास कर रहे थे लेकिन पास स्थित खेत में सिंचाई कर रहे किसान के टार्च लगाने से बदमाश बाइक गिराकर वापस औरंगाबाद की तरफ फरार हो गए। मनोज द्वारा चौकी पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद चौकी प्रभारी फत्तेपुर सुशील तिवारी ने बदमाशों को पकड़ने के प्रयास शुरू किए। चर्चाएं हैं कि पुलिस ने किन्हीं दो बाइक सवार लोगों को पकड़कर पूंछतांछ की है। एक ही रात में वारदातों के बाद सोमवार सुबह एएसपी नेपाल सिंह ने सदरपुर गांव में चोरी की घटना का मौका मुआयना कर परिजनों से घटना की जानकारी ली है। एएसपी नेपाल सिंह ने बताया कि कई टीमों को लगाकर शीघ्र ही बदमाशों को पकड़ा जाएगा। घटना का सही खुलासा ही हमारी प्राथमिकता है।



# सोमवती अमावस्या पर स्नान करने गया युवक सरयू नदी में डूबा

**ईसानगर खीरी।** सोमवार को आला सुबह कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के जालिम नगर स्थित सरयू घाट पर सोमवती अमावस्या के चलते सरयू नदी में स्नान करते समय 25 वर्षीय युवक गहरे पानी में डूब गया। युवक के डूबते ही अफरा तफरी मच गई। और घाट पर मौजूद लोगों ने अपने प्रयास करते हुये मौजूद पुलिस को सूचना दी। जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना खमरिया क्षेत्र के ऊंचगांव मजरा मुराऊन पुरवा निवासी 25 वर्षीय शशीकांत मौर्य पुत्र नंदलाल मोर्य सोमवती अमावस्या के चलते सोमवार को आला सुबह स्नान करने जालिम नगर स्थित सरयू घाट गया था। जहां स्नान करते समय गहरे पानी में डूब गया। युवक के डूबते ही हड़कंप मच गया। घाट पर मौजूद पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कर दी। वहीं युवक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# वैश्य समिति की चेतावनी से हरकत में आई पुलिस

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

- चोरी का खुलासा करने के लिए बेगुनाहों का टार्चर कर रही गोला पुलिस
- पीड़ित ने की पुलिस अधीक्षक से शिकायत

श्री हरद्वारीलाल वैश्य समिति ने एसडीएम को ज्ञापन देकर मांग की थी। कि बिरादरी के अशोक गुप्ता के घर से तीस लाख की चोरी की घटना आठ नवंबर को हुई थी। लेकिन डेढ माह गुजरने के बाद भी पुलिस चोरी का खुलासा करने में नाकाम रही। साथ ही चेतावनी दी थी कि यदि एक सप्ताह के अंदर खुलासा नहीं हुआ तो समिति के पदाधिकारी सडकों पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। समिति के इस अल्टीमेटम के बाद पुलिस में खलबली मच गई। आनन फानन में हरकत में आई पुलिस ने मुहल्ले के युवकों को उठाकर पूछताछ के नाम पर उनका टार्चर करना शुरु कर दिया है। यही नहीं कुछ को पुलिस हजारों रुपये वसूल कर छोडने व रफा दफा करने में जुट गई।

इसी कडी में शहर के मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी पुत्तूलाल के बेटे चीनू ने पुलिस अधीक्षक को भेजी शिकायत में कहा है वह दिल्ली में मजदूरी करता है। कोतवाली पुलिस ने उसे फोन कर गोला बुलाया। जब वह 15दिसंबर को कोतवाली पहुंचा तो उसे वहां बैठा लिया गया। उस पर दबाव बनाया गया कि वह अशोक गुप्ता उर्फ टिल्लू कबाड़ी के घर हुई चोरी में शामिल होना स्वीकार कर ले। जब उसने मना कर दिया तो उसका कहना है कि फिर उसे टार्चर किया गया। यही नहीं जब वह दिल्ली में था तब पुलिस ने उसके घर में तोड़फोड़ की। चीनू का कहना है कि उसका अभी कुछ माह पूर्व ईसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम चिंतापुरवा से विवाह हुआ है। पुलिस उसे वहां भी ले गई और घर की तलाशी ली और उसे बुरी तरह अपमानित किया। ससुराल में उसे बेइज्जत किया गया। यही नहीं पुलिस इससे पहले कुम्हारनटोला में ही किराए पर रह रही उसकी बहन माया और 15 वर्षीय भांजे सचिन को कोतवाली उठा लाई। उसे भी कई दिनों तक थाने में रखकर टार्चर किया गया। यहीं नही कोतवाली पुलिस कई अन्य युवकों को भी थाने लाकर पूछताछ के नाम पर उनका टार्चर कर रही है। वहीं खुद को बचाने के लिए युवको से पैसों का लेन देन कर छोड़ने का भी दबाब बना रही है।

**वीडियों क्लिप हो रही वायरल:** कुम्हारन टोला में 30 लाख की चोरी के मामले में पुलिस कई लोगों को पकड़ लाई टार्चर किया। कुछ नहीं मिला तो छोड़ दिया। युवक कहता है कई बार उसे पकड़ चुके हैं। युवक अधिकारियों से गुहार लगा रहा है। कि अगर आरोपी है तो उसे जेल क्यों नहीं भेजा।

**जिम्मेदार की सुनिए:** प्रभारी निरीक्षक चद्रशेखर सिंह ने बताया कि चोरी के आरोप में युवक के विरुद्ध सबूत मिले थे। उसी आधार पर उसे पकडा गया। आरोपी के विरुद्ध जीडी में तस्करा व पूछताछ आदि कार्रवाई की गई है। उसके द्वारा पैसे मांगने के लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद है।

## बजाज ग्रुप की चीनी मिले नहीं कर रही भुगतान, नए वर्ष में किसान परेशान

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** बजाज ग्रुप की चीनी मिलों के पिछले सत्र का बकाया गन्ना भुगतान लगभग 57 करोड़, खंभारखेड़ा 40 करोड़, पलिया के 96 करोड़ रूपये का बकाया है। वहीं चालू पेराई सत्र का भी अरबों रुपए का बकाया गन्ना भुगतान नहीं मिल सका है। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा कि नववर्ष 2025 पर अधिकारीगण, उद्योग पति जश्न मनायेंगे तो वहीं अन्नदाता कहे जाने वाला किसान और उसके पुत्रों का आर्थिक तंगी के आंसुओं के साथ नववर्ष मनाएगें। उन्होने कहा है कि जिला गन्ना अधिकारी लखीमपुर खीरी के आये दिन चीनी मिल गोला, खंभारखेड़ा, पलियाकला के गन्ना भुगतान किए जाने वाले मद से डाइवर्जन किए जाने पर चीनी बिक्री किये जाने पर रोक लगाई गई। किंतु चीनी मिलों के गन्ना भुगतान करने के बजाय और ढिलाई दिखाई। चीनी मिलों ने डाइवर्जन पूरा नहीं किया गया। जिससे किसानों का पिछले साल का दिसंबर माह में होने वाला गन्ना भुगतान नये सत्र की 15 जनवरी के बाद होने के संकेत दिखाई दे रहे हैं। किसानों के बकाया गन्ना भुगतान मांगने व धरना प्रदर्शन करने पर जिला गन्ना अधिकारी और उसके सचिव बलवंत चौधरी पुलिस और एसडीएम को पत्र लिखकर धरना प्रदर्शन को धारा 163 कहकर कुचलवा देते हैं। वहीं दूसरी तरफ गोला प्रशासन राजनीतिक पार्टियों के धरना प्रदर्शन करा रही है।

## छज्जा के साथ गिरीं बहनें, एक की मौत, छोटी बहन का चल रह उपचार

वाराणसी। वाराणसी में जैतपुरा थाना क्षेत्र के सरैया इलाके में रविवार देर राज बारजा (छज्जा) गिर गया। इससे बड़ी बहन की मौत हो गई। जबकि छोटी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों बहनें बरामदे के बारजा (छज्जा) में खड़े होकर बाहर हो रहे झगड़े को देख रहीं थीं। इसी दौरान हादसा हो गया। सरैया स्थित पक्का महाल इलाके में जफर अली का वर्षों पुराना मकान है, जिसकी स्थिति जर्जर हो चुकी है। रविवार की देर रात जफर अली के मकान के नीचे कुछ युवक विवाद कर रहे थे। शोर सुन जफर अली की बेटी रेशमा (18) और जिकरा (16) दूसरे मंजिल के बरामदे पर आ गईं। अचानक से बारजा भरभरा कर गिर गया। मलबे के साथ दोनों लड़कियां भी नीचे गिर गईं।

# विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

62 वां कृषक समाज प्रादेशिक हांकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच रामपुर हास्टल रामपुर व आकांक्षा सोढी हांकी अकादमी बिजनौर के मध्य खेला गया। जिसमें बिजनौर की टीम 1-0 से विजेता रही। मैच के अंपायर अमित गुप्ता, जावेद खा रहे। मुख्य अतिथि एमपी सिंह ओलम्पियन 1988 भारतीय हांकी टीम के पूर्व कप्तान, वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार से मेजर ध्यानंचद्र स्पोर्टस क्लब सैफई कोच रहे। विशिष्ट अतिथि देवेन्द्र सहित राकेश चंदन, मुकुल शाह, भूपेन्द्र सिंह, श्रीकांत मौजूद रहे। सोमवार को फाइनल मैच के साथ विजेता टीम बिजनौर को चौधरी



कुंवर सिंह चलबैजंती ट्राफी, चौधरी रामसिंह पुरस्कार, स्व बिहारीलाल मेमोरियल एवार्ड टूर्नामेंट द्वारा नगद पुरस्कार दिया गया। जबकि उपविजेता टीम रामपुर को लाला रामदयाल चल बैजंती टाफी, रामनाथ अग्निहोत्री पुरस्कार, एसके सिंह मेमोरियल अवार्ड टीएस फाउंडेशन के संचालक एवं टूर्नामेंट समित के सदस्य डा सूर्य प्रकाश सिंह द्वारा नगद पुरस्कार दिया गया। इसी कडी में मैन आफ द टूर्नामेंट राघव जेएन 1 बिजनौर को चित्रादेवी पुरस्कार, अवधेश चंद्र मिश्र द्वारा अपने पिताजी स्व अंबिका प्रसाद मिश्र की स्मृति में नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्रेष्ठ अनुशासित टीम कृषक समाज इंटर कालेज गोला ए टीम भगवानदीन वर्मा पुरस्कार, प्रदान किया जाएगा। सर्वोत्तम गोल कीपर अर्पित कुमार को चमेली देवी पुरस्कार, सर्वोत्तम सेटर हाफ खिलाडी शोएब खां बिजनौर जेएन 3 को नगद पुरस्कार, सर्वोत्तम हाफ खिलाडी जेएन 19 दीपक राय रामपुर, विजेता टीम का लेफट इन खिलाडी हर्ष जेएन 13 बिजनौर, विजेता टीम का राइट इन खिलाडी हरमन जेएन 8 बिजनौर, मैन आफ द मैच स्मृति चिन्ह प्रधान लिपिक कोषाध्यक्ष टूर्नामेंट समिति द्वारा अपने पूज्य पिता जी स्व बंशीधर की स्मृति में विशाल जेएन 25 बिजनौर को चुना गया। विजेता व उपविजेता सहित तमाम मेधावी खिलाडियों का चयन कर पुरस्कृत किया गया।

## सूरदास तपोस्थली कल से होगी भक्तिमय, हजारों की संख्या में पहुंचेंगे लोग

**महराजगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध बाबा सूरदास कूटी सलेथू में विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी मेला सहित तमाम सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आरपी साहू ने बताया कि दिनांक 1 जनवरी से दिनांक 3 जनवरी तक विशाल मेले का आयोजन किया गया है तथा प्रतिदिन भंडारा भी किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में वर्षो से लोग आते हैं और अबकी बार भी अपील की गई है कि अधिक से अधिक लोग मेले और भंडारे में पहुंचे। साथ-साथ तमाम तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं हवन पूजन भजन प्रवचन का आयोजन ग्राम वासियों और ग्राम पंचायत द्वारा किया गया है।

# गौसेवा को गांव-गांव तक पहुंचाने की मुहिम

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उन्नकिसेस कृषि संस्थान गोला खीरी के शैक्षिक हॉल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधि गौसेवा की जिला गोला की बैठक संपन्न हुई। विभाग गौसेवा संयोजक विनीत सिंह भदौरिया, जिला गौसेवा संयोजक डॉ पीयूष शुक्ला, प्रशिक्षण संयोजक सतीश चंद, वर्मा, गौ कथा संयोजक विमलेश मिश्रा, मठ मंदिर संयोजक सुनील बाजपेई, गौआधारित कृषि संयोजक वाईपी सिंह, गोपालन एवं संवर्धन संयोजक राजेश शर्मा, पंचगव्य चिकित्सा संयोजक पीयूष पंकज बाजपेई, गोपाल संवर्धन संयोजक दिनेश वर्मा, गौ ऊर्जा संयोजक वीरेंद्र सिंह, गौ उत्पाद निर्माण




संयोजक पंचाकाव्या चिकित्सा संयोजक अतुल त्रिवेदी, हरिओम सिंह भदौरिया शौर्य सिंह, प्रभांस मिश्रा आदि लोग की उपस्थित रहे। बैठक में प्रमोतेश ढाली ने अपने द्वारा बनाई गई गोबर की ईटें और गमले के बारे में बताया तथा खंड गौ सेवा संयोजक मोहम्मदी संजीव मिश्रा ने गोबर की बनाई गई औषधीय धूपबत्ती के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को बताया। डॉ पीयूष शुक्ला ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य करें। विभाग गौ सेवा संयोजक विनीत सिंह भदौरिया ने सभी कार्यकर्ताओं से गौ सेवा के कार्य को गांव गांव तक पहुंचाने का आवाहन किया अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने गौआरती की और कार्यक्रम का समापन किया।

# पौराणिक मेला महोत्सव मेला श्री धनुष यज्ञ का शुभारंभ

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मितौली महोत्सव का शुभारंभ भूमि पूजन ध्वजारोहण भोले बाबा की झांकी के बाद पौराणिक परमपरा के अनुसार भूत भावन भोले बाबा अवढर दानी की बारात के साथ पौराणिक मेला महोत्सव मेला श्री धनुष यज्ञ का शुभारंभ किया गया।

मितौली मेला महोत्सव में सर्व प्रथम भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर, मेला आयोजन मास्टर दिनेश कुमार, ग्राम प्रधान मितौली नीरज कश्यप, भाजपा नेता प्रदीप शुक्ल व क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों की मौजूदगी में भूमि पूजन, ध्वजारोहण भोले बाबा की आरती कर साथ में शिव भोले बाबा की संपूर्ण झांकी सजाकर गाजेबाजे के साथ शिव बारात मितौली क्षेत्र व कस्बे में धूम धाम से निकली गई हजारों की संख्या में दो पहिया, चार



पहिया, ट्रैक्टर-ट्राली, पैदल यात्रियों के साथ भ्रमण करते हुए मेला मैदान पहुंची भोले बाबा की आरती प्रसाद वितरण के साथ शिव भारत का समापन आरती प्रसाद वितरण के साथ किया गया मेला आयोजन मास्टर दिनेश कुमार ने बताया की 13 जनवरी 2025 से दिन में रामचरितमानस के माध्यम से और रात्रि में कृष्ण चरित्र के माध्यम से बहुत ही मार्मिक ढंग से श्री राधा सर्वेश्वरी लीला संस्थान श्री धाम वृंदावन मथुरा से पधारी रासलीला कृष्ण लीला पार्टी के द्वारा दिखाई जाएगी उसके बाद झांकी, बच्चों का कार्यक्रम व कवि सम्मेलन मुशायरे के साथ मेले का समापन किया जाएगा।

इस अवसर पर मैडोलेक्स हॉस्पिटल में डॉक्टर अनिल राज, कवि अमित कैथवर, पंडित शंकर दीक्षित, करुणा शंकर गुप्त, डॉक्टर आदेश कुमार, मनीराम, रमाशंकर तिवारी, इरफान बंजारा, अशोक राज, डाक्टर सिवसरन उर्फ सचिन, योगेंद्र मिश्र, सब्बीर गायक, पप्पू पेंटर, मलिक लाइट हाउस, सत्यराम विक्रम, समस्त क्षेत्र के सम्मानित नागरिक माताएं बहने मौजूद रहीं।

# दुनिया देखेगी महाकुम्भ की दिव्यता व भव्यता

## नगर विकास मंत्री ने किया श्रमदान, स्वच्छता महाभियान में लगाई झाड़ू, कुंभ में 45 से 48 करोड लोगों के लिए की गई सुचारू व्यवस्था

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने महाकुंभ तीर्थ क्षेत्र तथा प्रयागराज शहर के वार्डों में उत्कृष्ट स्तर की साफ-सफाई, स्वच्छता व व्यवस्थापन के लिए चलाए जा रहे महासफाई अभियान को और गति देने तथा कुंभ तीर्थ क्षेत्र को अलौकिक व अमृतमय बनाने के लिए नागवासुकी मंदिर के कुनकुन श्रीवाला गली से दशाश्वमेघ घाट तक एवं अशोक नगर स्थित दुर्गा पूजा पार्क तक चलाए गए सामूहिक स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर तथा स्वयं अपने हाथों से झाड़ू लगाकर और कूड़ा उठाकर सफाई में श्रमदान किया।

उन्होंने घर-घर जाकर स्वच्छता का संदेश दिया, जिससे कि कुंभ तीर्थ के दौरान पूरी दुनिया के सामने तीर्थराज प्रयाग को एक आदर्श नगर के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। प्रदेश सरकार कुंभ तीर्थ मेला क्षेत्र में आने वाले सभी श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को सुरक्षित, स्वच्छ और पवित्र माहौल देने के लिए संकल्पित है। मां गंगा किनारे दशाश्वमेघ घाट में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महाकुंभ 2025 हमारी सांस्कृतिक विरासत, अध्यात्मिकता व परंपरा के साथ आधुनिक एवं विकसित भारत का प्रतीक बनेगा। कुम्भतीर्थ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। यह आयोजन अद्वितीय एवं दिव्य होगा।

स्वच्छता के इस महायज्ञ में सभी को अपनी आहुती देना है। नगर विकास विभाग महाकुंभ में नोडल विभाग है, जिससे हम सभी की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। सभी कार्य सुचार व व्यवस्थित रूप से चलें और सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहे, इसके लिए मां गंगा, यमुना, सरस्वती, तीर्थराज प्रयाग व भगवान हनुमान जी से आशीर्वाद मांगता हूं। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई तथा 1200 सफाई मित्रों को सुरक्षा और सुविधा के लिए स्वच्छता किट वितरित कर सम्मानित किया। कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तथा स्वच्छता गीत के माध्यम से स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया और स्वच्छता का संदेश भी दिया गया और आदर्श प्रयागराज बनाने का संकल्प लिया गया। आज से 44 वर्ष पहले 1980 का भी कुंभ व अर्धकुंभ मैंने देखा था। इसके बाद के भी कुम्भ देखे। लेकिन महाकुंभ 2025 जैसा दिव्य, भव्य, अद्वितीय और अलौकिक व सुंदर होगा, इसके पहले देश दुनिया के लोगों ने कभी नहीं देखा होगा। यह सब सफाई मित्रों के प्रयासों से ही देश का मस्तक दुनिया में ऊंचा हुआ है, इसके लिए हमारे सफाई मित्र सम्मान के हकदार हैं। पिछले अर्धकुंभ 2019 में प्रधानमंत्री ने सफाई मित्रों के सम्मान में उनके चरण धोए थे। प्रदेश सरकार, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की ओर से मैं सफाई मित्रों का स्वयं चरण वंदन करता हूं।

### 3500 सफाई मित्रों के योगदान से स्वच्छ सुंदर बनेगा प्रयागराज

तीर्थराज प्रयागराज को 3500 सफाई मित्रों के योगदान से स्वच्छ सुंदर बनाने का कार्य किया जा रहा। मेला क्षेत्र को स्वच्छ बनाये रखने के लिए 5000 डस्टबिन रखवाए गए हैं, डेढ़ लाख शौचालय, चेंजिंग रूम आदि बनवाए गए है। सड़क किनारे की दीवारों पर जो पेंटिंग की गई है उसमें भी देश की संस्कृति, सभ्यता व संस्कारों की झलक दिख रही है। भारत की एक तिहाई आबादी के बराबर लगभग 45 से 48 करोड़ श्रद्धालु महाकुंभ में प्रयागराज आने वाले हैं, जिसके लिए सुचार व्यवस्था की जानी है। विगत डेढ़ से 02 वर्षों के बीच प्रयागराज में 15 हजार करोड़ रुपए की योजनाएं धरातल पर आई हैं। उसमें से यह दशाश्वमेघ घाट भी बनाया गया है। हजारों की संख्या में विकास कार्य कराए गए हैं, जो कि पहले कभी नहीं हुआ। इसमें से 08 हजार करोड़ रुपए की केंद्र सरकार की परियोजनाएं हैं, जिससे रेलवे स्टेशन, नेशनल हाईवे, एयरपोर्ट आदि का कार्य हुआ है और 07 हजार करोड़ रूपये से अधिक के राज्य सरकार के कार्य हुए हैं, जिससे गंगा घाटों का निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, नाले-नालियों का निर्माण, गलियों का निर्माण कार्य हुआ।

# हजरतगंज में एलडीए ने 20 शोरूम के बैनर-साइन बोर्ड तोड़े, व्यापारियों ने किया विरोध

**व्यापारियों को पहले दो बार दिया जा चुका है नोटिस : एलडीए**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ के हजरतगंज में सोमवार को एलडीए और प्रशासन की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची। यहां फसाड कंट्रोल गाइडलाइंस का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की। कैफे कॉफी डे सहित 20 से अधिक दुकान, शोरूम के बैनर और साइन बोर्ड उतार दिए। एलडीए अधिकारियों ने बताया कि व्यापारियों को पहले दो बार नोटिस दिया जा चुका है।

एलडीए की टीम का कुछ व्यापारियों ने विरोध किया और कहा होर्डिंग और बैनर के लिए नगर निगम को टैक्स देते हैं, इसके बाद भी कार्रवाई की गई। एलडीए जोन-6 की टीम दोपहर हजरतगंज पहुंची। अधिकारियों ने दुकानों पर लगे बड़े-बड़े साइन बोर्ड और बैनर हटाने शुरू किए। बुलडोजर से 750 एमएम से ज्यादा बड़े बोर्ड और बैनर को हटाया गया। जिन बोर्ड पर बैनर पर 300 एमएम अक्षरों का साइज और बैकग्राउंड में काला रंग नहीं मिला। उन बोर्ड और बैनर को तोड़ भी दिया गया। एलडीए के जोनल अधिकारी शशि भूषण पाठक ने कहा हजरतगंज हेरिटेज जोन में आता है। इसलिए यहां पर कार्रवाई हो रही है।

व्यापारियों के साथ बैठक करने के साथ डोर-टू-डोर पहुंचकर चेतावनी दी गई थी। इसमें बिल्डिंग मालिकों को बुलाकर नियमों के बारे में बताया गया था। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। फसाड गाइडलाइन के अनुसार हजरतगंज की बिल्डिंग के रंग सिर्फ पिंक और यलो कलर में हो सकते हैं। इसके साथ ही साइन बोर्ड, खिड़की, बिल्डिंग के डिजाइन में बदलाव नहीं करने के नियम तय किए गए हैं। यहां पर डस्टबिन,बेंच, रेलिंग, लैंप पोस्ट सहित अन्य चीजें हेरिटेज लुक में हैं। हजरतगंज को आकर्षक बनाने के लिए इसे हेरिटेज लुक दिया गया है।

अधिकारियों के निरीक्षण में बिल्डिंग यलो और पिंक कलर और साइन बोर्ड भी तय नियम के मुताबिक नहीं मिले। इसके साथ ही बड़े बैनर भी लगाए गए हैं। अधिकारियों ने मौके पर करीब 300 से अधिक दुकानों का निरीक्षण किया। हजरतगंज के हेरिटेज जोन में चले अभियान में 13 दिसंबर को व्यापारियों को अंदाजे अवध योजना के बारे में जानकारी दी गई थी, जिसके अनुसार फसाड कंट्रोल गाइडलाइन के बारे में भी बताया गया था। 100 दुकानदारों को नोटिस दिया गया था। हेरिटेज जोन में आने वाली दुकानों के बाहर लगे साइन बोर्ड का मानक तय नियम के अनुसार ही लगाना है।

## खबरें एक नजर में

### बंथरा में डंपर ने महिला को रौंदा, पिकअप ने मजदूर को टक्कर मारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुलिस के अनुसार राजा उर्फ पप्पू कश्यप (48) अपनी पत्नी चंदा देवी के साथ बंथरा के बनी गांव में किराए पर रहता था। पास ही स्थित अमेजॉन कंपनी के पास एक ढाबे पर मजदूरी करता था। पप्पू सोमवार करीब 10 बजे साइकिल से ढाबे पर काम करने जा रहा था। तभी ढाबे के पास तेज रफ्तार पिकअप ने उसे जोरदार ठोकर मार दी, जिससे पप्पू बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस के जरिए सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां पप्पू की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसी तरह उन्नाव जिले के असोहा में रहने वाली माया देवी (50) सोमवार सुबह अपना इलाज कराने बेटे विकास के साथ बाइक से लखनऊ जा रही थी। तभी बंथरा में उम्मेद खेड़ा गांव के पास सुबह 9.30 बजे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। माया देवी घायल हो गई। उन्हें इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुँचाया गया। जहां माया की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है।

### आठवीं की छात्रा ने लगाई फांसी, युवक पर ब्लैकमेलिंग का आरोप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ठाकुरगंज टीबी हॉस्पिटल बाबा हजार बाग की रहने वाली नाबालिग (15) प्राइवेट स्कूल में आठवीं में पढ़ती थी। रविवार दोपहर करीब 3.30 बजे घर की दूसरी मंजिल पर दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। भाई ने बताया, घटना से 10-15 मिनट पहले मां के साथ बैठकर खाना खाई। इसके बाद अपने रूम में चली गई। जब मां उसे देखने गई तो फंदे से लटकती मिली। बहन को फंदे से लटकता देख मां की चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लोगों की मदद से फंदे से उतारकर ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भाई का आरोप है कि मोहल्ले के रहने वाला दानिश नाम के लड़के से बहन की बात होती थी। बहन को भी बातचीत करने से मना कर दिया था। लेकिन दानिश नहीं माना और उसको बात करने के लिए मजबूर करता था। बात नहीं करने पर अश्लील फोटो और मैसेज भेजकर ब्लैकमेल कर रहा था।

### चंद्रिका देवी मंदिर में सोमवती अमावस्या पर लगा मेला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में बीकेटी के कठवारा गांव में मां चंद्रिका देवी मंदिर धाम में सोमवती अमावस्या पर भक्तों का सैलाब उमड़ा। अमावस्या पर मां चंद्रिका देवी के दर्शन का विशेष महत्व है। साल की अंतिम सोमवती अमावस्या पर भीषण सर्दी को देखते हुए मां चंद्रिका देवी मंदिर मेला विकास समिति की ओर से भक्तों के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे। सोमवती अमावस्या को लेकर मां चंद्रिका देवी मंदिर धाम में सुबह से ही दूरदराज से भक्तों आवागमन शुरू हो गया। वहीं शीतलहर के बाद भी दर्शनार्थियों की भीड लगी रही। शहर से ही नहीं बल्कि दूर दराज के जिलों से भक्त दर्शन करने आए। मेला विकास समिति के सदस्य गिरजा शंकर श्रीवास्तव ने बताया कि समिति द्वारा भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

### अपना दल एस की विशेष बैठक दो जनवरी को

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अपना दल एस के कार्यकर्ता और पदाधिकारी 02 जनवरी को बुलाई गई विशेष बैठक में राजधानी लखनऊ में बड़ी संख्या में जुटेंगे। विशेष बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को साल 2025 की शुभकामनाओं के साथ पार्टी की मजबूती को लेकर 2027 के विजन का मंत्र देंगी। प्रदेश प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी के कैम्प कार्यालय पर बुलाई गई इस विशेष बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति से पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल पार्टी-संगठन के कुछ पदाधिकारियों की घोषणा भी कर सकते हैं। इस बैठक में विशेष रूप से सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी और विधानसभा अध्यक्षों को उपस्थित रहने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने निर्देश दिया है।

### तीन महीने से नहीं मिला वेतन, संविदा बिजली कर्मियों का हंगामा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के बालागंज के आजाद नगर उपकेंद्र पर सोमवार को बिजली विभाग के संविदा कर्मियों ने तीन महीने से बकाया वेतन को लेकर हंगामा किया। दर्जनों संविदा कर्मी अपने बकाए वेतन की मांग को लेकर इकट्ठा हुए। कार्य बहिष्कार किया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। संविदा कर्मियों ने विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण वे आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। उपकेंद्र पर प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने कहा कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। संविदा कर्मियों ने विभाग से जल्द से जल्द वेतन जारी करने की मांग की है।

### पूर्वोत्तर रेलवे ने कोहरे के चलते दर्जन भर गाड़ियां की निरस्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।** पूर्वोत्तर रेलवे ने घने कोहरे के कारण परिचालनिक कठिनाइयों को देखते दर्जन भर गाड़ियों को निरस्त कर दिया है। इनमें 30 दिसम्बर 2024 से 01 मार्च 2025 तक चलने वाली 05031 गोरखपुर-गोंडा अनारक्षित विशेष, गोंडा से 01 जनवरी 2025 से 03 मार्च, 2025 तक चलने वाली 05032 गोंडा-गोरखपुर अनारक्षित विशेष, गोंडा से ही 31 दिसम्बर 2024 से 02 मार्च 2025 तक चलने वाली 05453 गोंडा-सीतापुर अनारक्षित विशेष, सीतापुर से 31 दिसम्बर, 2024 से 02 मार्च 2025 तक चलने वाली 05454 सीतापुर-गोंडा अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। इसी तरह सीतापुर से ही 31 दिसम्बर, 2024 से 02 मार्च 2025 तक चलने वाली 05459 सीतापुर-शाहजहांपुर अनारक्षित विशेष और शाहजहाँपुर से 31 दिसम्बर, 2024 से 02 मार्च 2025 तक चलने वाली 05460 शाहजहाँपुर-सीतापुर अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी।

### रायबोझा-नानपारा के बीच गाड़ियों का बंद आवागमन दो जनवरी तक

**लखनऊ, समृद्ध न्यूज।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे मैलानी-नानपारा मीटरगेज रेल खंड पर 24 अक्टूबर 2024 से एलसी-65 पर एलएचएस के निर्माण कार्य हेतु इंजीनियरिंग ब्लॉक होने के कारण 60 दिनों के लिए रायबोझा-नानपारा स्टेशनों के मध्य गाड़ियों का आवागमन बंद किया गया था, जो कि अब 02 जनवरी 2025 तक बढ़ा दिया गया है। उक्त इंजीनियरिंग ब्लॉक होने के कारण ट्रेनों का रायबोझा स्टेशन पर पूर्व की भांति शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन इस प्रकार होगा। सवारी गाड़ी संख्या 05356 (मैलानी-नानपारा) एवं 05362 (मैलानी-नानपारा), सवारी गाड़ी संख्या 05355 (नानपारा-मैलानी) एवं 05361 (नानपारा-मैलानी)।

### महापौर इंदिरानगर थाने पहुंची, प्लॉट मालिक के खिलाफ दर्ज होगा केस

**लखनऊ, समृद्ध न्यूज।** नगर निगम कर्मियों से हुई मारपीट के मामले में लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल सोमवार को इंदिरानगर थाने पहुंची। यहां पुलिस अधिकारियों से मुलाकात के बाद बोलीं अभी तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्लाट मालिक के खिलाफभी मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। महापौर ने कहा अभी दो मुख्य नामजद आरोपी है। पुलिस ने उनको गिरफ्तार नहीं किया है। 24 घंटे हो गए है। पुलिस अधिकारियों ने उनकी गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि उन सभी प्लाट मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिन्होंने बांग्लादेशियों को बसाया है। अभी जोन-7 में कार्रवाई की जा रही है। दूसरी जगहों पर भी जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# तेलीबाग व उतरेठिया चौराहे का होगा सुंदरीकरण

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू और चौराहों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने सोमवार को तेलीबाग और उतरेठिया चौराहों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कई सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने तेलीबाग चौराहे पर कार्नर में बनी अवैध दुकानों को नोटिस जारी कर ध्वस्त करने का आदेश दिया। साथ ही सिंचाई विभाग के चीफ ऑफिस की बाउंड्री को हटाकर ब्लैक टॉप बढ़ाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। चौराहे पर लगे अवैध होर्डिंग्स और एलईडी बैनर पर सख्त रुख अपनाते हुए मंडलायुक्त ने तुरंत इन्हें हटाने का आदेश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध बैनरों का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। इसके बाद मंडलायुक्त उतरेठिया चौराहे पहुंचीं। उन्होंने चौराहे पर लगे पोल और बोर्ड हटाने, ब्लैक टॉप चौड़ीकरण और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन कार्यों को प्राथमिकता पर बिना देरी के कल से शुरू किया जाए। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंडलायुक्त के इस औचक निरीक्षण से स्पष्ट है कि लखनऊ की यातायात व्यवस्था और शहर के सौंदर्यीकरण के लिए प्रशासन अब पूरी तरह गंभीर है। तेलीबाग और उतरेठिया चौराहों पर किए जा रहे इन सुधारों से आने वाले दिनों में शहरवासियों को ट्रैफिक की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

### कमिश्नर ने की जन कल्याण कारी योजनाओं की समीक्षा

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में मंडलीय विकास और राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई और अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। बैठक में प्री-स्कूल किट आपूर्ति में तेजी लाने पर जोर दिया गया। निर्देश दिया गया कि फर्म 15 दिनों के भीतर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर किट पहुंचाए। श्रमजीवी महिला छात्रावास के लिए लखनऊ में भूमि चिन्हित कर शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना पर चर्चा करते हुए मंडलायुक्त ने बताया कि लखनऊ में 3500 लाभार्थियों का लक्ष्य है। उन्होंने इस योजना के प्रचार-प्रसार और पात्र लोगों को जोड़ने के निर्देश दिए। गौशालाओं में ठंड से बचाव के लिए त्रिपाल, जूट के बोरे और आलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

### परमानेंट करने की मांग को लेकर एडहॉक शिक्षकों का प्रदर्शन

**लखनऊ।** लखनऊ के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में सोमवार को तदर्थ शिक्षकों के दो गुटों का प्रदर्शन देखने को मिला। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के बैनर तले बड़ी संख्या में पहुंचे तदर्थ प्रधानाचार्य ने धरना शुरू किया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे इन प्रधानाचार्य ने कहा कि सालों से वे सभी माध्यमिक शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अब तक उन्हें परमानेंट नहीं किया गया। यही कारण है कि आज आर-पार की लड़ाई के लिए उन्हें सड़क पर उतरना पड़ रहा है। इसी परिसर में प्रधानाचार्यो के प्रदर्शन के ठीक सामने तदर्थ शिक्षकों का भी प्रदर्शन लगातार 13वें दिन भी जारी रहा। ये तदर्थ शिक्षक याचना कार्यक्रम के तहत सरकार से वेतन बहाली की मांग कर रहे हैं। साथ ही उन्हें परमानेंट किए जाने की भी मांग है। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह कहते हैं कि 14 सूत्रीय मांगों को लेकर आज प्रदेश भर के तदर्थ प्रधानाचार्य लखनऊ पहुंचे हैं। इससे पहले 23 तारीख को हमने यूपी के सभी जिलों में प्रदर्शन किया था।

# स्टडी हॉल जूनियर स्कूल ने एकता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** कानपुर रोड स्थित स्टडी हॉल जूनियर स्कूल ने अपने वार्षिक विषय ओहाना का अर्थ है परिवार के तहत एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें एकता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया गया। मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्कूल ने यह संदेश दिया कि बच्चों के विकास और पृथ्वी की सुरक्षा में परिवार, स्कूल और समाज की साझेदारी आवश्यक है।

स्कूल की प्राचार्या, सुपर्णा चटर्जी ने ओहाना के गहरे अर्थ को समझाते हुए कहा, ओहाना का अर्थ है परिवार, और परिवार का मतलब है कि कोई पीछे नहीं छूटता। स्टडी हॉल में, हम मानते हैं कि स्कूल और घर मिलकर ऐसे जागरूक और जिम्मेदार बच्चों का निर्माण कर सकते हैं जो अपनी पसंद की जिंदगी जीने के लिए तैयार हों। हम समानता, सामाजिक न्याय, और पर्यावरणीय स्थिरता से युक्त भविष्य की दिशा में काम कर रहे हैं। कार्यक्रम की जान थी अफ्रीकी नृत्य, गीत, और नाटक, जो पर्यावरण बचाने के विषय पर केंद्रित थे। छात्रों ने अफ्रीकी की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करते हुए प्रकृति के संरक्षण और जलवायु परिवर्तन से लड़ने का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक नाटक था, जिसमें वनों की कटाई के प्रभाव और सामुदायिक समाधान की आवश्यकता को उजागर किया गया। DOSTI, SHEF की समावेशी शिक्षा इकाई के छात्रों ने एक प्रेरक प्रस्तुति दी, जो विविधता और सामूहिक प्रयासों की महत्ता को दर्शाती थी। कार्यक्रम का समापन एक मार्मिक समूह गायन से हुआ, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने एकता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के गीत गाए। इस आयोजन ने दर्शकों को प्रेरित किया और आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी की रक्षा के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

# 2025 में चारबाग से वसंतकुंज तक मेट्रो चलाने की तैयारी

**लखनऊ मेट्रो से ढाई करोड़ लोगों ने किया सफर**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ मेट्रो से इस साल ढाई करोड़ लोगों ने सफर किया है। 23 किलोमीटर लंबे मेट्रो ट्रैक के बीच में मेट्रो ने 30 लाख किलोमीटर का सफर किया। वहीं 2025 में चारबाग से बसंतकुंज के बीच 11.165 किलोमीटर लंबे दूसरे कॉरीडोर का काम शुरू हो जाएगा।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि लखनऊ मेट्रो की टाइमिंग में भी बदलाव किया गया है। रात में 10 बजे तक मेट्रो चलती थी, जिसे 10.30 बजे तक कर दिया गया। मेट्रो के दूसरे कॉरीडोर की मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के पास डीपीआर का प्रस्ताव भेजा गया है। लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को नेशनल प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की 9 जुलाई 2024 को मंजूरी मिली। चारबाग से बसंत कुंज के बीच 11.165 किलोमीटर लंबा दूसरा कॉरिडोर बनना प्रस्तावित है। मार्च 2024 में राज्य सरकार ने ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को मंजूरी दे दी थी। पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड के पास डीपीआर भेजी गई है। 1 जनवरी 2024 को सबसे अधिक 1 लाख 25 हजार लोगों ने सफर किया था। लखनऊ मेट्रो का ये रिकॉर्ड है। वहीं पूरे एक साल में करीब 2.5 करोड़ से अधिक लोगों ने सफर किया जो अब तक का रिकॉर्ड बना है। लखनऊ मेट्रो में शुरुआत से अब तक 11 करोड़ से ज्यादा यात्री सफर कर चुके हैं। मुंशी पुलिया से सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशन के बीच 23 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर लखनऊ मेट्रो यात्री सेवा दे रही है। यात्रियों को हर 5 मिनट में ट्रेन उपलब्ध कराने के लिए इस 23 किलोमीटर लंबे ट्रैक पर 16-20 ट्रेन सेट दौड़ाए जाते हैं। दिन भर में लखनऊ मेट्रो लगभग 340 ट्रिप और करीब 8 हजार किलोमीटर का सफर तय करती है।

### ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौत, दोस्त घायल

**लखनऊ।** सरोजनी नगर में सोमवार शाम बेकाबू ट्रक ने एक बाइक सवार को रौंद दिया, जिससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार सरोजनी नगर के कंचन पुरी कॉलोनी में रहने वाला इरफान (34) डाला (लोडर वाहन) चलाता था। वह सोमवार शाम करीब 4.15 बजे आलमबाग में रहने वाले अपने साथी सर्वेश (30) के साथ बाइक से सरोजनी नगर के कंचनपुरी में ही रहने वाले अपने बहनोई के पास मिलने जा रहा था। कानपुर रोड पर एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे के पास पीछे से आ रहे ट्रक की टक्कर लगने से बाइक बेकाबू हो गई। इरफान ट्रक में फंस के नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि सर्वेश को मामूली चोट आई है। पुलिस ने गंभीर हालत में इरफान को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया।

### निर्विरोध अध्यक्ष बने कमलेश तिवारी व उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता

**लखनऊ।** राजधानी के मलिहाबाद के खडौहाँ जनता इंटर कालेज की प्रबंध समिति का चुनाव आज सोमवार को नियत प्राधिकृत नियंत्रक,सह विद्यालय निरीक्षक लखनऊ जय शंकर श्रीवास्त के द्वारा पूर्व निर्धारित चुनाव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराया गया। चुनाव शांति पूर्ण ढंग से थाना अध्यक्ष और अन्य पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ।इस दौरान चुनाव अधिकारी नें जनता इण्टर कालेज खड़ौहा मलिहाबाद की प्रबन्ध समिति के चुनाव में कमलेश कुमार तिवारी अध्यक्ष के निर्विरोध निर्वाचित होने की की घोषणा करते हुए उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता और प्रबंधक मिथिला बख्श तिवारी व उप मंत्री गया बख्श तिवारी व कोषाध्यक्ष मिथलेश कुमार शर्मा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।

# मादक पदार्थों की खुली बिक्री को रोकने के लिए कांग्रेस ने सीएम योगी को लिखा पत्र

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उप्र के शहरी क्षेत्रों एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में ड्रग्स एवं अन्य मादक पदार्थों की खुली बिक्री एवं इस्तेमाल की घटनाएं देखी जा रही हैं, जो चिन्तनीय और घातक हैं।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने इन घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए इन पर त्वरित कार्यवाही हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। श्री राय ने अपने पत्र में लिखा कि मादक पदार्थों की इस तरह खुलेआम बिक्री किसी भी सभ्य समाज के लिए निहायत शर्मनाक है। प्रदेश का नौजवान और गरीब तबका इसका सर्वाधिक शिकार हो रहा है। जिस नौजवान को प्रदेश के विकास में हिस्सेदार बनना है वह नशे की गिरफ्त में आकर अपना और प्रदेश का भविष्य खराब कर रहा है। गरीब तबका जो दिनभर मजदूरी और मेहनत करके किसी तरह इस महंगाई में अपने परिवार का पेट पाल रहा है वह भी इस नशे की गिरफ्त में आकर अपना परिवार तबाह कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी इस गंभीर मामले पर हस्तक्षेप कर तत्काल कठोर कार्यवाही करें ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को नशे के दलदल में जाने से बचाया जा सके।

### प्रदेशभर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पहली जनवरी से

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश सरकार द्वारा यूआई में 01 जनवरी से 31 जनवरी तक एक माह का राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जायेगा। प्रदेशभर में विभिन्न गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। शासन द्वारा जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, परिवहन विभाग आदि को निर्देश दिये गये हैं कि राज्य के सभी जिलों में जिलाधिकारी पुलिस आयुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए जिलावार लक्ष्य निर्धारित करते हुए सड़क दुर्घटना में मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने हेतु समेकित प्रयास किए जाए। सड़क दुर्घटनाओं में योगदान देने वाले सड़क इंजीनियरिंग कारकों जैसे कि अवैध मीडियन गैप, एक्सपोज्ड ऑबजेक्ट, जंक्शन पर ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स की स्थापना न होना, समुचित प्रकाश व्यवस्था न होना तथा स्कूल जोन चिन्हित कर आवश्यक सड़क सुरक्षा प्राविधान न होना आदि पर आवश्यक कार्यवाही किया जाना। राज्य की प्रमुख सड़कों के लिए राज्य इंजीनियरिंग कॉलेजों के माध्यम से सड़क इंजीनियरिंग ऑडिट कराया जाना। पुलिस परिवहन विभाग द्वारा शराब पीकर गाड़ी चलाने, तेज गति से गाड़ी चलाने, गलत दिशा में गाड़ी चलाने तथा विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों द्वारा सुरक्षा उपकरणों का उपयोग न करने के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस अभियान चलाया जाए। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के उपरान्त इस माह में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले जिलों को सम्मानित किया जाएगा।

**महाकुंभ** | **महाकुंभ-2025 के प्रचार-प्रसार के लिए यह दल प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों का करेगा भ्रमण**

# नेपाली टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स व इनफ्लूएंसर का दल आएगा यूपी

समृद्धि न्यूज




**बिजनेस-टू-बिजनेस बी-टू-बी मीटिंग के दौरान नेपाल व उत्तर प्रदेश के टूर-ट्रेवल ऑपरेटर्स को आपस में जानकारी साझा करने तथा पर्यटन प्रमोशन के बारे में विचार-विमर्श करने का मिलेगा मौका**

**लखनऊ।** महाकुंभ-2025 के प्रचार-प्रसार के लिए नेपाल से टूर-ट्रैवल ऑपरेटर्स व इन्फ्लूएंसर का 27 सदस्यीय दल उत्तर प्रदेश आ रहा है। यह दल प्रयागराज सहित प्रदेश के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेगा। यह फैम ट्रिप उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और नेपाल टूरिज्म बोर्ड द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की जा रही है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि नेपाल से आने वाला 27 सदस्यीय दल 08 से 14 जनवरी तक प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, मथुरा-वृंदावन, लखनऊ, सारनाथ, श्रावस्ती आदि स्थलों का भ्रमण करेगा। बिजनेस-टू-बिजनेस बी-टू-बी मीटिंग के दौरान नेपाल और उत्तर प्रदेश के टूर-ट्रेवल ऑपरेटर्स को आपस में जानकारी साझा करने तथा पर्यटन प्रमोशन के बारे में विचार-विमर्श करने का मौका मिलेगा। नेपाल और भारत की संस्कृति आपस में मेल खाती है। इसीलिए हम नेपाल से यह फैम ट्रिप आमंत्रित कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य महाकुंभ के संदर्भ और महत्ता को व्यापकता के साथ वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना है ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु पर्यटक इस महापर्व का हिस्सा बन सकें।

उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तीव्र गति से विकास करने वाला राज्य है। अभी हम घरेलू पर्यटन के मामले में पहले स्थान पर हैं। विदेश से आने वाले पर्यटकों के आगमन में भी यही उपलब्धि हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश के पर्यटन स्थलों का दुनियाभर में प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विभिन्न देशों के टूर-ट्रेवल ऑपरेटर्स सहित पर्यटन से जुड़े अन्य लोगों की फैम ट्रिप कराई जा रही है, ताकि वे यहां के आकर्षणों को देखें और अपनी आइटनरी में शामिल करें।

### महाकुम्भ मेला की सुरक्षा में 494 होमगार्ड्स हुए प्रशिक्षित

**प्रयागराज/लखनऊ।** तीर्थराज प्रयाग में लगने वाले ऐतिहासिक महाकुम्भ को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गोमतीनगर लखनऊ में प्रतिस्थापित 494 होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। सोमवार को आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण जनपद प्रयागराज के पुलिस लाइन झूंसी मेला परिक्षेत्र स्थित समर्पण प्रशिक्षण पण्डाल में हुआ। इस अवसर पर उन्नाव से 90, मीरजापुर से 122, प्रतापगढ़ से 99, बस्ती् से 61, जौनपुर से 16, भदोही से 40 एवं फतेहपुर से 66, इस प्रकार कुल 494 होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षु होमगार्ड्स स्वयंसेवको को डूबने की स्थिति में, भीड़ सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम, आपातकालीन स्थिति में, अग्निकांड की स्थिति में, भगदड़ की स्थिति में, शीतलहर की स्थिति में क्या करें, क्या न करें तथा प्राथमिक उपचार के सम्बंध में प्रशिक्षित किया गया। उक्त प्रशिक्षण व डेमो एनडीआरएमयू के प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया।

# विकास कार्यों में लापरवाही बरतने पर होगी कठोर कार्रवाई : आयुक्त

- मण्डलायुक्त ने की विकास कार्यक्रमों की मंडलीय समीक्षा
- विभागीय कार्यों में रुचि न दिखाने वाले अधिकारियों के खिलाफ डीएम करें कार्रवाई
- समीक्षा बैठकों में न पहुंचने वाले अधिकारियों पर हो सख्त कार्रवाई : आयुक्त



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

सोमवार को मण्डलायुक्त सभागार में आयुक्त, देवीपाटन ने मंडल में चल रहे विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने नवम्बर माह में मंडल में कराए गए विकास कार्यक्रमों की बारी-बारी से समीक्षा की। आयुक्त द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा, पीएम कुसुम योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, निराश्रित गोवंश, शादी अनुदान योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना, निराश्रित महिल पेंशन योजना तथा वृद्धावस्था पेंशन योजना सहित सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विकास सभी कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी।

बैठक के दौरान आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को जनपद स्तर पर विकास कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारियों द्वारा बताया गया कि जिन अधिकारियों के पास दो या तीन जिलों का अतिरिक्त प्रभार है वह अक्सर बैठकों में उपस्थित नहीं होते हैं, इस पर आयुक्त ने निर्देश दिए कि समीक्षा बैठक में सभी अधिकारी नियमित रूप से उपस्थित हो यदि किसी अधिकारी द्वारा बिना स्वीकृति के अनुपस्थित होते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने सभी जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसे लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को पत्र भेजा जाए, साथ ही मंडल स्तर पर भी अवगत कराया जाए।।

बैठक में बलरामपुर के जिलाधिकारी ने बताया कि बलरामपुर के पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव अक्सर बैठकों में गायब रहते हैं इस पर आयुक्त ने गहरी नाराजगी जताते हुए स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए।

आयुक्त ने टीबी मुक्त भारत अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। प्रत्येक व्यक्ति को इसके प्रति सचेत किया जाए। टीबी से ग्रसित व्यक्तियों के पहचान कर उनका समुचित उपचार कर उन्हें मुख्य धारा में वापस लाया जाए। उन्हें हर संभव मदद प्रदान की जाए, टीबी रोग से पूरे प्रदेश को मुक्त किया जाए। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों के नामांकन बढ़ाने तथा उन्हें बेहतर से बेहतर शिक्षा प्रदान कराए जाने को लेकर की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा की उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में बच्चे कम उपस्थित होते हैं वहां के शिक्षक को अच्छी ट्रेनिंग दी जाए साथ ही अभिभावकों से अनुरोध कर बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय का रोस्टर के अनुसार निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां पाए जाए उसको दूर कराया जाए

बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त देवीपाटन, वन संरक्षक देवीपाटन, जिलाधिकारी गोंडा, मुख्य विकास अधिकारी गोंडा, अपर निदेशक स्वास्थ्य, सभी विभागों के मंडलीय अधिकारीगण सहित अन्य जिलों के अधिकारी ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े रहे।

# आदर्श नगर पंचायत धानेपुर की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**धानेपुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

मिली जानकारी क़े अनुसार नगर पंचायत धानेपुर की बैठक दोपहर बारह बजे से शाम सात बजे तक हुई !जिसमे व्यवसाईक टैक्स लगाने का सुझाव आया जिसपर सभासदो ने आपत्ति किया। उचित टैक्स लगाने का सुझाव दिया। विकास के बारे मे कोई प्रस्ताव सभासदो ने नहीं दिया। तीन माह पूर्व दिये गये प्रस्ताव पर कोई काम नहीं होने की बात कही। अन्ययोजनाओं के बारे मे जानकारी दी गईं !सभी वार्डो मे विकास कार्य कराने की मांग किया। काम न होने से असंतुष्ट दिखे। अध्यक्ष उमा देवी मेहनोन विधायक विनय कुमार द्विवेदी सभासद शकील अहमद, पवनकुमार, मेलाराम, अखिल सिंह, भगवानदीन, नसीम अहमद अंसारी, सुशील सिंह, शुएब अहमद, अनवारूल हक आदि सभी मौजूद थे।

# भ्रष्टाचार के मामले में कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद अन्तर्गत भ्रष्टाचार मुक्त सरकार को मुंह चिढ़ाता ब्लाक पंडरी कृपाल में बिना कार्य करायें ही मनरेगा सहित अन्य योजनाओं का धन गबन करने का मामला।

हाल ही में गोन्डा जनपद के ब्लाक पंडरी कृपाल में तैनात वरिष्ठ सहायक बृजेश दूबे ने नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है जिसमें आरोपीयों को नामजद करते हुए लिखा की मनरेगा योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत-पण्डरी कृपाल द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 में कराये गये कार्यों की जांच में पाया गया शासकीय धनराशि का गबन एव कार्य से सम्बन्धित अभिलेख उपलब्ध न होने की दशा में उत्तरदायी अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के सम्बन्ध में।उपायुक्त श्रम-रोजगार गोण्डा खण्ड विकास अधिकारी/ कार्यक्रम अधिकारी-पण्डरीकृपाल (अतिरिक्त प्रभार) गोण्डा ने पत्र सं0-1025/ लेखा/ मनरेगा/ प्रसूरि-निर्देश/ 2024-25 दिनांक-24.12.2024 द्वारा जिलाधिकारी/ जिला कार्यक्रम समन्वयक गोण्डा के आदेश के क्रम में सम्बन्धित के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी/जिला कार्यक्रम समन्वयक गोण्डा के आदेश सं0-3305 दिनांक 03.12.2024 में उपायुक्त, स्वतः रोजगार गोण्डा की जांच आख्या दिनांक 06.07.2022 के अनुसार विकास खण्ड-पण्डरी कृपाल में क्षेत्र पंचायत द्वारा कराये गये कार्यों पर भुगतान की धनराशि के सापेक्ष मौके पर कम कार्य पाये जाने एवं कार्य की पत्रावली में समस्त आवश्यक अभिलेख/प्रपत्र बिना संरक्षित किये तथा सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर बगैर ही धनराशि का भुगतान कर शासकीय क्षति गबन/दुरुपयोग किये जाने के लिए हरिश्चन्द्र राम प्रजापति अति. प्रभा. खण्ड विकास अधिकारी/ कार्यक्रम अधिकारी-पण्डरी कृपाल अंगद सिंह कुशवाहा अवर अभियन्ता ग्रा.अभिवि गोण्डा रमेश कुमार अवर अभियन्ता लघु सिंचाई गोण्डा एवं सम्बन्धित लेखाकार के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर कृत कार्यवाही से अवगत कराना सुनिश्चित करे।जिसमे मुकदमा संख्या 0959/2024 दर्ज हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस भ्रष्टाचार के खेल में कई ग्राम पंचायतों में लाखों का खेल हुआ है जो कहीं न कहीं विभागीय अधिकारियों के कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है।जब योगी सरकार का यह दावा भी फेल होता दिखाई दे रहा है कि न खाऊंगा न खाने दूंगा।

# लेखपाल ने खननकर्ताओं पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में जहां जिलाधिकारी ने अवैध खनन को रोकने के सख्त निर्देश दिये है वहीं मनबढ़ खननकर्ता ने अवैध खनन कर डीएम को चुनौती देने का कार्य कर रहे हैं।इसी क्रम बीते दिनों खननकर्ताओं ने ग्राम खरगुचांदपुर में अवैध खनन को अंजाम दे रहे कि मौके पर लेखपाल ने पहुंच कर जानकारी करने की कोशिश की जिससे मनबढ़ खननकर्ताओ ने लेखपाल पर जानलेवा हमला कर सरकारी दस्तावेज फाड़ दिया। लेखपाल मान बहादुर वर्मा ने कोतवाली देहात में प्रार्थना पत्र देकर खननकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज करवाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हल्का लेखपाल ने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि प्रार्थना पत्रो के निस्तारण हेतु गया था रास्ते में अवैध खनन होने की सूचना मिली तो राजस्व निरीक्षक के साथ खनन वाले स्थान पर गया और जानकारी करने लगा तो सभी लोग ट्रैक्टर ट्राली लेकर भागने लगे।मौके पर अवैध खनन करने वालो में छोटकन, ननकुन, नाटे उर्फ शब्बीर, गुलफाम आदि ने प्रार्थी (लेखपाल) से गाली गलौज करते हुए कालर पकड़ कर धक्का दे दिया, नदी में डुबोकरमारने की धमकी दी। प्रार्थी लेखपाल मोबाइल से विडियो बनाकर साक्ष्य जुटाने की कोशिश की परन्तु दबंग खननकर्ताओं ने मोबाइल छीन लिया और सरकारी भू मानचित्र और बस्ते को फ़ाड़ दिया।इधर खननकर्ताओं का मनबढ़ होना कही न कही कानून और जिलाधिकारी को चुनौती देने की चर्चा हो रही है लोगों का कहना है कि अगर ऐसे मनबढ़ खननकर्ताओ पर कड़ी कार्यवाही नहीं हुई तो योगी सरकार और शासन प्रशासन पर सवालिया निशान उठने लगेगा। फिर हाल थाना प्रभारी कोतवाली देहात ने मीडिया को बताया की मुकदमा दर्ज कर लिया गया है कार्यवाही प्रचलित है।

# समस्त कर्मचारी अपने-अपने दायित्व का ईमानदारी से करें निर्वहन : बृजेश सिंह

- नव आगंतुक एडीओ पंचायत का कर्मचारियों ने किया स्वागत

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



विकासखंड कैसरगंज मुख्यालय पर नवआगंतुक सहायक विकास अधिकारी पंचायत बृजेश सिंह का सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष राजेश सिंह की अगुवाई में दर्जनों कर्मचारियों द्वारा उन्हें बुके देकर माल्यार्पण किया गया।

इस स्वागत समारोह में सहायक विकास अधिकारी पंचायत बृजेश सिंह ने उपस्थित कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा बताया कि समस्त कर्मचारी अपने-अपने दायित्व का निर्वहन करें। अपने कार्यों के प्रति सजग रहे, जिससे भी कोई समस्या ना आने पाए। कोई भी कठिन समस्याएं अगर आती है तो कार्यालय आकर अवगत कराए ।

इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव हनुमत सिंह, ग्राम पंचायत सचिव सौजन्य मिश्रा, सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष राजेश सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, हरीश कुमार, नियाज अहमद, सुधीर कुमार मौर्य, रिजवान सिद्दीकी, मृत्युंजय सिंह, राजेश कुमार, विनोद कुमार यादव, रिजवान अंसारी, सज्जन लाल, तिलक राम रामराज पांडे ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रवि सिंह ब्लॉक कोऑर्डिनेटर रितेश जायसवाल कंप्यूटर ऑपरेटर शैलेंद्र कुमार मिश्रा सहित समस्त न्याय पंचायत के प्रभारी व कर्मचारियों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया।

## खबरें एक नजर में

### प्रोबेशन व सीडब्ल्यूसी के कर्मियों को छह माह से नहीं मिला वेतन, अध्यक्ष ने निदेशक को लिखा पत्र




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले में स्थित प्रोबेशन और सीडब्ल्यूसी विभाग को छह माह से वेतन नहीं मिला रहा है। जिसके चलते विभाग के 20 कर्मचारियों की परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। इसके लिए पत्राचार भी किया गया है, लेकिन कर्मचारियों के साथ अधिकारियों को सफलता नहीं मिल रही है। सभी बिना वेतन के काम करने को विवश हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली पर्व से पूर्व सभी सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने के निर्देश दिए थे। लेकिन प्रोबेशन विभाग और सरकार द्वारा संचालित सीडब्ल्यूसी विभाग को दिवाली तो छोड़िए, इससे पहले का वेतन नहीं मिला है। जिससे लगभग 20 कर्मचारियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वेतन न मिलने से कर्मचारियों के घर का बजट भी गड़बड़ हो गया है। वेतन कर्मचारियों को समय से मिले, इसके लिए निदेशालय महिला कल्याण की निदेशक संदीप कौर ने प्रदेश के सभी जिलों के जिला परिवीक्षा अधिकारी/आहरण वितरण अधिकारी को पत्र भेजकर वेतन दिलवाने के निर्देश दिए थे। लेकिन इस पत्र पर जिले के किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक समेत अन्य कर्मचारियों का लगभग छह माह से अधिक का वेतन बकाया हो गया है। बिना वेतन के इन कर्मचारियों का खर्च कैसे चलता होगा, सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने बताया कि प्रोबेशन विभाग और सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष समेत अन्य कर्मचारियों का वेतन कुछ तकनीकी कारणों से नहीं आया है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही सभी को वेतन मिल जाएगा। फाइल पर हस्ताक्षर भी सभी का लगभग हो गया है।

### पीड़ित ने लगाया आरोप, देहात कोतवाल ने तहरीर बदलवाकर दर्ज कराई प्राथमिकी



**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** जनपद में अपराधियों के मनोबल कम होने का नाम नहीं ले रहा है आए दिन कहीं न कहीं मनबढ़ अपराधिक घटनाएं सुर्खियों में रहती है। हाल ही में मामला प्रकाश में आया है। दयाशंकर नामक पीड़ित का आरोप है कि थाना कोतवाली देहात अन्तर्गत ग्राम नरौरा अर्जुन खिरौरा मोहन का रहने वाला है वहीं के प्रधान प्रतिनिधि ने उसकी दुकान पर जबरन अवैध तरीके से ताला लगा रखा है जबकि दुकान पीड़ित के नाम खसरा आदि में दर्ज है। इसी को लेकर राम किशुन मिश्रा, विकास मिश्रा सहित कई लोग हमलावर होकर बन्दूक के बट और धारदार हथियारों से धावा बोल दिया जिससे पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया यही नहीं पीड़ित दयाशंकर का आरोप है कि थाने में उसकी लिखी तहरीर को भी बदलवा दिया गया है तब मुकदमा लिखा गया। पीड़ित घायल का यह भी आरोप है कि आरोपियो द्वारा फायर भी किया गया जिसको सुन कर ग्रामीण दौड़े जिससे पीड़ित की जान बची। फिरहाल पीड़ित दयाशंकर का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात में मुकदमा संख्या 0552/2024 दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है।

# चरस के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार, डेढ़ करोड़ की चरस बरामद

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- रुपईडीहा चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान एसएसबी व पुलिस की टीम ने किया गिरफ्तार

भारत नेपाल सीमा पर स्थित रुपईडीहा चेक पोस्ट पर एसएसबी व रुपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से करोड़ों रुपए कीमत की चरस बरामद हुई है मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने तस्कर को जेल भेज दिया है।

रुपईडीहा थाना प्रभारी दद्दन सिंह व एसएसबी की टीम संयुक्त चेकिंग कर रही थी तभी एक बाइक सवार युवक नेपाल से भारत सीमा में प्रवेश कर रहा था। चेकिंग देख वो भागने लगा इसके बाद संयुक्त टीम ने उसे घेर कर पकड़ लिया तलाशी में उसके पास से 5 किलो 900 ग्राम चरस बरामद हुई। इसके बाद टीम ने उसे गिरफ्तार कर बरामद चरस को सीख कर दिया अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक नेपाली युवक को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया है। इसके पास से डेढ़ करोड़ रुपए कीमत की चरस बरामद हुई है। युवक के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

एसएसबी की 42वीं बटालियन के कार्यवाहक सेनानायक राज रंजन ने बताया कि एसएसबी और पुलिस के एक संयुक्त दल ने खुफिया सूचना पर रविवार दोपहर बाद रुपईडीहा सीमा पर संयुक्त गश्त की।

उन्होंने बताया कि इस दौरान सीमा स्तंभ संख्या 651/05 के पास नेपाल से भारत की ओर मोटरसाइकिल से आ रहे एक नेपाली युवक को रोककर उसकी तलाशी ली गयी तो उसके पास से लगभग छह किलोग्राम चरस बरामद हुई। रंजन के अनुसार बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बतायी जाती है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए तस्कर की पहचान नेपाल निवासी 26 वर्षीय ज्ञान मान हरिजन के रूप में की गयी है। शुरुआती पूछताछ में उसने बताया कि उसने चरस की यह खेप नेपालगंज के जानकी गांव में लंगड़ा और महेश से प्राप्त की थी। उसे यह चरस बहराइच के रूपईडीहा स्थित बाबागंज कस्बे में एक किराना दुकानदार विष्णु शाह को देनी थी।

रंजन के अनुसार पकड़े गये तस्कर व उससे बरामद मादक पदार्थ को सील करके रूपईडीहा पुलिस के सुपुर्द किया गया है। उप सेनानायक दिलीप कुमार ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि नेपाली युवक के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत रविवार को रुपईडीहा थाने में मामला दर्ज किया गया।

## जिले के किसानों के लिए खुशखबरी

# स्वामी रामदेव हर साल खरीदेंगे 50 हजार टन हल्दी



- डीएम ने जनपद के किसानों की आय वृद्धि बढ़ाने का किया एक और प्रयास
- जिले के किसानों को हल्दी से मिलेगी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिले के किसानों के सर्वांगीण विकास के लिये जिलाधिकारी मोनिका रानी निरन्तर प्रयास कर रही है। डीएम के प्रयासों से जिले में 86 कृषक उत्पादक संगठन गठित कराये गये हैं साथ ही प्रत्येक माह एफपीओं की बैठक करके उनके द्वारा किये जा रहे प्रयासों में और सुधार लाने तथा जिले के किसानों की आय वृद्धि बढ़ाने के दृष्टिगत 28 दिसम्बर 2024 को बाबा रामदेव की पतंजलि कंपनी के साथ हरिद्वार में जनपद बहराइच के 03 एफपीओ प्रत्यूष बायोएनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, ग्राम गंगापुर मिहींपुरवा की निदेशक पुष्पा सिंह, वीरांगना लक्ष्मी बाई महिला किसान निर्माता कंपनी लिमिटेड ग्राम जरही मिहींपुरवा की निदेशक मंजू देवी एवं सीएससी राज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड, ग्राम गंगापुर मिहींपुरवा के निदेशक अखिलेश कुमार सिंह के साथ हल्दी उत्पादन तथा विपणन का एमओयू किया गया। इस अवसर पर बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, डीएम मोनिका रानी, उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही, सीएससी राज किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड मिहीपुरवा के निदेशक अखिलेश सिंह उपस्थित रहे।

### उत्पादन करने वाले किसानों को प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि मिहिंपुरवा जनपद बहराइच का क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों, उपजाऊ भूमि और अनुकूल जलवायु से समृद्ध है। जो कृषि के लिये एक आदर्श स्थान बनाता है। इस क्षेत्र में हल्दी, जिमीकन्द और हरी सब्जियों की खेती बहुतायत क्षेत्र में की जाती है। सब्जियों के उत्पादन एवं विपणन का कार्य क्षेत्रीय किसानों द्वारा किया जा रहा है, परन्तु इस क्षेत्र में हजारों किसान हल्दी की खेती कर रहे है परन्तु उन्हें उनका वाजिब मूल्य नहीं मिल रहा है। पंजाब हरियाणा आदि प्रदेशों के व्यापारी यहां के किसानों से सरते मूल्य पर हल्दी का कम कर रहे है। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि जनपद के किसानों की आय बढ़ाने के दृष्टिगत प्रति वर्ष 20 से 25 टन प्रति हे. के हिसाब से लगभग 2000 हे. क्षेत्रफल में 45-50 हजार टन हल्दी के विक्रय/विपणन बाबा रामदेव की कंपनी से कराया गया है जिसका लाभ जिले के किसानों को होगा। डीएम ने बताया कि हल्दी का उत्पादन करने वाले किसानों को प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था की जा रही है।उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही ने बताया कि उपरोक्त गठित कराये गये एफपीओ में 1880 पुरुष किसान तथा 976 महिला किसानों द्वारा समूह में हल्दी उत्पादन से जुड़े हुए है। इसी प्रकार यहां की भूमि में 150 हे. में जिमीकन्द की योती की जा रही है जिसमें 30-35 टन प्रति हे. कुल 5250 टन जिमीकन्द का उत्पादन हो रहा है जिसकी स्थानीय और राष्ट्रीय बाजारों में मांग अधिक है।

# शीतकालीन अवकाश के सदुपयोग के लिए बच्चो को दिया जाय गृहकार्य : दिनेश कुमार



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर के बैठक सभागार में जनपद के अकादमिक टीम की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डाइट पयागपुर के प्राचार्य दिनेश कुमार ने की। डायट प्राचार्य ने कहा कि सभी 210 विद्यालयों का निपुण आकलन माह दिसम्बर में हो गया हैं अब शेष विद्यालयों का आकलन फ़रवरी माह में होगा। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य दिनेश कुमार ने कहा की सभी शिक्षक 31 दिसम्बर से 14 जनवरी तक होने वाले शीत कालीन अवकाश के बच्चो के सदुपयोग के लिए गृह कार्य तथा दीक्षा ऐप से घर पर पढ़ाई का कार्य जरूर दिया जाय। निपुण विद्यालय बनाने के लिए आज से ही जुट जाएं जिससे निश्चित समय के अंदर निपुण जिला घोषित किया जा सके। जिसमें सभी शिक्षकों के सहयोग की आवश्यकता है। निपुण विद्यालय बनाने के लिए निर्धारित समय के अंदर पाठ्य पुस्तक का कोर्स पूर्ण करे, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शत प्रतिशत सहयोगत्मक पर्यवेक्षण, निपुण लक्ष्य तथा दीक्षा एप का प्रयोग हर हाल मे किया जाय। समीक्षा बैठक का संचालन एसआरजी सुधीर मेहरोत्रा ने किया। समीक्षा बैठक मे खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा, एआरपी राजेश कुमार मिश्रा, विजय, पवन, आशीष, अमित, प्रीति श्रीवास्तव, डाइट मेटर रमेश कुमार,ममता यादव, दशरथ यादव, इश्तियाक अहमद, गोविंद किशोर, रामपाल वर्मा कार्यालय लिपिक सलीम अहमद अंसारी, अब्दुल रहमान, संदीप अरविन्द, आदि विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के अपमान पर गृहमंत्री दें इस्तीफा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** जिला कौंसिल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री सिद्धनाथ श्रीवास्तव की अगुवाई में सोमवार को पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के अपमान को लेकर गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की। जिला मंत्री ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने संसद बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर का नाम बार बार लेकर अपमान किया है। इस तरह किसी महापुरुष का अपमान करना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि देश के गृह मंत्री को बयान पर माफी मांगना चाहिए, लेकिन अभी तक उन्होंने माफी नहीं मांगा है। ऐसे में उन्हें गृह मंत्री के पद से इस्तीफा देना चाहिए। प्रदर्शन के बाद सभी ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को दिया।

# शीतलहर से बचाव को अलाव का सहारा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



- जिले में टेंपरेचर 16 डिग्री पहुंचा

जिले में सोमवार को अचानक चली तेज हवाओं और शीतलहरी ने ठंड बढ़ा दी, जिससे जनजीवन प्रभावित हो गया तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। प्रशासन ने ठंड से बचाव के लिए अलाव और रैन बसेरो की व्यवस्था की है। साथ ही एडवाइजरी जारी कर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सोमवार को तेज हवाओं के साथ शीतलहर ने पूरे जिले को अपनी चपेट में ले लिया दोपहर का तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि हवाओं की रफ्तार करीब 15 किलोमीटर प्रति घंटा रही। छावनी चौराहा समेत शहर के अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नगर पालिका ने अलाव जलवाए जहां लोग ठंड से राहत पाने के लिए इकट्ठा हुए।

### रैन बसेरों की व्यवस्था

नगर पालिका ने जिला अस्पताल समेत कई प्रमुख स्थानों पर रैन बसेरों की व्यवस्था की है ताकि जरूरतमंद लोग ठंड से बच सके। अलाव और रैन बसेरो की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि लोगों को ठंड से राहत दी जा सके। शीतलहर के कारण बाजारों में लोगों की हलचल कम रही सड़कों पर वाहन और पैदल यात्री भी कम नजर आए। ठंड का असर खास कर छोटे बच्चों और बुजुर्गों पर ज्यादा देखा जा रहा है।

### प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

जिला प्रशासन ने शीत लहर को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। इसमें बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को शीत लहर के दौरान घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। साथ ही ऊनी कपड़े पहने और गर्म पेय पदार्थ का सेवन करने की बात कही गई है।

# फार्मर रजिस्ट्री कार्य संतोषजनक न होने पर डीएम ने सीएससी संचालकों को लगाई फटकार

- शिथिल कार्य करने वाले कार्मिकों को भी दी चेतावनी
- एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित प्रगति न होने पर की जायेगी कठोर कार्रवाई : डीएम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत पीएम-किसान के लाभार्थियों सहित जनपद के समस्त भूमिधर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने सम्बंधी कार्यो की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने संतोष जनक प्रगति न पाये जाने पर सीएचसी के जिला प्रबन्धक तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए एक सप्ताह के अन्दर अपेक्षित सुधार लाये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में जिले के समस्त नायब तहसीलदार, राजस्व लेखपाल तथा राजस्व निरीक्षकों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने में रूचि न लेने के कारण अत्यन्त कम प्रगति पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही ने जिलाधिकारी को बताया कि फार्मर रजिस्ट्री एप में कतिपय तकनीकी कमियों के कारण कुछ किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। डीएम ने निर्देश दिया कि देसरे लेखपालों की अपेक्षा में कम फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने वाले लेखपालों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाय।डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि 500 से 600 फार्मर रजिस्ट्री तैयार कर रहे राजस्व लेखपाल दूसरे लेखपालों को भी प्रेरित करें। तहसीलवार समीक्षा के दौरान तहसील पयागपुर की प्रगति सबसे कम पाये जाने पर डीएम ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए एसडीएम पयागपुर को निर्देश दिया कि शीघ्र से शीघ्र प्रगति में सुधार लायें अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही की जायेगी। जिले में अवस्थित जनसेवा केन्द्रों की समीक्षा के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सीएससी प्रतिदिन कम से कम 10 फार्मर रजिस्ट्री तैयार करें। जन सेवा केन्द्र के जिला प्रबन्धक आशुतोष पाण्डेय को निर्देश दिया गया कि प्रतिदिन फार्मर रजिस्ट्री कार्य की समीक्षा करें तथा अच्छा कार्य न करने वाली सीएससी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए की गई कार्यवाही से अवगत करायें। डीएम ने कहा कि जो सीएससी कार्य नहीं कर रहीं है उन्हें तत्काल बन्द करने की कार्यवाही की जाय। डीएम ने सभी सम्बिन्धत को निर्देश दिया कि फार्मर रजिस्ट्री सहायक ऐप के एक्टिव रहने की अवधि में अधिकाधिक फार्मर रजिस्ट्री का पूर्ण किया जाय।फार्मर रजिस्ट्री कार्य में सबसे खराब प्रगति वाले तहसील व ब्लाकों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि ब्लाक हुज़ूरपुर की प्रगति सबसे खराब है। डीएम ने सम्बन्धित कार्मिकों को अन्ति अवसर प्रदान करते हुए निर्देश दिया कि जल्द से जल्द प्रगति में सुधार लायें अन्यथा की स्थिति में कठोर कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

# बढ़ती ठंड में अच्छे ढंग से की जाए गोवंशों की देखरेखः एसडीएम

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए गौशालाओं में गोवंशों की देखभाल अच्छे ढंग से की जाए यह उद्गार एसडीएम सचिन यादव बैठक में व्यक्त कर रहे थे। तहसील क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित गौशालाओं को लेकर उप जिलाधिकारी सचिन यादव बेहद संजीदा हैं और गौवंशो के रख रखाव को लेकर लगातार गौशालाओं का निरीक्षण करने के साथ ही खामियां मिलने पर जिम्मेदारों पर नकेल भी कस रहें हैं। उसी क्रम में एसडीएम सचिन यादव द्वारा सोमवार को अपने कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें शिवगढ़ बछरावां के बीडीओ और एडीओ सहकारिता महराजगंज के आलावा सभी पशु चिकित्सक एवं तहसील क्षेत्र के अंतर्गत संचालित सभी तीस गौशालाओं के पंचायत सचिवों मौजूद रहे। इस दरम्यान एसडीएम ने कहा कि गौशालाओं में गौवंशो के रख रखाव में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए ठंड को लेकर आलाव जलवाए जाएं तिरपाल से खुली जगह को ढक कर रखा जाए जिससे ठंड मे हवा न लगने पाए छोटे गौवंशों को बोरा आदि ओढ़ाकर रखें हरे चारा के साथ भूसा खिलाया जाए चिकित्सक नियमित गौवंशो की सेहत पर नजर रखें। एसडीएम ने उपस्थित सभी से साफ शब्दों में कहा कि यदि कहीं भी लापरवाही पाई गई तो कतई बख्शा नहीं जाएगा कार्रवाई की जाएगी।



## कार ने बाइकसवारों को मारी टक्कर, तीन गंभीर

**बछरावा रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनियंत्रित एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। एनएच आई की एम्बुलेंस के द्वारा उन्हें इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया है। घायल बाइक सवार बबलू पुत्र रामपाल उम्र 22 वर्ष निवासी गुरदीन खेड़ा मजरे कुण्डौली एवं छविनाथ पुत्र सुखदीन उम्र 31 वर्ष व उमाशंकर पुत्र सोनेलाल उम्र 28 वर्ष निवासी उपरोक्त अपनी बाइक से बछरावां से चुरुवा की ओर जा रहे थे, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग पर नीमटीकर गांव के पास रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही से आ रही है तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। चिकित्सक ने बबलू को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पावर हाउस बना जंग का अखाड़ा, एक संविदाकर्मी लाइनमैन ने दूसरे को मार कर किया घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत महाराजगंज रोड पर स्थित विद्युत उपकेंद्र बछरावां सोमवार को उसे समय जंग का अखाड़ा बन गया जब एक संविदा कर्मी लाइनमैन ने दूसरे संविदा कर्मी लाइनमैन को लाठी से मार कर घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें की घायल लाइन मैन रोहित कुमार जो बछरावां में लाइनमैन के पद पर संविदा कर्मी के रूप में तैनात है। वही सेंहगो फीडर में संविदा कर्मी के पद पर तैनात लाइनमैन लालमणि से उसकी विद्युत उपकेंद्र पर किसी बात को लेकर बहस हो गई। जिसके बाद लालमणि ने ताव में आकर रोहित के ऊपर लाठी से हमला कर दिया। जिससे रोहित के सिर पर गंभीर रूप से चोटे आई हैं। वही हमला करने के बाद हमलावर लाइनमैन लालमणि मौके से फरार हो गया। घायल अवस्था में लाइन मैन रोहित को अन्य विद्युत कर्मियों की सहायता से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य के बछरावां पहुंचाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।वहीं घायल लाइनमैन रोहित ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर व लोडर की भिड़ंत में चालक घायल

**सूची सलोन, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** ट्रैक्टर व लोडर में जोरदार टक्कर हो गई।जिससे लोडर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस की मदद से चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना सलोन कोतवाली क्षेत्र के सूची चौराहा के पास की हैं। जहां ट्रैक्टर ट्रॉली और लोडर में जोरदार भिड़ंत हो गई। इससे लोडर छतिग्रस्त हो गया। वही लोडर चालक रितेश पुत्र राम पदारथ निवासी गढ़ी फस गया। स्थानीय लोगों व पुलिस ने कडी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला। गंभीर हालत में एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य सलोन पहुंचाया। जहां हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया डबल डेकर बस सवारियों को लेकर खड़ी थी। इसी के चलते दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। दोनों पक्षों ने आपस में सुलह समझौता कर लिया।



### इंस्टीट्यूशन द्वारा बांटे गए 100 कंबल

**महराजगंज, रायबरेली।** गुरुकुल ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन की तरफ से कंबल वितरण का जो कार्यक्रम अनवरत चल रहा है। उस कार्यक्रम के तहत सोमवार को अलीपुर ग्राम सभा के मांझिगांवा जांगलिन, पहाडग़ंज, गऊघाट आदि गांव में विद्यालय परिवार द्वारा 100 जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किए गएद्य जिससे सभी के चेहरे खिल उठे और उन्होंने कहा कि जितना ठंडी बढ़ रही है उतना ही बड़ा दिल दिखा रहे हैं गुरुकुल वाले।



### महावीर स्टडी स्टेट्स में बीत रहे वर्ष को दिया गया सम्मान और आने वाले साल का किया गया स्वागत

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज मे नव वर्ष 2025 की पूर्व संध्या पर अवकाश होने के कारण बच्चों ने बीत रहे वर्ष का सम्मान तथा नववर्ष 2025 का हर्षोल्लास से स्वागत किया। विदुषी शिक्षिका मंजू सिंह तथा नीरू ने बच्चों का भरपूर मनोरंजन से साथ नववर्ष का स्वागत किया। कीर्तिवर्धन सिंह ने बच्चों को प्यार के साथ उपहार दिया। तथा सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बच्चों, अभिभावकों, क्षेत्रीय, जनता, सम्मानित विद्वतजन, निर्भीक पत्रकारों तथा महावीर स्टडी इस्टेट परिवार से सभी कार्मिक तथा सम्मानित अध्यापकों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजीव मिश्रा, सरिता मिश्रा, शालिनी सिंह, सुरेंद्र प्रजापति, नेहा सिंह, अमरेंद्र प्रजापति, गोमती आदि उपस्थित रहे।



### महाकुंभ में ड्यूटी के लिए 100 होमगार्ड को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** महाकुंभ प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे जनपद के 100 होमगार्ड को राज्य परिवहन निगम की 03 बस से डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाकुंभ ड्यूटी में लगे सभी होमगार्ड अपने कर्तव्यों का अच्छे से निर्वहन करेंगे। इस दौरान जिला कमांडेंट शिवेंद्र प्रताप सिंह, मनीराम भार्गव, प्लाटून कमांडर रामपाल मिश्र, बाबूराम पांडे व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### विष्णु प्रताप गुप्ता बने भाजपा मंडल अध्यक्ष, लोगों ने दी बधाई

**सादुल्लानगर(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। विष्णु प्रताप गुप्ता को भाजपा सादुल्लानगर का नया मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने की, जिन्होंने संगठन में उनके लंबे योगदान और सक्रिय भूमिका की सराहना की। विष्णु प्रताप गुप्ता ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा मैं भाजपा नेतृत्व का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया। मैं पार्टी के आदर्शों और सिद्धांतों को और आगे ले जाने का संकल्प लेता हूं। मेरी प्राथमिकता क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करना और जनता की समस्याओं का समाधान करना रहेगा। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इस मौके पर गुप्ता का जोरदार स्वागत किया। उनकी नियुक्ति से पार्टी के स्थानीय स्तर पर और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है। विशुनु गुप्ता की कार्यशैली और समर्पण को देखते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संगठित होकर काम करने का आह्वान किया और आगामी चुनावों में जीत सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा की। यह नियुक्ति भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को और प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि यूपी सिंह, विजय गुप्ता, हनुमान प्रसाद, बजरंगी गुप्ता, दीपचंद जायसवाल, अखिलेश मिश्रा, पुरषोत्तम निषाद, जगप्रसाद, प्रमोद, भगवान पूजन पटेल, सुनील, राम मूरत आदि लोगों ने मिल कर बधाई दी।



# सड़क पर मकान निर्माण के लिए मसाला बनाना पड़ा महंगा, दबंगों ने चलाये ईंट और पत्थर

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सड़क पर दबंगों ने रास्ते का हवाला देकर ईट और पत्थर से हमला कर दिया हमले में करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए जिसमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। मारपीट की घटना दिनांक 29 दिसंबर रविवार शाम 6 बजे की है। घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। जिसमें घायल दिव्यांग पति-पत्नी की हालत गंभीर बताई गई है। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। विदित हो कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नया पुरवा मजरे सेहगो पूरब गांव में मकान निर्माण के लिए सड़क पर सीमेंट का मसाला बनाना पीड़ित को महंगा पड़ गया। दबंगों के द्वारा रास्ते का हवाला देते हुए लाठी, डंडे, व पत्थरों से मारपीट कर पीड़ित परिवार के सदस्यों को घायल कर दिया गया। इस घटना में लगभग आधा दर्शन से अधिक लोग घायल हुए हैं। पीड़ित सुमन पत्नी रामपाल ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया है कि बीते रविवार की शाम जब उसके घर पर मकान निर्माण के दौरान लिनंटर ढलाई का काम चल रहा था। तभी रास्ते में आने-जाने को लेकर प्रतिपक्षीगण रामदीन पुत्र श्री किसन, नीरज पुत्र रामदीन, आशा देवी पत्नी रामदीन, बेचालाल पुत्र संतु, सरोज पुत्र शिवराम, मोतीलाल पुत्र शिवराम, अभीराम पुत्र शिवराम, रूपलाल पुत्र श्री राम आदि निवासी ग्राम नया पुरवा मजरे सेहगो पूरब गांव के द्वारा लोहे की राड, लाठी डंडे, ईट व पत्थर लेकर प्रार्थिनी के घर पर हमला कर दिया गया और भद्दी भद्दी गालियाँ देते हुए फौजदारी व मारपीट पर आमादा हो गए। उन्होंने पूरे परिवार को बुरी तरह मारा पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। तत्पश्चात प्रार्थिनी ने डायन 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 घायलों को थाने लेकर आई। इसके पश्चात प्रार्थिनी ने उपरोक्त प्रतिपक्षी गणों के खिलाफ स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। तत्पश्चात स्थानीय पुलिस द्वारा घायलों को मेडिकल एवं इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इस बाबत थाना प्रभारी ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना तहरीर के माध्यम से प्राप्त हुई है। तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुराने जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, एक पक्ष से युवती घायल

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जमीनी विवाद को लेकर मारपीट में एक पक्ष की दो महिलाओं के द्वारा दूसरे पक्ष से युवती को पीट कर घायल कर दिया गया, जिसका इलाज अस्पताल में किया गया है। घटना सोमवार दोपहर की है जब बछरावां थाना क्षेत्र की थुलेडी चौकी के अंतर्गत ग्राम रामपुर सरैया की निवासिनी रोशनी पुत्री रामपाल उम्र 18 वर्ष को जमीनी विवाद में दूसरे पक्ष से दो महिलाओं ने मारपीट कर घायल कर दिया। जानकारी प्राप्त हुई है, कि विगत दिनों से जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में आपसी बातचीत एवं लगातार लड़ाई झगड़ा चल रहा था। घटना मे राजरानी स्वर्गीय हीरालाल उम्र लगभग 55 वर्ष एवं जावित्री पत्नी रामबरन उम्र लगभग 45 वर्ष दोनों महिलाएं घर पर मौजूद थी तथा दूसरी तरफ घर में एक युवती रोशनी पुत्री रामपाल मौजूद थी।

किसी बात को लेकर गाली गलौज होने लगी, गाली गलौज के बाद दोनों महिलाओं ने घर में अकेली युवती को देखकर उसे मारना और पीटना शुरू कर दिया। युवती की चीख पुकार पर आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर मारपीट को बंद कराया। तथा पीड़ित रोशनी के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस के द्वारा उसे बछरावां सीएचसी पहुंचाया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है, तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# सहन व सरकारी जमीन पर हो रहा अवैध निर्माण

**महराजगंज रायबरेली**, समृद्धि न्यूज़।

अनिल कुमार पुत्र स्वर्गवासी मोतीलाल निवासी पुरे रानी मंज़रे चंदापुर तहसील महराजगंज जिला रायबरेली ने न्याय एवं विधि मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश जिला अधिकारी रायबरेली पुलिस अधीक्षक रायबरेली वन अधिकारी रायबरेली को जहां ऑनलाइन और स्पीड पोस्ट से शिकायत की। तो वही महराजगंज एसडीएम सचिन यादव को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थी के पैतृक मकान बगल व सहन भूमि पर वन्य जीव एवं पर्यावरण तथा पशु पंछी संरक्षण औषधीय जड़ी बूटी वाटिका के तहत प्रार्थी के स्वर्गीय पिता मोतीलाल के जीवन काल से जीवन यापन कर रहा है। किंतु आज दिनांक 29 12 2024 दिन रविवार लगभग दोपहर 1:00 बजे गांव के कुछ दबंग स्वर्ण कुमार पुत्र सुखराम सुखराम पुत्र लक्ष्मण सुख कली पत्नी सुखराम मीना पत्नी रज्जन सजन पुत्री सुखराम सहित लगभग आधा दर्जन अज्ञात लोग फावड़ा तथा कुल्हाड़ी लाठी डंडा काटन ठेकेदार सहित आए तथा वृक्षों को काटने लगे तथा भवन निर्माण हेतु गड्ढा खुदाई चालू कर दी प्रार्थी ने जब रोका तो फावड़ा व लाठी लेकर मरने दौड़ने दौड़े प्रार्थी को गंदी-गंदी गाली दी और कहा कि तुम्हें जान से मार डालेंगे। जबकि उक्त भूमि पर उप जिला अधिकारी द्वारा विपक्षियों को किसी तरह का हस्तक्षेप करने से मना किया गया था। प्रार्थी अनिल कुमार ने बताया कि सहन व बगल की भूमि में कुछ हिस्से सरकारी है जिस पर भू माफिया द्वारा अवैध निर्माण किया जा रहा है प्रार्थी ने रोकने का प्रयास किया पर विपक्षी जबरजस्ती दबंगई के साथ निर्माण कर कर रहे हैं। प्रार्थी के नाबालिक पुत्र जो मोबाइल से फोटो खींच रहा था अभी विपक्षी श्रवण कुमार ने प्रार्थी के पुत्र का गला घोट कर मारने का प्रयास किया तथा मोबाइल तोड़ दिया। अनिल कुमार ने उच्च अधिकारियों सहित एसडीएम से न्याय की गुहार लगाई।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के जिलाध्यक्ष मोहम्मद खलील शाह ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार को सौंपा। ज्ञापन में किसानों की लंबित मांगों को पूरा करने और उनकी समस्याओं के समाधान की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि केंद्र सरकार ने तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के बाद प्रधानमंत्री ने 2020-21 में एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) को कानूनी दर्जा देने, स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू करने, और बिजली संशोधन विधेयक 2020 को वापस लेने का आश्वासन दिया था। हालांकि, चार वर्ष बीतने के बावजूद इन वादों पर कार्रवाई नहीं की गई है। इसी को लेकर किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल 13 फरवरी 2024 से आंदोलन कर रहे हैं और 31 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं, लेकिन सरकार ने अब तक उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया। किसानों की मुख्य मांगों में गन्ना मूल्य का बकाया भुगतान शामिल है। 2023-24 का गन्ना भुगतान अभी तक लंबित है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है और वे भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। इसके अतिरिक्त, चीनी मिलों पर धर्म कांटे की तौल को मान्यता न देने और किसानों के साथ मनमानी करने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में आग्रह किया गया है कि इन समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए और किसानों के साथ न्याय सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर कई किसान नेता और सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें बच्छराज वर्मा, बड़े लाल पाण्डेय, अशोक कुमार दूबे, हरिद्वार यादव, राम उजागर वर्मा, विनय कुमार पांडेय और सुकरू प्रसाद प्रमुख रूप से शामिल थे। ज्ञापन में किसानों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को शीघ्रता से पूरा नहीं किया गया, तो आंदोलन को और व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा।

# एकमुश्त समाधान योजनाः कैंप का आयोजन किया गया

**सादुल्लानगर/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 लागू होते हीं समस्त विद्युत उपभोक्ताओं के लिये उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. द्वारा बकायेदार विद्युत उपभोक्ताओं के लिए विलम्बित भुगतान अधिभार में छूट देने के लिए दिनांक 30 दिसम्बर, 2024 से एकमुश्त समाधान योजना का केम्प विद्युत उपकेंद्र अचलपुर चौधरी पावर हाउस के गूमा फातमाजोत मे किया गया। सोमवार को कैंप लगाकर बिजली बकायदारों का एक मुश्त समाधान में पंजीकरण कर बकाया भुगतान कराया गया। राजकुमार यादव एसडीओ रेहरा बजार ने बिजली बकायादारों का पंजीकरण कराकर एक मुश्त समाधान योजना का सभी लोग लाभ ले। एकमुश्त समाधान योजना के प्रचार-प्रसार के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उपभोक्ताओं को जागरूक करने की अपील करते हुए उनके बकाया बिल जमा करवाने का अनुरोध किया। राजकुमार यादव एसडीओ रेहरा बजार, बृजनंदन यादव जेई अचलपुर चौधरी व अन्य बिजली कर्मचारियों द्वारा लोगों को सरकार की बिजली बिल बकायेदारो के लिए एक मुश्त समाधान योजना के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा की 30 सितंबर 2024 तक के बकाए पर ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। योजना को तीन चरणों में घरेलू वाणिज्य व नलकूप सभी प्रकार के उपभोक्ताओं के लिए लागू किया गया है। जिसमें पहले चरण में एक मुश्त बकाया जमा करने पर घरेलू के ब्याज में 100 प्रतिशत की छूट, दूसरे चरण में 80 प्रतिशत व तीसरे चरण में ब्याज में 70 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। जबकि बकायदारों को किस्तों में भी पैसा जमा करने की सुविधा दी जाएगी, लेकिन उसमें ब्याज की राशि पर कम छूट का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जायेगा। बिजली विभाग के राजकुमार यादव एसडीओ रेहरा बजार ने बताया कि लोगों को कस्बे में लाउडस्पीकर से मनादी कराकर भी जागरूक किया जायेगा। एसडीओ ने बताया कि कस्बे में चौराहों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर योजना के पोस्टर लगाये जा रहे । व लोगों को योजना के बारे में जागरूक करने के लिए पम्पलेट भी बाटे जा रहे हैं। एक मुश्त समाधान योजना कैंप सादुल्लनगर मे विभाग के कर्मचारी एवं लाभार्थी उपभोक्ता मौजूद रहे।

# आधार कार्ड पंजीकरण में अव्यवस्था पर सभासदों में रोष

▸ **जिला प्रशासन से समाधान की मांग**

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



तहसील क्षेत्र में आधार कार्ड बनवाने की प्रक्रिया में फैली अव्यवस्थाओं के कारण आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर नगर पालिका परिषद उतरौला के सभासदों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आधार कार्ड प्रक्रिया में सुधार की मांग करते हुए आम जनता को राहत प्रदान करने की अपील की गई है।

सभासदों ने आरोप लगाया कि आधार पंजीकरण केंद्रों पर भीड़भाड़ और धीमी प्रक्रिया के कारण लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। सुबह 10:00 बजे से दोपहर 4:00 बजे तक केंद्रों पर काम होता है, लेकिन पंजीकरण की गति अत्यधिक धीमी है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, जिससे उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि स्कूल जाने वाले बच्चों का समय बर्बाद हो रहा है। आधार कार्ड पंजीकरण के लिए उन्हें स्कूल छोड़कर घंटों लाइन में लगना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। कई बार पंजीकरण प्रक्रिया में त्रुटियां होने के कारण लोगों को बार-बार केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे उनकी समस्याएं और बढ़ जाती हैं। सभासदों ने यह भी उल्लेख किया कि आधार कार्ड में सुधार कार्य के लिए केंद्र सुबह 8:00 बजे से रात 8:00 बजे तक चालू रहते हैं, लेकिन इस दौरान भी अव्यवस्था का माहौल है। लोगों को अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी व्यक्तियों को अधिक परेशानी होती है। नगर पालिका परिषद के सभासद सिराजुद्दीन और दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने ज्ञापन में आधार पंजीकरण प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति और व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को तत्काल प्रभाव से इस मुद्दे पर कदम उठाते हुए जनता को राहत प्रदान करनी चाहिए। सभासदों ने आग्रह किया है कि आधार पंजीकरण केंद्रों पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई जाए और प्रक्रिया को तेज और व्यवस्थित बनाया जाए। इसके अलावा, स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के लिए प्राथमिकता सेवा उपलब्ध कराने की भी मांग की गई है। यदि इस समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो सभासदों ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि आम जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। यह ज्ञापन जिला प्रशासन के लिए एक चेतावनी और आम जनता के लिए राहत की उम्मीद के रूप में देखा जा रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पर कितना जल्दी और प्रभावी कदम उठाता है।

# परिवहन निगम से संबंधित समस्याओं पर लोकतंत्र सेनानी ने सौंपा ज्ञापन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उतरौला तहसील क्षेत्र में परिवहन निगम से संबंधित विभिन्न समस्याओं को लेकर लोकतंत्र सेनानी चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन निगम देवी पाटन मंडल गोंडा, अरविंद कुमार को एक ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार को भी प्रस्तुत किया गया है, जिसमें क्षेत्र के लोगों को राहत देने के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गई हैं।

ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुंभ मेले के दौरान प्रयागराज में सात हजार बसों के संचालन की योजना बनाई गई है, लेकिन उतरौला क्षेत्र से एक भी बस नहीं चल रही है। इस पर चिंता जताते हुए चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम से उतरौला से कम से कम पांच बसों का संचालन शुरू करने की मांग की है। उन्हें विश्वास है कि उतरौला क्षेत्र में बढ़ते यात्री दबाव और परिवहन

▸ **चौधरी इरशाद ने ज्ञापन में क्षेत्र के लोगों को राहत देने के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखी**

की आवश्यकता को देखते हुए बसों की संख्या में इजाफा किया जाना चाहिए। साथ ही, उन्होंने उतरौला बस स्टेशन को बस डिपो और कार्यशाला के रूप में विकसित करने की पुरानी मांग को दोहराया है। यह मांग क्षेत्र के यात्री और स्थानीय निवासियों की लंबे समय से रही है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि उतरौला से सादुल्ला नगर और तुलसीपुर देवी पाटन मंदिर तक परिवहन निगम की बसों का संचालन शुरू किया जाए। इससे न सिर्फ यात्रियों को सहुलत मिलेगी, बल्कि धार्मिक और पर्यटन स्थल तक पहुंच भी आसान हो जाएगी। इसके अलावा, उतरौला से जनपद मुख्यालय बलरामपुर के लिए हर घंटे एक बस चलाने की मांग की गई है, ताकि क्षेत्र के लोग आसानी से बलरामपुर पहुंच सकें। साथ ही, डुमरियागंज, बांसी और बस्ती जैसे प्रमुख शहरों के लिए भी बसों का संचालन बढ़ाने की आवश्यकता जताई गई है। चौधरी इरशाद अहमद गद्दी ने उतरौला स्थित श्यामाप्रसाद मुखर्जी चौराहे पर परिवहन निगम की बसों के रुकने की जगह के पास एक यात्री आश्रय स्थल (शेल्टर) बनाने की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यात्रियों को प्रतिकूल मौसम में खुले में खड़ा रहना पड़ता है, जो उनकी परेशानी को बढ़ाता है। इस शेल्टर का निर्माण यात्रियों के लिए आवश्यक राहत प्रदान करेगा, खासकर उन यात्रियों के लिए जो अप डाउन ट्रिप के आधार पर यात्रा करते हैं। लोकतंत्र सेनानी ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया कि इस क्षेत्र में परिवहन सेवाओं की समस्याओं का समाधान समय रहते किया जाए, ताकि यात्रियों को कोई असुविधा न हो और वे आसानी से अपनी यात्रा कर सकें। उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक और उपजिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान निकाला जाए और यात्रियों के हित में उचित कदम उठाए जाएं।

# राष्ट्रीय खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन हेतु नियमित आयोजित हों खेल प्रतियोगिताएंः जिलाधिकारी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

खेलों इंडिया इव फिट इंडिया के तहत एमएलके पीजी कॉलेज में संचालित ऑल इंडिया प्राइस मनी हॉकी टूर्नामेंट के समापन पर मुख्य अतिथि डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा फाइनल मैच में सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेलों इंडिया एवं फिट इंडिया के तहत जनपद में विभिन्न खेलों एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किए जाने हेतु परिषदीय विद्यालयों, इंटर कॉलेजों में विकास खंड स्तर एवं जनपद स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। एमएलके कॉलेज में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता से खिलाड़ी प्रोत्साहित होगे एवं राष्ट्रीय खेल हॉकी के प्रति लोगों के मन में भी उत्साह बढ़ेगा। इस अवसर पर लेफ्टि कर्नल आरके मोहता, प्राचार्य एमएलके पीजी कॉलेज व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



# साइबर क्राइम का शिकंजा

देश में साइबर अपराधों में लगातार आ रही तेजी सरकार और आम जनता की चिंता का सबब बनी हुई है। हालांकि सरकार के नियामक संगठन और खुफिया एजेंसियां लगातार सक्रिय हैं लेकिन अपराधी अपराध के नये-नये तौर-तरीकों से अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में लगे हैं। यद्यपि, यह संकट विश्वव्यापी है, लेकिन देश में डिजिटलीकरण के प्रयासों के बाद इन अपराधों में तेजी आई है। इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर के इस माह के शुरुआत में आए आंकड़ों में बताया गया कि इस साल सितंबर तक देश में साइबर धोखाधड़ी से 11,333 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। चौंकाने वाली बात यह है कि इस दौरान स्टॉक ट्रेडिंग घोटालों में सर्वाधिक सवा दो लाख शिकायतें आईं और करीब साढ़े चार हजार करोड़ का नुकसान बताया गया। यह बताता है कि देश में साइबर अपराध का जाल कितना दायरा बढ़ा चुका है। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय की साइबर अपराधों पर नजर रखने वाली एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार देश में नवंबर तक साइबर धोखाधड़ी की बारह लाख शिकायतें आईं, जिनमें से 45 फीसदी मामलों को म्यांमार, लाओस व कंबोडिया आदि से अंजाम दिया गया। इस तरह ऑनलाइन वित्तीय सेवाओं में साइबर सेंधमारा का मकड़जाल लगातार उपभोक्ताओं की मुसीबतों का सबब बन रहा है। मोबाइल स्पाइवेयर भी एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं, जो उपभोक्ताओं की आवश्यक गुप्त रूप से जानकारियां चुरा लेते हैं। जिसके सहारे वित्तीय फ्रॉड को अंजाम दिया जाता है। हाल के दिनों में साइबर अपराधों में नया तरीका डिजिटल अरेस्ट जुड़ गया है, जिसके जरिये देश की वित्तीय नियामक एजेंसियों व पुलिस के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये वसूले जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि साइबर हमलों के अलावा ऑनलाइन फ्रॉड और सेक्सटार्शन के मामले भी सामने आ रहे हैं। साथ ही डाटा चोरी, रैनसमवेयर, ऑनलाइन घृणा फैलाने, साइबर बुलिंग तथा नागरिक सेवाओं व अस्पतालों पर हमले के मामले सामने आते रहते हैं। इसमें शत्रु देशों की तरफ से देश की अर्थव्यवस्था व आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी शामिल होती है। विडंबना यह है कि देश में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये अलग से कड़ा कानून नहीं है। दूसरी ओर आईटी एक्ट में संशोधन कर लाए गए प्रावधान इन साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। साइबर अपराधों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिये केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए साइबर को-ऑर्डिनेशन सेंटर को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने की जरूरत है, जिसने पिछले दिनों दक्षिण पूर्व एशिया से सक्रिय साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में पहल की थी। निःसंदेह, इस संकट के मुकाबले के लिये जहां सरकारों को सख्त कानून बनाने की जरूरत है, वहीं नागरिकों को इन अपराधों से बचने के लिये जागरूक करने की जरूरत है। जिसमें केंद्र व राज्य स्तर पर साइबर नियंत्रक पुलिस बल की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है।

# नए वर्ष में भारत के विकास की असीम संभावनाएं

**2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने के संभावित परिणामों की बात करें तो कृषि उत्पादन में वृद्धि से देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। भारत कृषि उत्पादों का निर्यात करके भारी विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकता है। हालांकि, कुछ चुनौतियां भी हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता होगी जैसे, छोटे किसानों को नई तकनीकों और बाजारों तक पहुंच प्रदान करना महत्वपूर्ण है। भूमि और जल संसाधनों का संरक्षण करना आवश्यक है, ताकि कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाया जा सके। इन चुनौतियों का समाधान करके भारत 2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगा सकता है और एक मजबूत और टिकाऊ कृषि प्रणाली विकसित कर सकता है। शिक्षा के लिए भी 2025 बेहद अहम हो सकता है। सरकार ने हाल ही में एक नई शिक्षा नीति शुरू की है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में सुधार करना है। यह नीति कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, और अनुसंधान पर केंद्रित है। 2025 तक, नई शिक्षा नीति से शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। ऑनलाइन शिक्षा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, ऑनलाइन शिक्षा और अधिक सुलभ और किफायती होने की उम्मीद है।**

**डॉ. आर. के. सिन्हा**

भारत के लिए नूतन वर्ष 2025 कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियों का बड़ा तोहफ़ा देने वाला साल साबित हो सकता है। भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था की तरफ लंबी छलांग लगा सकता है। सॉफ्टवेयर और आईटी सेवाएं देने में भी हम सारे संसार का नेतृत्व करने की स्थिति में पहुंच सकते हैं। इसी तरह भारत विश्व भर के पर्यटकों के लिए एक सुरक्षित और सस्ता आकर्षण का केंद्र भी बन सकता है जहाँ पर्यटकों की रुचि के तमाम केंद्र, हर तरह के ख़ानपान, स्थानीय कुटीर उद्योगों के उत्पाद और गाइड के रूप में अच्छे पढ़े-लिखे बढ़िया अंग्रेज़ी जानने बोलने वाले विद्यमान है, जो एक साथ मुश्किल से ही किसी एक देश में मिल सकते हैं। इनके अलावा भी बहुत सारे क्षेत्रों में हमारे लिए आगे बढ़ने का अनुपम अवसर बन रहे हैं। अब इस बात से सारी दुनिया वाकिफ हो चुकी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था डिजिटल होती जा रही है। इस लिहाज से भारत सरकार बेहद गंभीर भी है। इसके तहत ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी, डिजिटल साक्षरता और ई-गवर्नेंस को बढ़ावा दिया जा रहा है और आवश्यक संसाधन तेजी से विकसित किये जा रहे हैं। 2025 तक भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या में भारी वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा, और डिजिटल वित्तीय सेवाओं जैसे क्षेत्रों में तेजी आएगी।

भारत में ई-कॉमर्स का बाजार भी तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक इसके और भी अधिक परिपक्व होने की उम्मीद है, जिसमें ऑनलाइन खरीदारी, डिजिटल भुगतान और लॉजिस्टिक्स में भी पर्याप्त सुधार होगा। डिजिटल भुगतान को भी सरकारी स्तर पर पर्याप्त बढ़ावा दिया जा रहा है। 2025 तक भारत में डिजिटल लेनदेन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। भारत में 5जी तकनीक के प्रयोग में तेजी से विस्तार हो रहा है। 2025 तक, इसका व्यापक रूप से उपयोग होने लगेगा इसकी उम्मीद है, जो तेज रफ्तार से इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। डिजिटल परिवर्तन के साथ, साइबर सुरक्षा भी महत्वपूर्ण हो गई है। 2025 तक, भारत इस क्षेत्र में और अधिक मजबूत हो सकता है, जो डेटा सुरक्षा और साइबर अपराधों को रोकने में मदद करेगा। इसके साथ ही, भारत दुनिया के सबसे बड़े सॉफ्टवेयर विकास और निर्यात केंद्रों में एक बड़ा और मजबूत केंद्र बनकर खड़ा हो चुका है। 2025 तक, यह क्षेत्र और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है, जो विदेशी मुद्रा कमाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत में क्लाउड कंप्यूटिंग का उपयोग बढ़ रहा है। 2025 तक, कई संगठन क्लाउड-आधारित समाधानों को अपनाएंगे, जो लचीलापन और कम लागत पर असीमित दक्षता प्रदान करेंगे। नए साल में, डेटा एनालिटिक्स में कुशल पेशेवरों की मांग बढ़ेगी, जो व्यापारिक निर्णय लेने में मदद करेंगे।



आप मानकर चल सकते हैं कि नूतन साल में आईटी पेशेवरों की संख्या बढ़ती ही रहेगी। 2025 तक यह क्षेत्र और अधिक कुशल और प्रशिक्षित पेशेवरों को आकर्षित कर सकता है। सरकार और निजी क्षेत्र दोनों ही कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। 2025 तक, यह प्रयास युवाओं को नए आईटी कौशल सीखने और रोजगार के लिए तैयार करने में मदद कर सकते हैं।

अब मेक इन इंडिया की बात। यह पहल भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने पर केंद्रित है। सरकार विदेशी निवेश को आकर्षित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीतियां बना रही है। 2025 तक, भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स, और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आने की उम्मीद है। रक्षा विनिर्माण में भी सरकार आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दे रही है। घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। 2025 तक भारत रक्षा उपकरणों का एक प्रमुख निर्यातक बनने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। नितिन गड़करी के नेतृत्व में भारत सरकार सड़कों, रेलवे, बंदरगाहों, और हवाई अड्डों जैसे परिवहन बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक देश में बेहतर परिवहन कनेक्टिविटी होगी, जिससे व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों, जैसे सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा, के विकास पर जोर दे रहा है। सरकार का लक्ष्य 2025 तक ऊर्जा सुरक्षा हासिल करना और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना है। भारत में शहरीकरण भी तेजी से हो रहा है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत, सरकार शहरों को अधिक रहने योग्य और कुशल बनाने के लिए काम कर रही है। 2025 तक, स्मार्ट शहरों में बेहतर बुनियादी ढांचे, जल आपूर्ति, स्वच्छता, और सार्वजनिक परिवहन जैसी सुविधाएं होंगी। आयुष्मान भारत योजना देश के लाखों लोगों को स्वास्थ्य बीमा कवरेज प्रदान करती है। सरकार स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और सभी के लिए सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। 2025 तक, भारत में स्वास्थ्य सेवा में सुधार की उम्मीद है, जिसमें बेहतर अस्पताल, डॉक्टरों और दवाओं की पहुंच शामिल है। भारत में कृषि क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ रहा है। ड्रोन, सेंसर, और डेटा एनालिटिक्स जैसी तकनीकों से किसानों को फसल उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने में मदद मिल रही है। 2025 तक, कृषि क्षेत्र में अधिक डिजिटलीकरण होने की उम्मीद है। भारत में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में तेजी से विकास हो रहा है। यह क्षेत्र किसानों के लिए आय बढ़ाने और खाद्य अपशिष्ट को कम करने में मदद कर सकता है। 2025 तक, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में और अधिक निवेश की उम्मीद है। उम्मीद है कि इस साल सेंसर, ड्रोन और जीपीएस जैसी तकनीकों का उपयोग करके किसान अब मिट्टी, पानी और उर्वरक का अधिक कुशलता से उपयोग करले लगेगे। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म किसानों को बाजार, मौसम की जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण संसाधनों से तो जोड़ ही रहे हैं। सरकार कृषि अनुसंधान और विकास में निवेश कर रही है, जिससे नई फसलें, बेहतर कृषि तकनीकें और कीट नियंत्रण के नए तरीके विकसित हो रहे हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से उत्तम और कम लागत वाली पारंपरिक अन्नों पर जोर देकर मोदी सरकार ने छोटे किसानों के लिए दूरगामी योजना तैयार की है। यह अबतक का दुर्भाग्य ही रहा है कि हमारी सभी पूर्ववर्ती सरकारों का ध्यान सिंचित भूमि की कृषि पर ही रहा है, जो पिछले 75 वर्षों में और लाखों करोड़ रुपये का व्यय करने और बाँधो और परियोजनाओं के निर्माण में लाखों एकड़ भूमि बर्बाद करने के बाद भी हम मुश्किल से 30-35 प्रतिशत भूमि ही सिंचित कर पाए हैं। प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए बरसात पर निर्भर पारंपरिक अन्नों, दलहन और तिलहन की खेती करने वाले छोटे और मध्यम वर्ग के किसानों की चिंता हमने की ही कहाँ? अब आशा करनी चाहिए कि सतत अनुसंधानों और पारंपरिक फसलों के उत्पादन पर सरकार का ध्यान जाने से किसानों को लाभ होगा। साथ ही मिलेट्स का निर्यात बढ़ेगा और उपभोक्ताओ के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। 2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने के संभावित परिणामों की बात करें तो कृषि उत्पादन में वृद्धि से देश में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित होगी। किसानों की आय में वृद्धि से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। कृषि क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। भारत कृषि उत्पादों का निर्यात करके भारी विदेशी मुद्रा अर्जित कर सकता है। हालांकि, कुछ चुनौतियां भी हैं जिनका समाधान करने की आवश्यकता होगी जैसे, छोटे किसानों को नई तकनीकों और बाजारों तक पहुंच प्रदान करना महत्वपूर्ण है। भूमि और जल संसाधनों का संरक्षण करना आवश्यक है, ताकि कृषि उत्पादन को टिकाऊ बनाया जा सके। इन चुनौतियों का समाधान करके भारत 2025 में कृषि क्षेत्र में लंबी छलांग लगा सकता है और एक मजबूत और टिकाऊ कृषि प्रणाली विकसित कर सकता है। शिक्षा के लिए भी 2025 बेहद अहम हो सकता है। सरकार ने हाल ही में एक नई शिक्षा नीति शुरू की है, जिसका उद्देश्य शिक्षा प्रणाली में सुधार करना है। यह नीति कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, और अनुसंधान पर केंद्रित है। 2025 तक, नई शिक्षा नीति से शिक्षा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आने की उम्मीद है। ऑनलाइन शिक्षा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। 2025 तक, ऑनलाइन शिक्षा और अधिक सुलभ और किफायती होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि भारत 2025 तक एक आर्थिक महाशक्ति बनने की राह पर है। डिजिटल अर्थव्यवस्था, विनिर्माण, बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवा, कृषि, और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रगति से देश के विकास को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, सरकार को अभी भी गरीबी, असमानता और पर्यावरणीय चुनौतियों जैसी कई समस्याओं का समाधान करना बाकी है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

## विचार

# भावनात्मक अतिरेक का शिकार बनता देश

यूं तो कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब हमारे देश में धार्मिक विद्वेष और घृणा का कोई मामला सामने न आता हो। पूरे साल भर अल्पसंख्यकों - खास तौर से मुसलमानों के खिलाफएक अभियान सा चलता रहता है लेकिन साल खत्म होते-होते नफरती जमात का रुख ईसाई समुदाय की तरफहो जाता है।

इस समुदाय के त्यौहार वैसे ही गिने-चुने होते हैं, फिर भी हर मुमकिन कोशिश की जाती है कि वह उन्हें शांति से न मना पाये। क्रिसमस के आसपास ऐसी कोशिशें बहुत खुलकर और तेज होती दिखाई देती हैं। हाल ही में पलक्कड़ में एक स्कूल में बच्चों को क्रिसमस मनाने से रोका गया और शिक्षकों के साथ बदसलूकी की गई। अहमदाबाद के एक स्कूल में क्रिसमस ट्री समेत त्योहार की सारी साज-सज्जा हटवा दी गई।

आगरा में सांता क्लॉज मुर्दाबाद के नारे लगाये गये और उसका पुतला जलाया गया। गुजरात में सांता क्लॉज की पोशाक पहनकर लोगों को उपहार बांट रहे शख्स को यह कहकर पीटा गया कि यह हिन्दुओं का इलाका है, यहां ये सब नहीं चलेगा। इंदौर में एक डिलीवरी बॉय की सांता क्लॉज की पोशाक उतरवा ली गई। उससे कहा गया कि जब हिन्दू त्योहारों पर तुम किसी देवी-देवता जैसी पोशाक नहीं पहनते हो तो क्रिसमस पर क्यों। लखनऊ में भीड़ ने चर्च के सामने हरे रामा-हरे कृष्णा गाते हुए उछल-कूद की। इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वे तमाम तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, जिनमें वे पादरियों के बीच खड़े हुए हैं या जीसस के शिशु प्रतिरूप के सामने सर नवा रहे हैं। जाहिर है कि ये तस्वीरें अपने आप नहीं आई होंगी। हमेशा की तरह एक बड़ी कैमरा टीम प्रधानमंत्री के साथ रही होगी, जिसने अलग-अलग कोण से उनकी तस्वीरें ली होंगी। उन्होंने एक्स पर क्रिसमस की शुभकामनाओं का सन्देश भी प्रसारित किया, जिसमें उन्होंने कहा कि श्प्रभु ईसा मसीह की शिक्षाएं सभी को शांति और समृद्धि का मार्ग दिखाएं। उनसे पूछा जाना चाहिए कि इस सभी में धर्म के नाम पर बवाल खड़ा करने वाले उनके भक्त भी शामिल हैं या नहीं या फिर ये हाथी के दांत वाला मामला है!

**डॉ. अम्बेडकर ने भी धर्म आधारित राष्ट्र की मांग पर कहा था, कि अगर हिंदू राष्ट्र बन जाता है तो बेशक इस देश के लिए एक भारी खतरा उत्पन्न हो जायेगा। हिन्दू कुछ भी कहें, पर हिन्दुत्व स्वतंत्रता, बराबरी और भाईचारे के लिए एक खतरा है। वह लोकतंत्र के लिये अनुपयुक्त है। हिन्दू राज को हर कीमत पर रोका जाना चाहिये। पटेल और अम्बेडकर - दोनों के ये कथन आज सच होते नजर आ रहे हैं। अनेकता में एकता और गंगा-जमुनी तहजीब जैसी हमारी विशेषताएं दफ़्न होने को हैं और इनके लिये आवाज उठाने वाले मानो तलवारों की जद में हैं। हमारे संविधान द्वारा हमें दी गई धार्मिक स्वतंत्रता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन संविधान को अपना एकमात्र धर्मग्रंथ बताने वाले चुप हैं। कितना दुखद है ये देखना कि जो देश सदियों से अपने मूल्यों और सिद्धांतों के लिये जाना जाता रहा है, वह बहुत तेजी से भावनात्मक अतिरेक का शिकार बनता जा रहा है।**

जानकारों का मानना है कि पश्चिमी देशों को दिखाने के लिए ऐसे प्रपंच रचे जाते हैं। लेकिन पश्चिमी देश इतने मासूम तो नहीं कि इस दिखावे की हकीकत न समझते हों। अगर ऐसा होता तो वे अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट में भारत की आलोचना नहीं करते और न ही भारत को शर्मिन्दा होना पड़ता। ऐसी आलोचनाओं का जवाब देने की भी उसे जरूरत होती। जो देश लोकतंत्र की जननी और दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति होने जैसे दावे करता है, उस पर दुनिया की नजरें बनी ही रहती हैं। अभी-अभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखिया डॉ. मोहन भागवत ने भी ये कहा कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर की तलाश बंद होनी चाहिये।

काश, वे यह भी कहते कि दूसरे धर्मों के आराधना स्थलों और शिक्षा संस्थानों पर आये दिन किया जाने वाला हुड़दंग बंद होना चाहिये। हिंदुत्व के नाम पर उपद्रव करने वालों को ये अहसास नहीं है कि करोड़ों भारतीय - जिनमें ज्यादातर हिन्दू ही हैं, पढ़ाई, रोजगार या फिर कारोबार के लिये विदेशों में रह रहे हैं, उन पर ऐसी बेजा हरकतों का क्या असर हो सकता है। बांग्लादेश का ताजा उदाहरण हमारे सामने है, जहां हिन्दुओं पर अत्याचार को लेकर काफी शोर मचाया गया, विरोध प्रदर्शन किया गया। इस सबके बावजूद मोदी सरकार चुप रही क्योंकि वह अपना नैतिक अधिकार खो चुकी है। बांग्लादेश में इस्कॉन पर हुए हमलों पर भी आक्रोश जताया गया, लेकिन इसी संस्था से जुड़े लोग अपने ही देश में चर्च के सामने बेहूदगी दिखा रहे हैं। क्या यह माना जाये कि बांग्लादेश में जो कुछ हुआ, उसकी कुंठा भारत में इस तरह निकाली जा रही है? एक राष्ट्र और समाज के तौर पर दुनिया में हमारी छवि कैसी बन रही है, इस बात से बेपरवाह धर्म के ठेकेदार देश के भीतर गृह युद्ध की नौबत लाने पर उतारू हैं। हालांकि इस बार क्रिसमस पर कुछ मजेदार चीजें भी देखने को मिलीं जैसे जिंगल बेल...जिंगल बेल...को कहीं कव्वाली और कहीं पंजाबी रैप की शैली में गाया जाना, कहीं गायत्री मंत्र तो कहीं ओम जय जगदीश हरे की तर्ज पर जिंगल बेल गाकर सांता बने बच्चे की आरती उतारना। आर्टिफिशिअल इंटेलिजेंस के जरिये दुनिया की मशहूर हस्तियों को त्योहारी वेशभूषा में एक-दूसरे के साथ बैठे हुए बताना, या फिर भारत के नेताओं को अपनी भाषा,अपनी शैली में कैरोल गाते हुए दिखाना। इतना ही नहीं, भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप यानी लड्डू गोपाल का भी सांता क्लॉज जैसा श्रृंगार करना। गनीमत है कि इन चीजों से भावनाएं आहत होने की कोई खबर अब तक नहीं आई है। दरअसल, त्योहार होते ही इसलिए हैं कि इंसान अपनी रोजमर्रा की भागदौड़ से कुछ राहत पाये, आनंद और उल्लास का अनुभव करे और खुशियां बांटे। ईद हो या बैसाखी, दीवाली हो या क्रिसमस - सारे त्योहार मिलजुल कर ही मनाने की हमारी रवायत रही है। लेकिन अब लगभग हर त्योहार पर सामूहिक मूर्खता और पागलपन के नजारे देखने को मिलते हैं। सरदार पटेल ने कहा था कि शिन्दू राज एक पागलपन से भरा खयाल है और ये हिन्दुस्तान की आत्मा को खत्म कर देगा।

डॉ. अम्बेडकर ने भी धर्म आधारित राष्ट्र की मांग पर कहा था, कि अगर हिंदू राष्ट्र बन जाता है तो बेशक इस देश के लिए एक भारी खतरा उत्पन्न हो जायेगा। हिन्दू कुछ भी कहें, पर हिन्दुत्व स्वतंत्रता, बराबरी और भाईचारे के लिए एक खतरा है। वह लोकतंत्र के लिये अनुपयुक्त है। हिन्दू राज को हर कीमत पर रोका जाना चाहिये। पटेल और अम्बेडकर - दोनों के ये कथन आज सच होते नजर आ रहे हैं। अनेकता में एकता और गंगा-जमुनी तहजीब जैसी हमारी विशेषताएं दफ़्न होने को हैं और इनके लिये आवाज उठाने वाले मानो तलवारों की जद में हैं। हमारे संविधान द्वारा हमें दी गई धार्मिक स्वतंत्रता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन संविधान को अपना एकमात्र धर्मग्रंथ बताने वाले चुप हैं। कितना दुखद है ये देखना कि जो देश सदियों से अपने मूल्यों और सिद्धांतों के लिये जाना जाता रहा है, वह बहुत तेजी से भावनात्मक अतिरेक का शिकार बनता जा रहा है। कहा नहीं जा सकता कि ये सिलसिला कब, कैसे और कहां जाकर रुकेगा।

## साहित्य



### आधुनिक

**अलका 'सोनी'**

आधुनिक हूँ
मैं सोच से अपनी
यह मानती हूं
पहनावे से नहीं
आती किसी में
नवीनता
सजाना पड़े साज़
बाहरी या अलंकार कोई
फिर है कैसा यह
नयापन
तोड़ रूढ़ियाँ बढ़े
रुग्ण सोच की तो
कहलाए
अर्वाचीन नवीन
मांजे विचार
व्यवहार को
नूतनता से हो
सजा कर्म जिसका
अग्रसर हो नव्य
दिशा की ओर
लाये हमेशा एक उजास
और नई भोर
भय को छोड़।



# राशिफल

**मेषः**- प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषः**- किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मिथुनः**- नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः**- काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः**- नई घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कन्याः**- कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**तुलाः**- भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बनें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिकः**- किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें। आलस्य त्यागें।

**धनुः**- संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः**- कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभः**- अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मीनः**- थोड़ा संयमी व धैर्यवान बनें। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति के लिए प्रयत्न तीव्र होगा।

# कांग्रेस को भारी पड़ेगी डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक पर ओछी राजनीति

*विकास सक्सेना*

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 92 साल की आयु में दुखद निधन हो गया। सामान्यतः ऐसे समय में परिजनों और नजदीकी लोगों की प्राथमिकता होती है कि मृतक को सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी जाए। इस सामान्य शिष्टाचार और नैतिकता को दरकिनार कर कांग्रेस और उसके कई सहयोगी दलों ने मनमोहन सिह के स्मारक को लेकर राजनीति शुरू कर दी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पत्र का जवाब देते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया है कि डॉ. मनमोहन सिंह का स्मारक बनाया जाएगा। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता सरकार पर डॉ. मनमोहन सिंह के अपमान के आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तो सोशल मीडिया पर इसे सिखों के अपमान से जोड़ दिया। इस तरह एक बार फिर स्तरहीन राजनीति करके कांग्रेस ने कई पुरानी घटनाओं की याद ताजा कर दी है। अगर सियासी नजरिए से देखा जाए तो इसका भी कांग्रेस को कोई लाभ अपेक्षा नुकसान होने की संभावना ज्यादा दिख रही है।

देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के बाद कांग्रेस के बड़े नेताओं में शोक से ज्यादा आक्रामकता का भाव दिखाई दे रहा है। उनके निधन के तुरन्त बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए यमुना के किनारे जगह देने और उनका समाधि स्थल बनाने के मांग की थी। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष को बता दिया था कि वे चाहते हैं कि डॉ. मनमोहन सिह जी का स्मारक बनाया जाए लेकिन इसके लिए भूमि के आवंटन और ट्रस्ट बनाने आदि की औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी। इसलिए पहले उनका सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कर दिया जाए। मल्लिकार्जुन खड़गे उनकी बात से सहमत हो गए इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी और उनकी सरकार पर आरोप लगाने का कोई भी अवसर न छोड़ने की जिद ठाने बैठे नेता इस दुखद घटना का राजनैतिक लाभ उठाने के प्रयास में जुट गए। ऐसा लगता है कि हमारे देश के कुछ नेता प्राकृतिक आपदा, आतंकी हमला, महिलाओं से बलात्कार और यहां तक कि अपने नेता के निधन को भी राजनैतिक अवसर के तौर पर देखने लगे हैं। यह जानते हुए भी कि जगह की कमी को देखते हुए दिवंगत राष्ट्रीय नेताओं के अलग-अलग स्मारक बनाने पर मनमोहन सिंह की सरकार ने ही रोक रोक लगाई थी, इस पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे हैं। दरअसल 16 मई 2013 को शहरी विकास मंत्रालय की ओर से एक नोट जारी किया गया था।

इस नोट में कहा गया था कि संप्रग सरकार की केबिनेट ने जगह की कमी को देखते हुए राजघाट पर 'राष्ट्रीय स्मृति स्थल' के नाम से साझा स्मारक स्थल बनाने का फैसला किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करके मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार कराकर सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अपमान किया है। उन्होंने इसे सिख धर्म से जोड़ते हुए यहां तक कहा कि वह देश के पहले सिख प्रधानमंत्री थे। लेकिन इन दोनों ही विषयों को उठाकर राहुल गांधी ने एक बार फिर खुद को कटघरे में खड़ा कर लिया है। मनमोहन सिंह का राहुल गांधी कितना सम्मान करते थे ये लोगों ने उस समय देखा जब उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान सरकार के अध्यादेश को फाड़कर फेंक दिया था। दरअसल, न्यायालय से सजा प्राप्त व्यक्ति की संसद सदस्यता समाप्त करने के उच्चतम न्यायालय के आदेश को निष्प्रभावी करने के लिए मनमोहन सिंह की सरकार ने वर्ष 2013 में अध्यादेश जारी किया था। कांग्रेस के मीडिया और संचार प्रमुख अजय माकन प्रेस क्लब में अपनी नियमित प्रेस वार्ता में पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे और इस अध्यादेश पर सरकार का बचाव कर रहे थे। इसी दौरान राहुल गांधी नाटकीय अंदाज में वहां आते है। अपने लगभग दस मिनट के संबोधन में वे इस अध्यादेश को 'बकवास' बताते हुए कहते हैं कि 'इसे फाड़कर फेंक देना चाहिए।'

इसके बाद वह इसकी एक प्रति को सार्वजनिक तौर पर फाड़कर वहां से चले जाते हैं। हालांकि प्रेस क्लब में मौजूद पत्रकार उनसे जानना चाहते हैं कि इस तरह का व्यवहार करके क्या वह मनमोहन सिंह की सरकार को कमजोर नहीं कर रहे? लेकिन वे पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब दिए बिना वहां से उठ कर चले गए। जिस समय संप्रग सरकार की केबिनेट द्वारा पास किए गए अध्यादेश को राहुल गांधी ने सार्वजनिक रूप से फाड़ा उस समय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह देश में नहीं थे। वह विदेश यात्रा पर गए हुए थे। राहुल गांधी ने मनमोहन सिंह को देश का पहला सिख प्रधानमंत्री बताते हुए इस मामले को सिख धर्म से भी जोड़ने का प्रयास किया है। लेकिन उन्हें 1984 में सिखों के खिलाफ हुई भीषण हिंसा को याद रखना होगा। कांग्रेसियों ने निर्ममता पूर्वक सिखों की हत्या की। सिख विरोधी दंगों के आरोप में कांग्रेस के कई बड़े नेता आज भी फंसे हुए हैं। लेकिन इस सबसे शर्मनाक बात ये है कि जब राहुल गांधी के पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से इस संबंध में सवाल पूछा गया तो उन्होंने निर्लज्जता पूर्वक कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती ही है। उनका यह जवाब सिखों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा था। गांधी परिवार के बाहर के नेताओं को यथोचित सम्मान न देने के आरोपों से कांग्रेस पहले से ही घिरी हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हाराव के निधन के बाद दिल्ली में उनके अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं दी गई।

इतना ही नहीं नरसिम्हाराव के अंतिम दर्शन के लिए उनका पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय में नहीं रखने दिया गया। आरोप तो यहां तक है कि नरसिम्हाराव का शव अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय गया था लेकिन उसका गेट भी नहीं खोला गया। कहा जाता है कि उस समय सोनिया गांधी कांग्रेस मुख्यालय में मौजूद थी। दस साल की सरकार के दौरान कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने उनका स्मारक बनवाने की भी आवश्यता नहीं समझी। हालांकि मोदी सरकार ने उनका स्मारक बनवाया है। इसलिए मनमोहन सिंह के निधन के बाद जिस तरह के मुद्दे उठाकर राहुल गांधी और दूसरे कांग्रेसी नेता मोदी सरकार को घेरने का प्रयास कर रहे हैं उनके उखड़ने पर कांग्रेस ही कटघरे में खड़ी नजर आएगी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# अनियंत्रित बाइकों की आपसी टक्कर में एक सवार की दर्दनाक मौत

▸ कबरई थाना व कस्बा क्षेत्र के कानपुर-सागर हाइवे स्थित पाण्डे पुलिया के पास हुई घटना



**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के कबरई थाना व कस्बा क्षेत्र के कानपुर सागर हाइवे स्थित पाण्डे पुलिया के पास की घटना है जहाँ कस्बा के राजीव नगर मुहल्ले के रहने वाले राजू का 28 वर्षीय पुत्र चंद्रशेखर पड़ोस में रहने वाले सुनील और शिव बालक के साथ बाइक में सवार होकर कस्बा में आयोजित भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर वापस घर लौट रहा था जैसे ही बाइक कस्बा स्थित पाण्डे पुलिया के पास पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार अन्य बाइक अनियंत्रित होकर उनकी बाइक से टकरा गई हादसे में दोनों बाइकों में सवार कबरई नगर पंचायत सभासद बुद्ध प्रकाश का 25 वर्षीय पुत्र सुनील गुप्ता, शिव बालक और चंद्रशेखर सहित दूसरी बाइक में सवार सीमावर्ती हमीरपुर जिले के ललपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पौथिया गाँव के रहने वाले सुशील सैनी और कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के बेलाताल कस्बा के रहने वाले जीतेन्द्र गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा सभी घायलों को एंबुलेंस और पुलिस वाहन की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां तैनात डॉक्टर ने चंद्रशेखर को देखते ही मृत घोषित कर दिया जबकि प्राथमिक उपचार के बाद सुशील सैनी की हालत चिंताजनक होने पर डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज झाँसी रेफर कर दिया है जबकि जीतेन्द्र, सुनील और शिव बालक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल प्रशासन ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस को सूचना भेज दी है।

## अवैध तमंचे के साथ तीन शातिर चोर गिरफ्तार

राठ(हमीरपुर)। जरिया पुलिस ने चोरी बाइक व अवैध तमंचा के साथ तीन शातिर चोरों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों चोरों को जेल भेज दिया है। जरिया थानाध्यक्ष ने बताया कि एस आई रमाकान्त शुक्लए दिलीप श्रीवास्तव कांस्टेबल बृजेश कुमार रीझुल मुखरैया के साथ झबरा चौराहा इन्दरपुरा मार्ग पर बहद ग्राम चण्डौत से चोरी की मोटरसाइकिल व एक तमंचा के साथ तीन तीन चोरों को गिरफ्तार किया गया हैं। पूछताछ में धर्मेन्द्र राजपूत पुत्र लखनलाल निवासी ग्राम इटकौर थाना राठ सुरेन्द्र कुमार पुत्र मंगल सिंह राजपूत निवासी ग्राम बरखेडा थाना जलालपुर और रोहित पुत्र महेश निवासी ग्राम सलैया थाना पनवाड़ी जनपद महोबा नाम बताया है। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में अभियुक्त धर्मेन्द्र राजपूत व रोहित बताया कि दो तीन माह पूर्व एक व्यक्ति से मारपीट कर उसकी बाइक चोरी कर लिये थे और डिग्गी में नौ हजार रुपए कुछ कागजात मिले थे।

# अनशनकारी अधिवक्ताओं ने कहा, नहीं हुई समस्या हल तो बंद कर देंगे पेयजल व्यवस्था

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




नगर के तहसील परिसर में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली से नाराज अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन आज 11वें दिन भी जारी रहा। अनशन स्थल पर किसी जिम्मेदार अधिकारी के न पहुंचने पर अनशनकारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। तहसील प्रशासन पर स्थानीय अधिवक्ताओं ने नया कानून को ताख में रख मनमानी ढंग से कार्य करने का आरोप लगाते हुए 20 दिसंबर से अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर 20 दिसंबर से तहसील परिसर में क्रमिक अनशन शुरू किया था जो आज 11वें दिन भी जारी रहा। सोमवार को अधिवक्ता संघ के लक्ष्मी प्रसादए रामकुमार गुप्ताए इंद्रपाल प्रजापति व मोहम्मद फहीम की अगवाई में दर्जनों अधिवक्ताओं का सहयोग रहा इधर अधिवक्ताओं के 11 दिन तक क्रमिक अनशन करने के बावजूद उनकी मांगे पूरी होना तो दूर कोई जिम्मेदार अधिकारी ने उनकी सुधि नहीं ली है जिससे अनशनकारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अनशनकारियों ने तहसील प्रशासन पर शौचालय पर ताला डालने के अलावा पेयजल की व्यवस्था बंद करने की बात कही है। अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष नसीरुद्दीन ने इस हाड़ कपाऊ सर्दी में अनशनकारी अधिवक्ताओं को दो कंबल प्रदान किए हैं।

# सरस्वती बल विद्या मंदिर में अभिभावक और आचार्य संवाद कार्यक्रम का आयोजन




**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** नगर के गोपालपुर रोड स्थित सरस्वती बाल विद्या मंदिर हाईस्कूल घाटमपुर में 30 दिसम्बर 2024 दिल सोमवार को टीचर अभिभावक संवाद( पीटीएम) का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सचन व उप प्रधानाचार्य अजीत यादव ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक में शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों की प्रगति बारे में जानकारी देते हुए विस्तार से चर्चा की। शिक्षकों ने अभिभावकों से कहा कि कम से कम एक घंटा अपने बच्चों को घर में समय देते हुए प्रतिदिन विद्यालय में पढ़ाएं जाने वाले विषयों के बारे में पूछे। के अलावा उनकी नोटबुक आदि का अवलोकन भी करें। इससे बच्चे काम समय से पूरा करने का प्रयास करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सचान ने कहा कि बच्चों के लिए चलाई गई एक्स्ट्रा क्लासेस से बहुत लाभ मिला है। विशेष का पढ़ाई में कमजोर छात्रों को इसका फायदा मिला है। बैठक में रोहित, महेंद्र, विमलेश, अमित, कंचन, राधा, सरिता, खुशी, अंजू, वंदना, दीक्षा, शोभना, स्वेता आदि लोग मौजूद रहे।

# आगरा ने जयपुर को 154 रनों से हराया, उद्घाटन नरेंद्र राजपूत ने किया

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़**



कस्बे में स्वामी ब्रह्मानंद एसीसी अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच आगरा बनाम जयपुर के बीच खेला गया। जिसमें आगरा ने जयपुर को 154 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। टूर्नामेंट का उद्घाटन नरेंद्र राजपूत कैंथी ने किया।

सोमवार को दूसरे सेमीफाइनल के लिए आगरा बनाम जयपुर की टीम के बीच मैच खेला गया। जयपुर के कप्तान वरुण दीक्षित ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरे आगरा के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवरों में 7 विकेट पर 304 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। जिसमें विजय शर्मा ने 11 छक्के, पांच चौकों की मदद से 44 गेंद पर 98 रन बनाए। मून पाठक ने 57 रन बनाए। जयपुर की ओर से राहुल यादव ने तीन विकेट लिए। 305 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जयपुर की पूरी टीम 150 रन पर ऑल आउट हो गई। आगरा की ओर से मून पाठक और मयूर ने तीन तीन विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच विजय शर्मा को दिया गया। अंपायर की भूमिका इमरान विपुल ने निभाई। कमेट्री सीतू सेंगरए देवेंद्र राजपूत और स्कोरर धनंजय रहे। टूर्नामेंट के अध्यक्ष धर्मसिंह खजांची ने बताया कि मंगलवार को फाइनल मुकाबला राठ और आगरा के बीच खेला जाएगा।

# कबरई बांध से पानी उठाने को शासन से मिली क्लीनचिट

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

▸ 71 करोड़ लागत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का काम शीघ्र हो जायेगा शुरु,एक्शियन व सदर विधायक महोवा की मेहनत लायी रंग




अमृत दो कार्यक्रम के तहत नगर पंचायत कबरई(महोवा) में 135 एलपीसीडी दर से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिये शासन से क्लीन चिट प्राप्त हो गयी है। कबरई बांध से पानी उठाने का विवाद शासन ने समाप्त करा दिया है, सिचाई विभाग को बैकफुट होना पड़ा है। इस योजना में 71.10 करोड रुपये खर्च किये जायेगे, इस योजना को आगे बढ़ाने में महोवा के सदर विधायक राकेश गोस्वामी का सबसे अधिक योगदान बताया जाता है।

जल निगम के एक्शिन एके शर्मा जो हमीरपुर व महोवा जिले का चार्ज लिये है उनकी मेहनत रंग लायी है। कबरई में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट(डब्ल्यूटीपी) योजना के तहत सिचाई विभाग ने कबरई वांध से पानी देने से इंकार कर दिया था जिससे बहुत दिनों तक योजना का कार्य रुका रहा बाद में एक्शियन ने इस मामले में शासन स्तर से अथक प्रयास किया और शासन ने सिचाई विभाग से बात कर कबरई बांध से पानी उठाने के लिये आदेश कर दिये है। सोमवार को नगर पंचायत अध्यक्ष कबरई की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई जिसमे जल निगम के एक्शियन एके शर्मा,एई एके गुप्ता,ईओ अवधेश कुमार नगर पंचायत के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया नगर में शत प्रतिशत आबादी को कबरई डैम से पेयजल लेकर गौहारी गांव में ट्रीटमेंट प्लांट बनाकर दो अवर जलाशयों एवं 86.2 किमी वितरण प्रणाली बिछाकर 8903 नग पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराये जायेंगे। योजना शासन से स्वीकृत होने के बाद एक साल मे पूरी आवादी को पेयजल उपलब्ध होना शुरु हो जायेगा। जानकारी होते ही नगर वासियों में खुशी की लहर दौड़ गयी,आसपास के ग्रामो में जो पानी की समस्या आ रही थी वह अब सरलता से दूर हो जायेगी। एक्शियन एके शर्मा ने बताया कि इस कार्य में महोवा के भाजपा सदर विधायक राकेश गोस्वामी का विशेष योगदान रहा है। योजना का काम शीघ्र शुरु हो जायेगा।

# इफको द्वारा सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार को इफको द्वारा जनपद कानपुर नगर के विकास खण्ड सभागार घाटमपुर में सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक कोआपरेटिव केपी निगम, अध्यक्षता घाटमपुर के बीडीओ श्री चन्दमणि व विशिष्ठ अतिथि डॉ एनके तिवारी , क्षेत्र अधिकारी, इफको कानपुर भास्कर शुक्ला, क्षेत्र अधिकारी कानपुर देहात श्री जय यादव, अपर जिला सहकारी अधिकारी श्री संजय तिवारी, एडीओ घाटमपुर एवं पतारा, एसएफए शशांक यादव एमडीई गौतम पटेल, एमडीए रोहित यादव इफको एमसी एवम् सभी समित के सभापति व सचिव उपस्थित रहे। इफको से वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ के.एन. तिवारी जी ने अधिक से अधिक नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी का प्रयोग कर रासायनिक उर्वरक का उपयोग कम करने की सलाह दी एवम् इसके साथ ही इसकी प्रयोग विधि के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया उनके द्वारा बताया गया कि हम नैनो यूरिया प्लस तरल (20फीसद) का स्प्रे फसल पर 4-5 एमएल प्रति लीटर पानी के हिसाब से कर रासायनिक यूरिया का इस्तेमाल आधा कर सकते है तथा नैनो डीएपी तरल से 5एमएल प्रति किलो बीज से शोधित करके एवं छिड़काव कर दानेदार डीएपी का भी इस्तेमाल आधा कर सकते है जिससे किसान की लागत कम हो सके , मृदा की संरचना को अच्छा बनाया जा सके तथा देश का सब्सिडी में धनराशि भी बचाई जा सके । इसके साथ ही इफको के अन्य उत्पाद जैसे सागरिका, बायो डीकम्पोजर, वाटर सोलुबल एवम् नेचुरल पोटाश एवं इफको एम सी के प्रोडक्टों के बारे मे विस्तार पूर्वक बताया एवम् इस पर मिलने वाले मार्जिन एवम् इंसेंटिव को बताते हुए अधिक से अधिक उत्पादों की बिक्री करने के लिए बिक्री केन्द्रो को सलाह दी। एआर कोआपरेटिव श्री के पी निगम जी ने भी नैनो उर्वरकों के लाभ के बारे मे बताते हुए सभी बिक्री केंद्रों को अधिक से अधिक बिक्री करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम मे लगभग 50 लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्र अधिकारी कानपुर भाष्कर शुक्ला द्वारा किया गया।

# दफ्तर में न बैठ समय पास करने बच्चों को पढ़ाने निकल जाते है नगर पंचायत के ईओ

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नगरपंचायत कुरारा के अधिशासी अधिकारी(ईओ) द्वारा नगर के विकास में जानबूझकर वाधा डाली जा रही है, दफ्तर में न बैठकर इधर-उधर घूमते रहते है कभी आसपास के विद्यालयों में जाकर समय व्यतीत करते रहते है,जिससे न केवल गरीब जनता बल्कि विभागीय कर्मी भी परेशान है। इस मामले की शिकायत चेयरमैन ने शासन से लिखित शिकायत की है।

जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत में चेयरमैन व ईओ में हुये टकराव के चलते नगर का विकास में एक दम ब्रेक लग गया है। कर्मचारियों का कहना है कि नगर में जो विकास होना चाहिये वह बिल्कुल नही हो रहा है,बंदन योजना में



▸ विभागीय कर्मी व जनता परेशान, कभी भी जनता हो सकती है आंदोलित

ईओ की लापरवाही के चलते करीब एक करोड रुपये शासन को वापस चला गया है। यही नहीं ईओ रामबदन यादव अपनी सीट में न बैठकर आसपास के प्राइमरी विद्यालयों में जाकर बच्चों को पढ़ाने जाते है जबकि विभाग के कर्मी व जनता परेशान घूमती रहती है। कर्मचारियों का कहना है कि नगर पंचायत के इतिहास मे यह पहला मौका है जब ईओ के लापरवाही से नगर में विकास रुका है व जनता परेशान घूम रही है कर्मचारियों के बेतन बिल में हस्ताक्षर न करने से कभी भी कर्मचारी आंदोलित हो सकते है। इस मामले की पूरी जानकारी डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को है मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिससे नगर के लोगो में भारी नाराजगी देखी जा रही है चेयरमैन आशारानी कबीर का कहना है कि अभिलेखों में मेरे फर्जी हस्ताक्षर ईओ बना लेते है अभिलेखों में हेराफेरी करना तो उनकी फितरत में है इसलिये उनकी शासन स्तर पर शिकायत की गयी है, इधर कस्वावासियों का कहना है कि भाजपा शासन काल में एक अधिकारी इतनी मनमानी करेगा कभी सोचा नही गया था इससे दल की बदनामी हो रही है।

# याद किए गए शिक्षा के पुरोधा सर सैयद अहमद खान

▸ कस्बे के मदरसा रहमानिया में धूमधाम से मनाया गया सर सैयद डे

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के संस्थापक सर सैय्यद अहमद खान की याद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कस्बे के मकतब रहमानिया में मौदहा एजुकेशनल ट्रस्ट बाई अलीग ;मेटाद्ध के बैनर तले सर सैयद डे मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दस वर्षीय जुहैब उल्ला ने तिलावत.ए.कुरआन के साथ किया। जिसके बाद मंच पर उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य रहमानिया इंटर कालेज याकूब अहमदए एवं विशिष्ट अतिथि प्रबंधक रहमानिया इंटर कालेज अशरफ क़मालए मजहर नियाज़ए डॉ रजिया सुल्ताना व नौशाद संजरी को अलीगढ़ के छात्रों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके उपरांत मेटा संस्था द्वारा बीते दिनों आयोजित कराई गई प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए दर्जनों छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद अतिथियों एवं अलीगढ़




के छात्रों ने सर सैयद अहमद खान एवं मौलाना सैय्यद सलीम जाफरी साहब को याद करते हुए उनके द्वारा समाज के प्रति दिए गए योगदानों का स्मरण करते हुए खिराजे अकीदत पेश की और सभी मेधावियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिसके बाद छात्र छात्राओं द्वारा अलीगढ़ तराना व राष्ट्रगान पढ़कर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान कार्यक्रम में हाफिज अकमल सगीरए एडवोकेट असलम चौधरीए सुरैया रानी कदीरए चेयरमैन रजा मुहम्मद श्रीनाथए कारी सनाउल्लाहए निज़ामुद्दीन पावर पत्रकार हिफजुर्रहमान सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र.छात्राएं एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

## हमीरपुर जिला प्रेस क्लब का चुनाव हुआ संपन्न

# असद खान गोलू तीसरी बार बनाए गए क्लब के अध्यक्ष

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

हमीरपुर जिला प्रेस क्लब के वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मत से तीसरी बार भारत समाचार के असद खान गोलू को अध्यक्ष चुना गया। वहीं शिवकुमार सोनी व नीरज शर्मा को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। जबकि मुनीर खान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सैय्यद उस्मान को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त अध्यक्ष ने कहा कि वह पत्रकारों के न्याय के लिए हमेशा संघर्ष करते रहेंगे।

सोमवार को हमीरपुर जिला प्रेस क्लब कार्यालय में संगठन का वार्षिक चुनाव चुनाव अधिकारी श्रीप्रकाश शुक्ला व कौशल किशोर गुप्ता की मौजूदगी में संपन्न हुआ। जिसमें सभी सदस्यों ने सर्वसम्मत से संगठन का चुनाव किया। जिसमें भारत समाचार के जिला

▸ नीरज शर्मा महामंत्री व विनोद शुक्ला बनाये गये अनुशासन समिति के अध्यक्ष

संवाददाता असद खान गोलू को तीसरी बार अध्यक्ष चुना गया। जबकि मुनीर खान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सैय्यद उस्मान को उपाध्यक्ष चुना गया। शिवकुमार सोनी को वरिष्ठ महामंत्री व नीरज शर्मा को महामंत्री बनाया गया। शिवांक श्रीवास्तव राठ, अमित मिश्रा, ललित शर्मा, पवन तिवारी को मंत्री पद पर मनोनीत किया गया। अमित यादव, अंकित पांडेय, शिवम शिवहरे, हर्षित गुप्ता व नागेंद्र जोशी को संगठन मंत्री बनाया गया। इसी तरह कैलाशचंद्र सोनी, राहुल निगम, रविंद्र कुमार, अमित कुमार यादव को प्रचार मंत्री बनाया गया। जबकि मुकेश निषाद व हिफजुर्रहमान को विधिक सलाहकार मनोनीत



किया गया। सिद्धार्थ द्विवेदी व इरशाद खान को ऑडिटर तथा पवन सिंह परिहार व किशन कुमार को कार्यालय मंत्री बनाया गया। अनुशासन समिति में विनोद शुक्ला को अध्यक्ष, इंतजार हुसैन को सह अध्यक्ष व राफिस सिद्दीकी, अब्दुल सिद्दीकी व शीलू निषाद को सदस्य बनाया गया। संरक्षक मंडल में श्रीप्रकाश शुक्ला, कौशल किशोर गुप्ता, अरुण श्रीवास्तव, शिवकुमार शेट्टी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह जितेंद्र पंडित को हमीरपुर तहसील, वसीम बेग को राठ राकेश निगम को मौदहा व अमित शुक्ला को सरीला तहसील का प्रभारी बनाया गया। संगठन में महिला मीडिया कर्मियों को मजबूती देने के लिए रिंकू वर्मा राठ को महिला प्रभारी के रूप में मनोनीत किया गया। इस मौके पर संगठन के सभी सदस्यगण मौजूद रहे। हैट्रिक लगाने वाले अध्यक्ष असद खान गोलू ने कहा कि वह पत्रकारों की समस्या को हमेशा मजबूती के साथ उठाते रहेंगे और उनको न्याय दिलाने के लिए हमेशा संघर्ष करेंगे।

## घर आयी सहेलियों ने चुराए जेवर

राठ(हमीरपुर)। महिला ने घर आई दो सहेलियों पर सोने चांदी के जेवरात चोरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने चिकासी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। चिकासी थाने के रिहुंटा गांव निवासी निर्मला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी कस्बा राठ में हुई है। वह अपने मायके रिहुंटा मेला देखने गई थी। वह अपने गहने साथ ले गईं थीं। 13 दिसंबर की शाम वह मेला देखने गई थी। जब वह शाम को मेला देखकर घर लौटीं तो घर में रखे तीन सोने की अंगूठी चार सोने की चूड़ी कंठीएऔर कमरबंद चोरी हो गए। आरोप लगाया कि उसके जेवरात सहेली समीक्षा पुत्री पूरन करिश्मा पुत्री लक्ष्मी ने घर आकर उसने जेवरात चोरी किए हैं। जेवरात चोरी करने के बाद समीक्षा गांव से चली गई। पीड़ित ने पुलिस से उसके चोरी हुए जेवरात दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

# जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में दो दिवसीय नवाचार महोत्सव/टीएलएम मेला संपन्न

▸ प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान का दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य गिरधारी लाल कोली की अध्यक्षता में किया गया जिसमें राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय नवाचार, टी एल एम मेला जनपद स्तरीय माध्यमिक एवं परिषदीय प्राथमिक,उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा नवाचार टी एल एम मेला में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी शिक्षकों को डायट प्राचार्य गिरधारी लाल कोली द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम संयोजक जयराम कुटार ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 200 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया जिसमें एक एक शिक्षक प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय एवं डायट से एक प्रवक्ता का चयन किया गया कार्यक्रम संयोजक जयराम कुटार ने आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में उपस्थिति डायट प्रवक्ता मनीष केसरवानी, दिव्या श्रीवास्तव, राजू सरोज एवं माध्यमिक एवं परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों, डायट प्रशिक्षुओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा किया।

# शोभिटाल कप के छठे दिन में सोनू स्पोर्ट्स ने कानपुर नाइट्स को 20 रनों से हराया

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़**

नगर के मूसानगर रोड पर जनता महाविद्यालय में आयोजित शोभिटाल कप में आज छठवें दिन सोनू भारत में सोनू स्पोर्ट्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी सोनू स्पोर्ट्स निर्धारित 18 ओवर में 9 विकेट खोकर 123 रन बनाए जिसमें अंश सिंह ने नाबाद 26 रन,विवेक कुशवाहा 24 रन, सुदेश यादव 18 रन बनाए। कानपुर नाइट की तरफ से गेंदबाजी करते हुए सूरज यादव ने तीन विकेट और रिशु,मनीष और आर्येष ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर नाइट्स



16 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 103 रन बना पाए जिसमे आर्येश ने 42 रन रोहित ने 17 और मनीष और विशाल ने 10-10 रन बनाए। सोनू स्पोर्ट्स की तरफ से गेंदबाजी करते हुए भानू ने चार विकेट अंश,हेमंत,अनंत ने एक-एक विकेट लिया। मैन ऑफ़ द मैच आदर्श तिवारी संकल्प सचान द्वारा भानु को दिया गया।

# थुरट में निर्मित आरआरसी सेंटर बना सफेद हाथी

▸ कूड़ा पृथक्करण केंद्र की पास ही लगा कूड़े का ढेर, स्वच्छ भारत मिशन योजना में सचिव व प्रधान जमकर कर रहे भ्रष्टाचार

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद महोबा के विकासखंड जैतपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत थुरट में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा लगभग चार लाख की धनराशि से आर आर सी सेंटर का निर्माण हुआ था।

यह सेंटर अभी तक निष्प्रयोग्य बना हुआ है इस केंद्र को बने हुए लगभग एक वर्ष हो जाने के बाद भी इस केंद्र का किसी प्रकार से प्रयोग




नहीं किया जा रहा है गांव में कई जगह कूड़े के ढेर लगे हैं लेकिन इस केंद्र पर कूड़े को ले जाने की व्यवस्था नहीं की गई है इस संबंध में समाचार भी प्रकाशित किया जा चुका हैं लेकिन संबंधित अधिकारियों के द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है इस योजना के धन का केवल दुरुपयोग किया गया है। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यदि आरआरसी सेंटर बंद है तो निश्चित रूप से दोषी कर्मचारियों पर कारवाई की जाएगी।

# नगर पालिका व नगर पंचायतों में हो कूड़े का समुचित निस्तारण : डीएम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में नगर पालिका नबावगंज व जिले की समस्त नगर पंचायतों में 15वां वित्त आयोग टाइड/अनटाइड ग्रांट योजना अंतर्गत प्राप्त धनराशि से कराये गये कार्यों की प्रगति एवं अन्य कार्यों के सम्बंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। समीक्षा बैठक के दौरान जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नगर पालिका परिषद सहित सभी नगर पंचायतों में घर-घर नियमित कूड़े के उठान सहित समुचित निस्तारण भी किया जाए। डंपिंग यार्ड की जहाँ जरूरत हो उसे प्राथमिकता के साथ बनाया जाए। कस्बों में जल निकासी हेतु नालों के निर्माण/ मरम्मत आदि के कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा टाइड/अनटाइड ग्रांट से ई-रिक्शा सहित अन्य जरूरी संसाधनों का क्रय भी नियमानुसार प्रस्ताव पारित करके किया जाए। नगर पंचायतों के तालाबों की नीलामी भी पोर्टल के माध्यम से ऑन लाईन प्रक्रिया के तहत नियमानुसार मत्स्य पालन आदि के लिये की जाए, इससे तालाबों की जलकुंभी आदि की समस्या का निदान भी हो जाएगा। शत्रु संपत्ति को चिन्हांकित करते हुए उसे अवैध कब्जे से मुक्त रखा जाए। साथ ही जिन नगर पंचायतों में सुलभ शौचालयों की कमी है वहाँ पर प्राथमिकता से इस कार्य को किया जाए। नगर पंचायतों में बने साप्ताहिक मार्केटों को भी साफ सुथरा रखा जाए। खेल मैदानों को खेलने योग्य साफ-सुथरा रखा जाए। जहाँ पर आवश्यकता है वहाँ पर नए आधार सेंटर बनाये जाएंगे। बैठक में एडीएम (न्यायिक) इंद्रसेन, डिप्टी कलेक्टर मधुमिता सिंह, एसडीएम फतेहपुर राजेश कुमार विश्वकर्मा, अनुराग सिंह सहित नगर पालिका व समस्त नगर पंचायतों के ईओ, चेयरमैन/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बुन्देलखण्ड राज्य नहीं बना तो बुन्देलखण्ड के गांवों का भविष्य खतरे में : राजा बुंदेला

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



- पृथक बुंदेलखंड राज्य बनने से विकास का नया रास्ता खुलेगा
- कुठौंदा, रेढ़र, नावली, बरगुवां, कुरौती, सुल्तानपुरा, कैलोर, चितौरा के ग्राम प्रधानों ने राजा बुंदेला को दिया समर्थन पत्र

पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग लेकर पांचवें दिन बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों द्वारा बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला के नेतृत्व में निकाली जा रही पदयात्रा जनपद के ग्रामीणांचल में भ्रमण करने पहुंची तो अनेकों गांवों में ग्रामीणों के पलायन की जो भयावह तस्वीर सामने आयी उसे सुनकर पदयात्रा में शामिल पदयात्री दंग रह गये। इस दौरान राजा बुंदेला ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि यदि समय रहते पृथक बुंदेलखंड राज्य नही तो बुंदेलखंड के गांवों का भविष्य खतरे में पड़ने से कोई नहीं रोक पायेगा। यही गांवों की जमीनी हकीकत है। देर शाम पदयात्रा माधौगढ़ पहुंची।

सोमवार को कुठौंदा गांव से पदयात्रा शुरू हुई जो रेढ़र, बंगरा, कुरौती, सुल्तानपुरा, कैलोर, चितौरा आदि गाँवों में पहुंची पदयात्रा का ग्रामीणों ने बुलंदी के साथ स्वागत किया। रेढ़र गांव में प्रवेश पर पदयात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। कैलोर गांव में सभा को संबोधित करते हुए राजा बुंदेला ने कहा कि इस गांव से 50 प्रतिशत लोगों का पलायन हो चुका है, अगर समय रहते बुन्देलखण्ड अलग राज्य नहीं बना तो वो बुन्देलखण्ड के गांवों का भविष्य खतरे में हो सकता है। उन्होंने बुंदेलखंड राज्य की मांग का औचित्य समझाते हुए कहा कि यह उनके भविष्य की लड़ाई है। मार्ग में अन्य जगह पर किसानों व विभिन्न संगठनों ने इसका स्वागत किया। यहां आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि बुंदेलखंड राज्य अवश्य बनेगा। बुंदेलखंड राज्य बना तो तरक्की के नए मापदंड तय करेगा। अब उप्र का विभाजन होना ही चाहिए और जल्द बुंदेलखंड, पूर्वांचल, हरित प्रदेश राज्य का निर्माण हो। दो राज्यों में विभाजन के बाद भी बुंदेलखंड का गौरव कम नहीं हुआ है। बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा पृथक बुंदेलखंड राज्य के लिए गांव गांव काम कर रही है और यह यात्रा उसके उद्देश्यों से जुड़ी है। बुंदेलखंड हर बुंदेलखंडी की मांग है। इस पदयात्रा के माध्यम से सरकार भी यह बात समझेगी। राजा बुंदेला ने कहा कि बुंदेलखंड की लड़ाई को प्रत्येक जनमानस तक ले जाने के लिए यह पदयात्रा आयोजित की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा छोटे राज्यों की समर्थक है। हमें आशा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया बुंदेलखंड 2027 तक आकार लेगा और जल्द बुंदेलखंड की घोषणा होगी। लेकिन हमें सरकार तक बुंदेलखंड की बात पहुंचाना होगी। केंद्र सरकार को बताना होगा कि बुंदेलखंड राज्य बुंदेलियों की प्राथमिकता है। यात्रा में नगर एवं ग्रामीणों ने भारी संख्या में समर्थन दिया और साथ ही साथ ग्राम प्रधानों ने प्रथक बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण हेतु राजा बुंदेला को समर्थन पत्र सौंपा। साथ ही मिलने वाला जन समर्थन के प्रति सभी ने आभार व्यक्त किया। पद यात्रा में राजा बुंदेला के साथ अशोक राठौर शिक्षक नेता, डा.आश्रय सिंह (यात्रा संयोजक, शिवम चौहान सोनू अध्यक्ष बुन्देली सेना, प्रताप बुंदेला (किसान नेता, सुरेंद्र पाल सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, सोनू चौहान हिम्मतपुर, रामबीर सिंह, शिवेंद्र सिंह तोमर, रौकी पाण्डेय, अनुपम महंत, अवनीश कुरौती, देवेंद्र सिंह, ब्रजपाल सिंह, अन्नू सिंह, कैलोर प्रधान विनय प्रताप सिंह, राहुल भदौरिया, अभिषेक सिंह पुष्पेंद्र सिंह राजावत, दीपक सिंह, प्रदुम सिंह, विकास लखेरा सत्यम राठौर, श्याम चंदेल आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सती दादी की आरती कर वितरित हुआ प्रसाद



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** श्री नारायणी नमो नमो हैदरगढ के तत्वावधान मे अमावस्या के दिन तहरी का प्रसाद वितरण श्री दादी जी की आरती के बाद नगर पंचायत कार्यालय के सामने हुआ। इस अवसर पर राजकुमार झुनझुनवाला,राजेंद्र झुनझुनवाला शिवओम अग्रवाल रविंद्र झुनझुनवाला,उदय नारायण अग्रवाल,शैलेंद्र सिंघल, अनिल अग्रवाल (हैपी),अनुज अग्रवाल,संजीव गोयल, रामकुमार मिश्रा,अंशुमान झुनझुनवाला , संतोष झुनझुनवाला रमेश अग्रवाल, हिमांशु झुनझुनवाला, शिवबहादुर सिंह,शिवकुमार चतुर्वेदी, रजनीश झुनझुनवाला, राघव सिंघल एवं अन्य दादी भक्त उपस्थित थे।

### शोहदों की धमकियों से परेशान युवती ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती व उसका परिवार शोहदे की धमकियों व हरकतों से परेशान है। बुरी तरह परेशान हो चुकी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर शोहदे के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगायी है। कस्बा निवासी युवती ने दी गई तहरीर में बताया कि शहबान नाम का युवक पिछले काफ़ी समय से उसे प्रताड़ना का शिकार बना रहा है।फ़ोन के माध्यम से घर से बाहर निकलने पर उठा ले जाने की धमकी देता रहता है।जिससे उसका घर से बाहर निकलना बंद हो चुका है। युवक द्वारा की जा रही बदनामी से डरी व मानसिक रूप से प्रताड़ित युवती की शिक्षा भी बंद हो चुकी है। बकौल युवती शहबान की बेजा कारगुजारियों की वजह से पिता द्वारा तय की गई उसकी शादी भी टूट गई है। कोतवाली प्रभारी अजय त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी शहबान उर्फ छोटू के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### 31 तक एकमुश्त समाधान योजना बिजली बिल जमा कर लें छूट

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** विद्युत विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि आज 31दिसम्बर को एक मुश्त समाधान योजना का प्रथम चरण समाप्त होने जा रहा है, जिसमें उपभोक्ताओं को सबसे अधिक छूट पाने का अंतिम अवसर है। पहले आओ ज्यादा छूट पाओ की तारीख मंगलवार को समाप्त हो रही है। सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मंगलवार को पहुंचकर अपना पंजीकरण करायें और छूट का लाभ उठाएं। हालांकि यह योजना 31 जनवरी तक है। साथ ही उपभोक्ताओं को यह भी अवगत कराया जाता है 31 दिसंबर को समस्त विभागीय काउंटर देर रात्रि तक खुले रहेंगे। जल्दी आए ज्यादा लाभ पाए। इस आशय की जानकारी अधिशासी अभियंता इंजीनियर पीके गौतम द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है।

### अज्ञात कारणों से छप्पर में लगी आग सामान सहित दो भैंस जलीं

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत अलीनगर में अज्ञात कारणो से छप्पर में आग लग गई। जिससे छप्पर के नीचे बंधी दो भैंस व सामान जलकर राख हो गया। बीती रात अलीनगर निवासी सियाराम के घर पर रखे छप्पर में अचानक से आग लग गई। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते और आग बुझाते तब तक छप्पर के नीचे बंधी दो भैंस जल गई तथा छप्पर के नीचे रखा सामान भी जलकर खाक हो गया। किसी तरीके से ग्रामीणों के मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना पर सिरौली गौसपुर ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा, कांग्रेस नेता ज़ुल्फी मियां, क्षेत्र पंचायत सदस्य असीम श्रीवास्तव ,हजरतपुर प्रधान प्रतिनिधि औन मियां, संजय यादव सहित तमाम लोग सियाराम का हाल जानने के लिए उनके घर पहुंचे और घटना की जानकारी लिया तथा दुख व्यक्त किया। ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

### गाली-गलौज व मारपीट की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** गाली गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुये पीड़ित ने की जैदपुर थाने में शिकायत, पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार जैदपुर थाने में शिकायत करते हुये मंहगू पुत्र कन्धईलाल निवासी ग्राम पुरे निहाल मजरे दरोगा किदूरी थाना जैदपुर, जनपद– बाराबंकी ने बताया कि 28 दिसम्बर को समय करीब शाम 7.30 प्रार्थी की लड़की सीमा व रोली अपने जमीन में आग जलाकर ताप रही थी तभी गांव के ही पिंगल पुत्र रामनाथ प्राथी की लड़कियो को मां बहन की गन्दी –2 गाली देने लगे प्रार्थी की पुत्री ने गाली देने से मना किया तो विपक्षी तथा गांव के ही चन्द्रेश वर्मा, आयूष वर्मा, पियूष वर्मा, जोगी, विजय प्रकाश, प्रसन्न तथा दो लोग नाम पता अज्ञात आदि सभी प्रार्थी की पुत्री तथा प्रार्थी को जाति सूचक मां बहन की गालियां देते हुये चन्द्रेश वर्मा प्रार्थी के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया। और सभी विपक्षीजन ने प्रार्थी को बहुत मारा और कहा कि प्रार्थी को जान से मार डालो प्रार्थी मृत्यु के डर के मारे अपने घर में घुस गया तो विपक्षी जन ने प्रार्थी तथा प्रार्थी की पुत्री को घर में घुसकर मारा पीटा, आयूष वर्मा पियूष वर्मा तथा उपरोक्त विपक्षीजन ने कहा कि आज तो बच गये हो अगले दिन तुम्हें जान से मार कर खत्म कर देगें। प्रार्थी को गम्भीर अन्दरूनी चोटे आयी है प्रार्थी इस घटना की सूचना डायल 112 पर दी पुलिस आयी और चली गयी। प्रार्थी सूचना श्रीमान जी को दे रहा है प्रार्थी की स्थिति गंभीर होने के कारण इलाज जिला अस्पताल बाराबंकी में चल रहा है। शिकायत के आधार पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# ग्राम प्रधान ने क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



त्रिवेदीगंज क्षेत्र के खैराकनकू गांव में सोमवार से शुरू हुई क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम प्रधान अरुण शुक्ला द्वारा फीता काटकर किया गया। इस प्रतियोगिता में पूरे क्षेत्र की 26 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का फाइनल 1 जनवरी को खेला जाएगा।

लव कुश पांडे व अमरीश पांडे द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच गूढ़ा रायबरेली एवं शिवनाम बाराबंकी के बीच खेला गया । टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रदीप के 32 रनों की बदौलत निर्धारित 6 ओवरों में 69 रन बनाएं, बाद में इस स्कोर का पीछा करते हुए गूढ़ा की टीम 59 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। इस तरह से शिवनाम की टीम ने 10 रनों से विजय श्री हासिल कर ली। बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रदीप कुमार शिवनाम को मैंन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।

उद्घाटन अवसर पर थानाध्यक्ष लोनीकटरा दोमित्र सेन रावत, प्रधान जरौली भानू बाजपेई, दुर्गेश वर्मा , अखिलेश पटेल , भारतेन्दु वर्मा, द्वारिका प्रसाद ,सर्वेश कुमार, तुषार अवस्थी एवं तमाम दर्शक खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# बचपन की यादें ताजा करती हैं नन्हे बच्चों की प्रस्तुतियां : महाना

- समारोहपूर्वक संपन्न हुआ जयपुरिया स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



शहर के प्रतिष्ठित जयपुरिया स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक सोमवार को सम्पन्न हो गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना रहे जिनके द्वारा नगर विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, निदेशक विशाल गुप्ता, जयपुरिया स्कूल ग्रुप के निदेशक कनक गुप्ता तथा प्रधानाचार्य अनिल कुमार एम.बी. की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए श्री महाना ने कहा कि आज स्कूल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में आने पर अत्यंत ही खुशी महसूस हो रही है। नन्हें नन्हें बच्चों को मंच पर सधे हुए अभिनय और नृत्य करते देख उन्हें उनके बचपन की विस्मृत यादें ताज़ा हो गई हैं। नगर विधायक वेदप्रकाश गुप्ता ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना जी के राजनीतिक एवं उनकी सादगी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में निमंत्रण स्वीकार करने एवं आने के लिए धन्यवाद दिया। जयपुरिया स्कूल के निदेशक विशाल गुप्ता ने आये हुये अतिथियों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय द्वारा अध्ययन एवं अध्यापन के तरीके से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम स्कूल के सीनियर छात्रों द्वारा क्वायर गीत प्रस्तुत किया गया जिसके बाद नर्सरी के बच्चों ने राधा कृष्ण पर अभिनय नृत्य के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। कक्षा 12 तक के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता, समन्वयक डॉ. प्रगति श्रीवास्तव, जयपुरिया कॉर्पोरेट कार्यालय से गौतम पाण्डेय,श्रुति कीर्ति, प्रदीप यादव, फैज़ खान, अजय जायसवाल सहित स्कूल के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुमेरा जाफरी, शिक्षक लिटिन मैथ्यू,छात्र वेद हसानी, छात्रा आसी तिवारी ने बहुत सधे अंदाज में सफलतापूर्वक किया।

# आश्रय स्थलों में भूख प्यास से घुट-घुट कर जी रहे मवेशी

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भूख प्यास से व्याकुल मवेशी घुट घुट कर अपने दिन काट रहे हैं।लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और ग्राम प्रधान व्यवस्थाओं के प्रति ध्यान न देकर मीडिया कर्मी अन्दर न आ सके इस बात पर जोर लगाये हुये है।यह हाल तब है जब खंड विकास अधिकारी जितेन्द्र कुमार भी बेलगाम प्रधान के आगे नत मस्तक पाये गये।

मालूम हो कि विकास खंड रामनगर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिलौटा में स्थित गौशाला में पशुओं के भूख प्यास से लाचार मवेशियों के घुट घुट कर जीवन काटने की जानकारी पर हमारे संवाददाता उक्त गौशाला रविवार की शाम को पहुंच गये।वहां पहले से मुख्य द्वार पर ताला डाल कर बैठे केयर टेकर शिव कुमार ने कहा कि अन्दर तभी जा सकते हो जब बी डी ओ साथ आयेंगे।अब शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल गौशालाओ का संचालन शासन के निर्देशों पर नहीं बल्कि प्रधानों की मनमानी पर निर्भर हो गया है।गौशाला के संचालन में कागजी खाना पूरी कर सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है रविवार को शाम को सिलौटा में स्थित गौशाला में जानवर इधर-उधर टहल रहे थे।शाम को उन्हें चारा देने का समय था वहां किसी प्रकार का चारा दिखाई नहीं पडा।तीन गाये जमीन पर पड़ी तड़प रही थी उन्हें कौवा नोच रहे थे दूर से देखने से मरणासन्न लग रही थी गेट पर बाहर खड़ा केयरटेकर झगड़ा पर उतारू था।उसने प्रधान का आदेश बता कर फोटो खींचने अंदर जाने या ताक झांक करने को मना किया।जानवरों के पानी पीने के लिए बनाए गए नांद मे कूड़ा करकट भरा था।हरे चारे का दूर-दूर तक नामोनिशान नहीं था।भूसे की नाद में नाम मात्र भूसा मौजूद था।जमीन पर पड़ी गायों के इलाज के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। हैरतअंगेज बात तो यह है कि जिन ग्राम पंचायत में गौशाला संचालित है वहां के ग्राम प्रधानों के द्वारा हरा चार्य भूसा के नाम पर लाखों रुपए का भुगतान कराया जा रहा है लेकिन मौके पर व्यवस्था के नाम पर सब कुछ शून्य है।नाम न छापने की शर्त पर कुछ ग्रामीणो का कहना था कि यहां आये दिन जानवर मरते रहते हैं और उन्हें गौशाला के परिसर में ही गड्ढा खोदकर दफन कर दिया जाता है।दो बड़े ताजे खोदे हुये गढ्ढे भी दिखाई दे रहे थे दूर से यह लग रहा था कि एक के बाद एक मरने वाले मवेशी डाल कर उन्हें पाटा जाता है।सात केयर टेकर होने के बावजूद व्यवस्था शून्य थी।गौशाला में अन्दर जाने और वहां की व्यवस्थाओं के प्रति खंड विकास अधिकारी को अवगत कराया गया तो उन्होंने सीधे सीधे कोई जबाब मिल पाता उससे पहले फोन कट गया।

# जर्जर 26 विद्यालयों के भवन की हुई नीलामी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



मदारपुर, करौरा, मौलाबाद, चकदहेपुर, प्यारेपुर,सदेवां, रामसहाय सहित 26 परिषदीय विद्यालयों के जर्जर भवनों की नीलामी खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई । जिसमें अधिक बोली लगाने वाले टेंडर डालने वाले व्यक्तियों को भवन दिए गए और उन्हें समय से भवन तोड़कर मलवा उठाने के लिए कहा गया।सोमवार को प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रांगण में नीलामी बोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के टेंडर डालने वाले तमाम व्यक्तियों के द्वारा विद्यालयों के जर्जर भवन पाने के लिए अपनी-अपनी बोली लगाई ज्यादा बोली लगाने वाले व्यक्तियों को जर्जर भवन दिए गए।

खण्ड शिक्षाधिकारी संजय कुमार ने उन्हें समय से जर्जर भवन तोड़कर मालवा उठा ले जाने के लिए कहा। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुलदीप श्रीवास्तव, शिक्षक अभिषेक सिंह, सहित जर्जर भवन के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक संगीता तिवारी, प्रहलाद कनौजिया, विनीता, शिवराम वर्मा, उमेश चन्द्र, मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Vimlesh Kumari Sombanshi व जन्मतिथि 21 Oct 1961 दर्ज है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Vimlesh Kumari व जन्मतिथि 01 Jan 1959 है। Vimlesh Kumari M/o of JC-512610F नायब सूबेदार चन्द्रभान सिंह सोमवंशी, निवासी-ग्राम उजरामऊ, तहसील-अमृतपुर, जिला फर्रुखाबाद (यू.पी.), द्वारा शपथ पत्र नंबर-IN-UP83395157839461W, 13 सितंबर 2024 कचहरी फतेहगढ़.

**सूचना**

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Beerpal Singh Sombanshi व जन्मतिथि 10 Aug 1959 दर्ज है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Veer Pal Singh व जन्मतिथि 01 Jan 1955 है। Veer Pal Singh F/o of JC-512610F नायब सूबेदार चन्द्रभान सिंह सोमवंशी, निवासी-ग्राम उजरामऊ, तहसील-अमृतपुर, जिला-फर्रुखाबाद (यू.पी.), द्वारा शपथ पत्र नंबर-IN-UP83406466544669W, 13 सितंबर 2024 कचहरी फतेहगढ़.

**सूचना**

मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम Sanjoo Singh दर्ज है। जबकि मेरा वास्तविक नाम Sanjoo है। Sanjoo W/o of JC-512610F, नायब सूबेदार चन्द्रभान सिंह सोमवंशी, निवासी-ग्राम उजरामऊ, तहसील-अमृतपुर, जिला फर्रुखाबाद (यू.पी.), द्वारा शपथ पत्र नंबर- IN-UP83399713970495W, 13 सितंबर 2024 कचहरी फतेहगढ़.

# कमिश्नर ने जनचौपाल लगा ग्रामीणों से किया संवाद

- जनकल्याणकारी योजनाओं से बगैर भेदभाव के सभी पात्रों को किया जाए लाभान्वित

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**




मण्डलायुक्त झांसी मण्डल झांसी, नोडल अधिकारी विमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के साथ जिला स्तरीय अधिकारियों के मौजूदगी में ग्राम पंचायत अकोढ़ी दुबे में जनचौपाल का आयोजन किया।

मंडलायुक्त ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर ग्राम पंचायत में हुए कार्यों का सत्यापन किया, ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत में हैंडपंप, नाली, खड़ंजा, सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंशन, महिला सम्मान, महिला सुरक्षा महिला सशक्तिकरण आदि व्यवस्थाओं के बारे में ग्राम वासियों से जानकारी ली।

ग्राम वासियों ने चकरोड पर अतिक्रमण की बात कही, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि दो दिन के अंदर सभी चकरोड पर अवैध अतिक्रमण हटाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का बिना किसी भेदभाव के सभी पात्रों को लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त, जीरो टॉलरेंस नीति के तहत गुणवत्ता परक और पारदर्शी कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की सख्त निर्देश हैं कि गांव की समस्या गांव में ही समाधान हो, इसी के तहत आज आप सबके बीच योजनाओं का सत्यापन किया जा रहा है। कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित है तो उसे योजनाओं से जोड़कर लाभांवित कराएं। उन्होंने कहा कि समस्त प्रकार की पेंशन योजनाओं का घर-घर सत्यापन कराया जाए जो व्यक्ति मृतक हो गए हैं उनका नाम हटाकर, और नए लाभार्थियों चिन्हित कर को जोड़ा जाए।

### सहायक क्षेत्रीय निदेशक ने लिया परीक्षा का जायजा



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इग्नू अध्ययन केंद्र में चल रही इग्नू सत्रांत परीक्षा का रीजनल सेण्टर, लखनऊ की सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनामिका सिन्हा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया ।उन्होंने केन्द्र व्यवस्था का जायजा लेते हुए पारदर्शीपूर्ण परीक्षा कराने पर संतोष व्यक्त किया ।डॉ. सिन्हा ने बताया कि इग्नू विश्वविद्यालय परीक्षा कार्यक्रमानुसार केन्द्र पर दो पालियों में परीक्षा संचालित की जा रही है ।इस सत्रांत परीक्षा में सर्टिफिकेट प्रोग्राम, डिप्लोमा प्रोग्राम, पी.जी. डिप्लोमा, स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी डॉ. श्रीश अस्थाना, डॉ.रामजीत सिंह यादव,धर्मेन्द्र कुमार, संतराम सहित अन्य मौजूद रहे।

# हवन कुंड से उठने वाली लौ मानव को अनंत ऊंचाइयों पर ले जाती है : श्रीधराचार्य

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



जब सारे जप–तप निष्फल हो जाते हैं, तब यज्ञ ही सब प्रकार से रक्षा करता है। सृष्टि के आदिकाल से प्रचलित यज्ञ सबसे पुरानी पूजा पद्धति है। आज आवश्यकता है यज्ञ को समझने की। वेदों में अग्नि परमेश्वर के रूप में वंदनीय है। यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म माना गया है। समस्त भुवन का नाभि केंद्र यज्ञ ही है। यज्ञ की किरणों के माध्यम से संपूर्ण वातावरण पवित्र व देवगम बनता है। यज्ञ भगवान विष्णु का ही अपना स्वरूप है। वेदों का संदेश है कि शाश्वत सुख और समृद्धि की कामना करने वाले मनुष्य यज्ञ को अपना नित्य कर्तव्य अवश्य समझें। भगवान श्रीकृष्ण श्रीमद्भगवत गीता में अर्जुन से कहते हैं, हे अर्जुन! जो यज्ञ नहीं करते हैं, उनको परलोक तो दूर यह लोक भी प्राप्त नहीं होता है। जिन्हें स्वर्ग की कामना हो, जिन्हें जीवन में आगे बढ़ने की आकांक्षा हो उन्हें यज्ञ अवश्य करना चाहिए। यज्ञ कुंड से अग्नि की उठती हुई लपटें जीवन में ऊंचाई की तरह उठने की प्रेरणा देती हैं। यज्ञ में मुख्यत: अग्नि देव की पूजा का महत्व होता है ।उपरोक्त बातें आचार्य श्रीधराचार्य ने कही। वह क्षेत्र के खानिमपुर में चल रहे श्री विष्णु यज्ञ में मौजूद श्रोताओं को यज्ञ की महिमा बता रहे थे ।उन्होंने कहा कि यज्ञ करने वाले बड़भागी होते हैं। इस लोक में उनका दु:ख–दारिद्रय तो मिटता ही है, साथ ही परलोक में भी सद्गति की प्राप्ति होती है। यज्ञ में जलने वाली समिधा समस्त वातावरण को प्रदूषण मुक्त करती है। यज्ञवेदी पर गूंजने वाली वैदिक ऋचाओं का तो कहना ही क्या, अद्भुत प्रभाव डालती हैं। यज्ञ में बोले जाने वाले मंत्र व्यक्ति की मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। यज्ञ से ब्रह्मवर्चस की प्राप्ति होती है। यज्ञ से शांति, सुख की प्राप्ति होती है। जो याज्ञिक हैं, वे हर बाधा को पार कर जाते हैं। यज्ञ में बोले जाने वाले हर मंत्र में शरीर को झंकृत करने की अपार शक्ति होती है। परमपिता परमेश्वर से नाता जोड़ने का अनुपम माध्यम है यज्ञ। मनुस्मृति में उल्लेख है कि यज्ञ के माध्यम से मनुष्य विद्वान बनता है, लेकिन मनुष्य को स्वयं को कुछ विशेष आहार–विहार एवं गुण–कर्म में ढालना पड़ता है। ताकि इस दौरान उसका चिंतन मनन श्रेष्ठ बना रहे। यज्ञ लौकिक संपदा के साथ–साथ आध्यात्मिक संपदा की प्राप्ति का द्वार है।

इसके पहले सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला द्वारा व्यास पीठ को आरती उतारी गई ।विधायक ने कहा कि यज्ञ से समस्त आसुरी शक्तियों का नाश होता है। समाज में व्याप्त बुराइयों का विनाश होता है ।साथ ही यज्ञ से मानव को आत्मिक बल भी मिलता है।

इस दौरान नन्हें सिंह, रामबुझारत पासी, अविनाश सिंह, ऋषिकेश जायसवाल, इंद्रेश मिश्रा, विपिन सिंह, राधेरमण साहनी, शैलेन्द्र पाल, राघवदास, हरिशदास, रामानंद दास सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

### आठ वर्षों बाद क्रय विक्रय समिति जालौन में किसानों को बांटी गई खाद

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** क्रय विक्रय समिति जालौन में आठ वर्षों से सिर्फगेहूं की खरीदारी हो रही थी और किसानों को मिलने वाली खाद व्यवस्था बंद थी। समिति के अध्यक्ष व अपर जिला सहकारी अधिकारी के प्रयासों के बाद समिति में एक बार फ़िर खाद आ गयी है। सोमवार को पूजन के साथ खाद की बिक्री शुरू की गई। अपर जिला सहकारी अधिकारी हरिदास यादव ने खाद बिक्री का शुभारंभ कराते हुए कहा कि क्रय विक्रय समिति में बीते आठ वर्ष से खाद की बिक्री बंद थी। किसानों के हितों को देखते हुए खाद की बिक्री शुरू कराई जा रही है। पहली खेप में यूरिया की 450 बोरी आई हैं। जिनका सोमवार से वितरण शुरू हो गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बेल्हा सिकटिहा विकास खण्ड बिजुआ खीरी**

पत्रांक- मेमो/ टेन्डर/2024-2025 दिनांक 30.12.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेल्हा सिकटिहा में निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री की आवश्यकता है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | राम बचन के घर से गाजर के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 75 मीटर | 345500 |
| 2. | राम किशुन के घर से ओम प्रकाश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 75 मीटर | 345500 |

उक्त कार्य हेतु सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईटा ,सीमेंट, गिट्टी, मोरंग, बालू इंटरलॉकिंग ईटा,रोड़ा इत्यादि सामग्री आपूर्ति हेतु सील बंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर इच्छुक पंजीकृत जीएसटी फर्म दिनांक- 31.12.2024 से 04.01.2025 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। दिनांक 04.01.2025 को ग्राम पंचायत बेल्हा सिकटिहा में अपराह्न 3 बजे समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। इसको निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

निविदा/टेन्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी बेल्हा सिकटिहा से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
नेपाली

ग्राम विकास अधिकारी
गोल्डी वर्मा

**कार्यालय ग्राम पंचायत देवरिया रड़ा विकास खण्ड बिजुआ खीरी**

पत्रांक- मेमो/ टेन्डर/2024- 2025 दिनांक 30.12.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत देवरिया रड़ा में निम्नलिखित कार्यों पर सामग्री की आवश्यकता है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत भवन में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 50 मीटर | 245900 |
| 2. | मुशर्रफ के घर से मस्जिद तक ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 65X3 | 306100 |

उक्त कार्य हेतु सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु प्रथम श्रेणी ईटा ,सीमेंट, गिट्टी, मोरंग, बालू इंटरलॉकिंग ईटा,रोड़ा इत्यादि सामग्री आपूर्ति हेतु सील बंद निविदाएं ग्राम पंचायत कार्यालय पर इच्छुक पंजीकृत जीएसटी फर्म दिनांक- 31.12.2024 से 04.01.2025 तक अपना टेन्डर ग्राम पंचायत में समय दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध करा सकते हैं। दिनांक 04.01.2025 को ग्राम पंचायत बेल्हा सिकटिहा में अपराह्न 3 बजे समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी। इसको निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

निविदा/टेन्डर के सम्बन्ध में जानकारी प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी देवरिया रड़ा से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
आशा पुष्कर

ग्राम विकास अधिकारी
गोल्डी वर्मा

# एजेंडा बिन्दु सही से तैयार न किए जाने पर डीएम खफा

## जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय टास्कफोर्स और पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालयो के संबंध में की बैठक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जनपद स्तरीय टास्कफोर्स एवं 09 पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालयो के संबंध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी एवं डीसी को एजेंण्डा बिन्दु सही से तैयार न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कार्य पद्यति में सुधार लाये जाने के निर्देश दिए। उन्होने बीएसए को निर्देश दिये कि नौ पीएम श्री चिन्हित विद्यालयो के बच्चो को भारतीय दहलन अनुसंधान संस्थान कानपुर एवं आईआईटी कानपुर में ले जाकर ग्रुप वाइज विजिट करायें और बच्चों से संबंधित गतिविधियों से अवगत करायें। जिससे बच्चे शिक्षा के साथ- साथ समावेशी और आनंदमय वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा से प्रेरित हो सकें। समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, डीसी एवं एसआरजी अपने- अपने कार्यशैली में सुधार लाकर बच्चो की शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी सभी बिन्दुओ को गहनता से समझकर कार्यो को भलीभांति निर्वाहन करें। कम्प्यूटर में बैठकर नौकरी न करें। फील्ड में जाकर विद्यालयो का निरीक्षण करें और बच्चो/टीचरों की उपस्थित को रखने, प्रत्येक दशा में बच्चो/टीचरों की उपस्थित शत-प्रतिशत होनी चाहिये। कार्य के प्रति शिथिलता बरतने पर निश्चित रुप से कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। पोर्टल में फीड की जाने वाली प्रत्येक सूचना शतप्रतिशत सही होना चाहिये। फर्जी डाटा पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। शराब आदि नसे का सेवन कर जो अध्यापक विद्यालय मे पढ़ाते हुये पाया जाये तो उसका मेडिकल परीक्षण कराकर सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक पूरन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी इज्जा तिवारी सहित संबंधित अधिकारीगण रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

## किशोरी को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** युवक किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले गया। जानकारी होने पर परिजनों ने किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी। पता न चलने पर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम निवासी पीड़ित पिता ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बीते शनिवार की शाम करीब 07 बजे उसकी पुत्री को सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रुदौली निवासी सुमित पुत्र सर्वेश बाथम कहीं बहला फुसला कर भगा ले गया। जिसके बाद परिजनों ने किशोरी की खोज की। लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की खोजबीन में शुरू कर दी है।

# पारा बढ़ा कोहरा कम, फिर भी न घटा सर्दी का सितम

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

सर्दी ने पूरी तरह से दस्तक दे दी है और मौसम विभाग के अनुसार ठंड का असर अगले कुछ दिनों में और तेज हो सकता है। हिमालयों पर हो रही बर्फबारी और अचानक से चली शीतलहर के बाद से मध्य यूपी में ठंड बढ़ गई है। शुरुआती ठंड से ही लोग ठिठुरते नज़र आए। बारिश के बाद मध्य यूपी में कंपकपा देने वाली ठंड शुरू हो गई है। दिनभर लोग बर्फीली हवाओं से कांपते और अलाव के सहारे बैठे हुए नजर आए।

शाम के समय सर्दी और बढ़ जाती है। सुबह और रात के समय कोहरा पड़ने के आसार हैं। 06 जनवरी से फिर मौसम में परिवर्तन देखने को मिलेगा। मौसम विशेषज्ञ प्रचंड सर्दी की संभावना जता रहे हैं। पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश के बीच सर्दी कंपकंपी छुड़ा रही है। अधिकतम तापमान 18 डिग्री व रात का न्यूनतम तापमान 08 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। तापमान के कम होने से सर्दी से अभी राहत के आसार नहीं दिख रहे है। अगले 48 घंटे तक सर्दी से राहत के आसार नहीं हैं। उधर सर्दी के सितम से सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा और बाजार में दुकानदार सन्नाटे में दिखे। पशु पक्षियों ने भी इधर उधर दुबक कर सर्दी से बचाव का प्रयास किया। जबकि लोग अलाव का सहारा लेकर दिन गुजारते और सर्दी से निजात पाते नजर आए।



अलाव के सहारे सर्दी से निजात पाते लोग।

- शुरुआती ठंड से जनजीवन बेहाल, अलाव का सहारा

## पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**छिबरामऊ कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन , अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा व थानाध्यक्ष विशुनगढ विनोद कुमार कश्यप के पर्यवेक्षण मे थाना विशुनगढ पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना विशुनगढ निवासी ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की पुत्री को घर से बहलाफुसलाकर भगा ले जाने के विवेचना के क्रम में आज दिनांक 29, दिसम्बर 2024 अपर्हता की बरामदगी व प्रकाश मे आये अभियुक्त कुमार पुत्र श्री सन्तराम निवासी ग्राम रायपुर थाना जहानगंज जनपद फर्रुखाबाद को ग्राम रायपुर थाना जहानगंज जनपद फर्रुखाबाद से गिरफ्तार किया गया।

# छेड़छाड़ का किया विरोध तो युवक को पीटकर किया घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

काशीराम कॉलोनी की निवासिनी ने प्रभारी निरीक्षक को लिखित प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया। काशीराम कॉलोनी निवासिनी इरम पत्नी शमशाद ने कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र में कहा है कि प्रर्थनी काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 50 में रहती है प्रथनी का पति बाहर रहता है।

स्कूल छोड़ने के लिए बच्चों को जाती है तब ऊंचा वृत्तीय निवासी अयान पुत्र नासिर व अन्य साथी परेशान करते हैं पकड़ने की कोशिश की तो प्रथनी द्वारा शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आकर उसको छुड़ाया पीड़ित महिला ने कार्रवाई करने की कोतवाली में गुहार लगाई की बताया मोहल्ला वृत्तीय के अयान व तीन चार अज्ञात व्यक्त आए दिन प्रर्थिनी को गंदी गंदी बातें करते हैं और अश्लील बातें भी करते हैं।

जिससे प्रर्थिनी मजबूर होकर कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है जब प्रर्थिनी के भांजे ने इसका विरोध किया तो आयन पुत्र नासिर व अन्य साथियों के साथ मारपीट बाद जान से मारने की धमकी देने लगे किसी तरीके से प्रथनी के भांजे ने अपनी जान बचाकर वहां से भाग नहीं तो आरोपी प्रर्थिनी के भांजे को जान से मार देते।

# ट्रक ने पैदल जा रहे युवक को मारी टक्कर, मौत

- अपने मित्र के साथ दिल्ली में नौकरी के लिए जा रहा था युवक

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के फगुहा भट्ठा गांव के निकट सोमवार की दोपहर पैदल जा रहे एक युवक को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी।

हादसे में युवक की मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। उधर घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। कोतवाली क्षेत्र के सियापुर काछी गांव निवासी घनश्याम (26) पुत्र मोतीलाल अपने गांव के ही मित्र मोहित पुत्र बादाम सिंह के साथ सोमवार की दोपहर दिल्ली जाने के लिए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के फगुहा कट के निकट पैदल जा रहा था। वह दिल्ली की एक प्राइवेट कम्पनी में नौकरी के लिए जा रहा था। जब वह फगुहा गांव के निकट पहुंचा, तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे एक ट्रक ने उसके टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे को देख आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने घायल को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। यहां उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी पर पहुंची तिर्वा कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मामले में तिर्वा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनको अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।





## युवती को भगा ले जाने के मामले में युवक को भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** युवती को बहला फुसलाकर भाग ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बिशुनगढ़ थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में थाना बिशुनगढ़ पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकरण कराया था। पुलिस ने विवेचना के क्रम में अपर्हता की बरामदगी व प्रकाश में आएं अभियुक्त सनी कुमार (22) पुत्र सन्तराम निवासी ग्राम रायपुर थाना जहानगंज- फर्रुखाबाद को थानाध्यक्ष विनोद कुमार कश्यप के नेतृत्व में पुलिस ने ग्राम रायपुर थाना जहानगंज से गिरफ्तार किया। वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## खबरें एक नजर में

### मां बेटा और पुत्री से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पारिवारिक बंटवारे की रंजिश को लेकर परिवार के लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया तथा बीच बचाव में आए उसके पुत्र व पुत्री से भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम डिलियाभूड़ निवासिनी सुनीता देवी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीते रविवार की सुबह 6.30 बजे परिवार के ही जगदेव, कलावती और टर्रा ने पारिवारिक बंटवारे को लेकर दरवाजे पर जाकर उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए उसके पुत्र शिवपाल और उसकी पुत्री को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पैसा वापस मांगने पर मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उधार दिये हुए पैसे वापस मांगने पर पड़ोसी युवक ने महिला से गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी थी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपित युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम निकोवनपुर्वा निवासिनी सुमन शुक्ला पत्नी श्री लाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीते शनिवार की सुबह करीब 08 बजे गांव के ही शोभित से जब वह अपना 07 महीने पहले दिया हुआ 20 हज़ार रुपये बापस मांगने गई। तो उसने गाली गलौज की। विरोध करने पर उसके घर में घुस गया और उसे लात घुसों से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर गुल सुनकर गांव के ही कुछ लोगों ने उसे बचाया। आरोपित युवक जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बंबा से छठी माता मंदिर तक संपर्क मार्ग पर रपटा निर्माण की मांग

**जालौन,उरई।** उरई रोड स्थित बंबा से छठी माता मंदिर तक संपर्क मार्ग उरई-जालौन फोरलेन से जुड़ने के लिए रपटा नहीं बना है। जिससे मोहल्ले के लोगों और भक्तों को आने जाने में परेशानी होती है। पीड़ित मोहल्ले के लोगों ने डीएम से इस रास्ते पर रपटा बनवाने की मांग डीएम से की है। उरई रोड पर बंबा के बगल से छठी माता मंदिर तक संपर्क मार्ग है। इसी मार्ग पर मोहल्ला नया भवानीराम में कुछ लोगों के मकान होने के साथ ही नहर कोठी भी स्थित है। उरई जालौन फोरलेन से जुड़े इस संपर्क पर फोरलेन से पर चढ़ने व उतरने के लिए रपटा नहीं बना है। फोरलेन पर चढ़ने व उतरने के लिए लगभग एक फीट की ऊंचाई है। ऐसे में मंदिर पर जाने वाले भक्तों को दिक्कत होती है। इस मोहल्ले में रहने वाले लोगों को भी प्रतिदिन यहां चढ़ना उतरना होता है। बाइक अथवा कार से इस मार्ग पर चढ़ने व उतरने में उन्हें परेशान होना पड़ता है। नीचे का हिस्सा सड़क से टकराने का डर बना रहता है।

# गांवों में लगातार विद्युत विभाग लगा रहा शिविर

- ओटीएस योजना में 220 लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन
- शिविर में 22 लाख रुपए की जमा हुई धनराशि

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

विद्युत विभाग की तरफ से रोजाना ओटीएस छूट का गांव- गांव में शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को इसका लाभ दिलाया जा रहा है। सोमवार को जनपद के गुरसहायगंज, इंदुइयागंज, रसूलपुर, अनौगी, गुगरापुर में एकमुश्त समाधान योजना ओटीएस छूट के लिए शिविर लगाया गया। जिसमें गुरसहायगंज में 110, इंदुइयागंज में 18, रसूलपुर 15, अनौगी में 21, गुगरापुर में 50 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। शिविर में 22 लाख रुपए की धनराशि जमा की गई।

गुरसहायगंज एसडीओ ब्रजेश कुमार ने बताया कि शिविर में लगभग 220 रजिस्ट्रेशन हुए है। जिसमें 22 लाख रुपए की धनराशि जमा की गई है। बताया कि रोजाना एकमुश्त समाधान ओटीएस शिविर गांव- गांव लगाए जा रहे है। जिसमें उपभोक्ता अपने बकाया बिजली बिल रजिस्ट्रेशन कराकर जमा कर सकते है। उन्होंने बताया कि गांवों में बकाया बिजली बिल एकमुश्त समाधान योजना तहत लाभ दिया जा रहा है।




गांव में शिविर लगाकर पंजीकरण करते विभाग के कर्मचारी

# ओटीएस योजना में दस फीसदी विद्युत उपभोक्ताओं ने कराया पंजीकरण

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा तमाम प्रकार के जागरूकता अभियान के वावजूद बकायेदार उपभोक्ता विभाग की चलाई जा रही एक मुफ्त समाधान योजना (ओटीएस) के प्रति दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

15 दिन बीत जाने के बाद मात्र 10 फीसदी उपभोक्ताओं के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है। उल्लेखनीय है कि विद्युत उपखंड क्षेत्र कालपी में बाकायदा उपभोक्तों की संख्या बहुत ही अधिक है 13 हजार बकायदार उपभोक्ताओं के पंजीयन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था यह योजना 15 दिसंबर 2024 से शुरू की गई थी लेकिन 15 दिन गुजर जाने के बाद मात्र 1000 उपभोक्ताओं के द्वारा ओटीएस योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन कराया गया है विद्युत उपखंड क्षेत्र कालपी में चार सब स्टेशन आते हैं।जिनमें महेवा सब स्टेशन, न्यामतपुर सब स्टेशन, उसरगांव लंगरपुर सब स्टेशन तथा कालपी विद्युत सबस्टेशन शामिल है। उपखंड अधिकारी ने बताया कि ओटीएस योजना के अंतर्गत पंजीकरण करने वाले बकायदार उपभोक्ताओं को 30 सितंबर 2024 तक के विद्युत बिलों में समस्त व्याज को माफ कर दिया जायेगा। ज्ञात हो कि बीते दिनों अवर अभियंता जितेंद्र सिंह, टीजीटू अभिषेक कुमार के साथ उपखंड अधिकारी आदर्श राज के नेतृत्व जागरूकता रैली निकाली गई थी। उपभोक्ताओं को जागरूक करते हुए उपखंड अधिकारी ने बताया कि ओटीएस योजना 15 दिसंबर 24 से लागू हो चुकी हैं, बकायेदार उपभोक्ता जितनी जल्दी पंजीकरण करायेंगे सरचार्ज में उपभोक्ताओं को उतना अधिक सरचार्ज मिलेगा। योजना में घरेलू, वाणिज्यिक, निजी संस्थान एवं औद्योगिक श्रेणी के समस्त भार के उपभोक्ताओं को शामिल किया गया है। योजना के लिए जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर लाभ लें।

# प्रत्येक मरीज की जांच सीएचसी में ही कराना हो सुनिश्चितः एसीएमओ

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीरेंद्र कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी के समस्त वार्डो तथा कक्षों का निरीक्षण करके रोगियों का तत्परता से उपचार करने के लिये डॉक्टरों तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये।जिला मुख्यालय से प्रातः 11 बजे अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पहुंचे। दो घंटे के औचक के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठंडक के मौसम में रोगों को देखते हुए ओपीडी तथा वार्ड में भर्ती मरीजों के हालचाल को जाना व रोगियों को बेहतर उपचार सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला व लैब के निरीक्षण के दौरान कहा कि जांचों के लिए मरीजों को परेशान नहीं किया जाये। सभी मरीजों की सीएचसी परिसर में ही जांच कराई जाए।

कोल्ड चैन में वैक्सीन दवाइयों के रखरखाव की स्थिति को देखा। अपर सीएमओ ने औषधि भंडारण कक्ष तथा औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण करके अभिलेखों से दवाइयों का मिलान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि शीतकालीन मौसम की वजह से दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रहना चाहिए। एक्स-रे मशीन कक्ष, आक्सीजन की उपलब्धता, प्रसव कक्ष का निरीक्षण कर जायजा लिया।

इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता, चिकित्साधिकारी डा. विशाल सचान, डॉ. शेख शहरयार, डॉ. गोपाल जी द्विवेदी, चीफ फर्मेसिस्ट वीरेंद्र कुमार आदि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य सम्बन्धी सूचनाये समय-समय पर निर्धारित अवधि में पहुंचाये इसमें किसी भी तरह की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विनोद कुमार, रामसजीवन गुप्ता, ममता, किरन राठौर, मोहिनी त्रिपाठी से अपर चिकित्सा अधिकारी ने सीएचसी में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली।



सीएचसी का निरीक्षण करते अपर चिकित्सा अधिकारी तथा चिकित्सा अधीक्षक।

# भाजपा ने की मंडल अध्यक्षों व जिला प्रतिनिधियों की घोषणा

- जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने सभी को दी शुभकामनाएं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार को भारतीय जनता पार्टी ने मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। यह घोषणा जिला चुनाव अधिकारी विंध्यवासिनी ने की है। प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडे की संस्तुति के बाद मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधियों के नामों पर मुहर लगी। इस बार भाजपा ने नए कार्यकर्ताओं को एक बार फिर से मौका दिया है। और उन्हें मंडल अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। हालांकि जिले के तीनों विधान सभा के अन्तर्गत आने वाले 16 मंडलों में से 15 मंडलों के मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि के नाम की घोषणा की गई। पार्टी द्वारा जारी की गई सूची के अनुसार कन्नौज नगर से शिवेंद्र कुमार, देहात से लोकेंद्र सिंह चौहान, मानीमऊ से राजेश राजपूत, जलालाबाद से रजनीपाल, ठठिया से राजन अवस्थी को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं छिबरामऊ नगर से दिलीप गुप्ता, देहात से आदित्य राजपूत, गुरसहायगंज से धर्मेंद्र कौशल, तेराजाकेट से अरुण सिंह, तालग्राम से विपिन तिवारी, प्रेमपुर से शिवकुमार सिंह, उमर्दा से योगेश नारायण चतुर्वेदी, सौरिख से मंजेश पाल, मढ़पुरा से प्रबल प्रताप सिंह, हसेरन धर्मेंद्र शाक्य को मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा पार्टी की तरफ से जिला प्रतिनिधि के नामों पर मुहर लगा दी गई। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने सभी को शुभकामनाएं दी और दायित्वों का कुशल निर्वहन करते हुए पार्टी संगठन को मजबूत करने की शपथ दिलाई।

# मंडलायुक्त ने एक करोड़ के बजट वाली परियोजनाओं जानी जमीनी हकीकत

## 11 ट्यूबबेल, 3 ओवरहेड टैंक्स बनाकर 65 हजार की आबादी को जलापूर्ति का लक्ष्य, जुलाई 2025 से नगरवासियों को होने लगी पानी की सप्लाई

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को एक करोड़ से अधिक लागत की परियोजनाओं का मण्डलायुक्त झांसी मण्डल झांसी, नोडल अधिकारी विमल कुमार दुबे के साथ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जालौन नगर पालिका परिषद पेयजल योजना के अंतर्गत जालौन वाटर सप्लाई व ग्राम पंचायत अकोढ़ी दुबे में जल जीवन मिशन, हर घर जल टंकी व कलेक्ट्रेट में बन रही निर्माणाधीन रिकार्ड रूम का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।,मण्डलायुक्त ने जालौन वाटर सप्लाई के बारे में जानकारी की जिस पर संबंधित अधिकारी ने बताया कि रुपए 4560.61 लाख की लागत से जालौन वाटर सप्लाई का कार्य किया जा रहा है जिसमें 9 नये ट्यूबबेल, 2 रिबोर ट्यूबबेल, 3 अवर जलाशय (क्षमता 500 किली, 450 किली एवं 600 किली), 03 उच्च जलाशय (क्षमता 1550 किली 22 मी. स्टेजिंग, 1800 किली 22 मी. स्टेजिंग एवं 2350 किली 22 मी. स्टेजिंग) पाईप लाइन 120.10 किमी तथा गृह संयोजन 14586 एवं तत्संबंधित कार्य किया जाएगा। मण्डलायुक्त ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार जनपद के भ्रमण कार्यक्रम में नव निर्मित परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया है, जिसमे अमृत-2 मिशन के अंतर्गत जालौन में सामान्यजन को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता कराये जाने के संबंध में इस परियोजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में 9 नये ट्यूबबेल और 2 ट्यूबबेल को पुनर्जीवित किया जा रहा है और इस 11 ट्यूबबेल के माध्यम से 3 ओवर हेड टैंक्स बनाकर के लगभग 65 हजार की आबादी को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने की योजना है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन बिल्डिंग में पब्लिक रिसेप्शन एरिया भी बनाया जाए जिससे आने वाले व्यक्तियों को बेहतर सुविधा मिल सके।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना अभी समय से चल रही है, इसका जो लक्षित समय है जिसके अंतर्गत इस परियोजना का निर्माण कार्य पूरा होगा, समय जुलाई 2025 है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता काफी अच्छी है, और कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने निर्देशित किया गया निर्माणाधीन परियोजना निर्धारित समय मे कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जालौन के नगर पालिका क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों के लिये शासन की मंशानुसार शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हो जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, कार्यदायी संस्था, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, एसडीएम विनय मौर्य, डॉ. एनडी शर्मा, आदि मौजूद रहे।



पेयजल परियोजना का निरीक्षण करते मंडलायुक्त विमल दुवे।

# हर व्यक्ति कलियुग में भगवान के नाम का करें अवश्य स्मरण

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय ठड़ेश्वरी परिसर में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण का रुक्मिणी विवाह की कथा को सुनाकर भक्ति गणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा व्यास अनन्त विभूषित वैष्णव पीठाधीश्वर महन्त देवनारायण दास महाराज (वेदान्ताचार्य) के कृपापात्र शिष्य परमसंत राघवदास महाराज गौरियापुर धाम अकबरपुर जनपद कानपुर देहात के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा पुराण में छठवें दिन रुक्मिणी विवाह की कथा को सुनाकर भक्ति गणों को भावा विभोर कर दिया। जिसका समापन कल 31 दिसम्बर को होगा। एक जनवरी को हवन पूजन के बाद भण्डारा प्रसाद का आयोजन किया जाएगा। भगवताचार्य परमसंत राघव दास महाराज के गुरु वेदान्ताचार्य महाराज श्रीमद् भागवत कथा पुराण में शामिल होकर भक्ति गणों को अपने मधुर वाणी में भगवान और भक्त की कथा को सुनाते हुए कहा जो मनुष्य भगवान की जितनी भक्ति करते हैं उन्हें भगवान की कृपा से मोक्ष को प्राप्त होते हैं। इसी लिए कहा गया कि कलियुग केवल नाम अधारा समिर-सुमिर नर उतरहिं पारा। उन्होंने बताया कि कलियुग में केवल भगवान का नाम अवश्य करते रहें जिससे उनका संसार के माया मोह से छुटकारा सके। पारीक्षित ठा.ज्ञान सिंह व उनकी धर्मपत्नी मीरा देवी (दमा वाले) ने सभी भक्तगणों से अपील की है कि उपरोक्त कार्यक्रम में शामिल होकर अपने-अपने जीवन को धन्य बनाने के साथ भण्डारा का प्रसाद भी आकर गृहण करें।

# समाजसेवी की मां के बरसी कार्यक्रम में पहुंचकर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने दी श्रद्धांजलि

- अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष के चचेरे भाई के घर पहुंचकर व्यक्त की शोक संवेदना

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

समाजसेवी योगेंद्र सिंह राठौड़ स्वदेश की मां के बरसी कार्यक्रम तथा तथा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष के चचेरे भाई की बीते दो दिन पूर्व बीमारी के चलते हुई मौत की सूचना पर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज निवासी समाजसेवी योगेंद्र सिंह राठौड़ स्वदेश की माताका बीते एक वर्ष पूर्व बीमारी के चलते स्वर्गवास हो गया था। जिनका आज बरसी कार्यक्रम था। जिसमें पहुंचे मेजर एसडी सिंह डिग्री कॉलेज के अध्यक्ष तथा नवाबगंज ब्लॉक प्रमुख पति डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने पहुंचकर माताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा समाजसेवी योगेंद्र सिंह राठौर स्वदेश के आवास पर सभी लोगों के हालचाल लिए। इस मौके पर डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव के अलावा, सुरेंद्र सिंह गौर, विजय प्रताप सिंह, अमित प्रताप, जय प्रताप, भोले, देवेंद्र सिंह राजपूत, भोले गंगवार ठेकेदार के अलावा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव राजीव रंजन, संजीव रंजन आदि मौजूद रहे। वहीं ग्राम सिरमौरा बांगर में अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान के चचेरे भाई की दो दिन पूर्व बीमारी के चलते हुई मौत पर साजिद अली के आवास पर पहुंचकर डॉक्टर जितेंद्र सिंह यादव ने मृतक परिवारजनों को सांत्वना दी तथा उनके पुत्रों से उनके हालचाल पूछे।


वरसी कार्यक्रम में भाग लेते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव


साजिद अली खान के आवास पर मौजूद डॉ. जितेंद्र सिंह यादव आदि

## सर्दी लगने से युवक की मौत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बिक्की से सामान लेने जा रहा फेरी विक्रेता अचानक गिर गया। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे लेकर एक निजी डाक्टर के पास जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार जसवीर सिंह पुत्र जगदीश चंद्र उम्र 32 वर्ष निवासी विजय नगर नवाबगंज सुबह 10 बजे कायमगंज फेरी का सामान लेने के लिए बिक्की से जा रहा था, तभी अचानक असंतुलित होकर वह गिर गया। वहां मौजूद लोगों ने घटना की सूचना घायल के परिजनों को दी।



मौके पर पहुंचे परिजन उसे एक निजी चिकित्सक के यहां ले गये। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देखकर उसे किसी अन्य चिकित्सक के पास ले जाने की सलाह दी। जिस पर परिजन घायल को फर्रुखाबाद लेकर आ रहे थे, तभी रास्ते में करीब 2 बजे जसवीर सिंह ने दम तोड़ दिया। जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के चार बच्चे जिसमें दो बेटा प्रशांत 12 वर्ष व कन्हैया लाल 8 वर्ष है तथा दो पुत्रियां राखी 14 वर्ष व दिव्या 10 वर्ष है। पत्नी लाडलीदेवी सहित सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# देशी शराब की दुकान का मुख्य गेट तोड़कर चोरी

- आये दिन हो रहीं चोरी की घटनाओं से पुलिसिया गस्त की खुल रही पोल
- दिसंबर में हुई एक दर्जन से अधिक चोरियों की पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शमसाबाद थाना क्षेत्र के गांव साधौ सराय में मुख्य मार्ग पर स्थित ठेका देशी शराब की दुकान से अज्ञात चोरों द्वारा प्रिंटर, सीसी टीवी कैमरे का डीवीआर, दो पेटी शराब व 7 हजार की नकदी चोरों द्वारा पार कर दी गई। सेल्समैन के अनुसार वह शौचक्रिया हेतु जब गया था तभी रात्रि लगभग 11 बजे के समय दुकान का मुख्य गेट लोहे की रॉड से तिरछा कर दुकान के अंदर घुस गए और घटना को अंजाम दे दिया। जब वह शौचक्रिया से निवृत्त होकर वापस आया, तो दुकान का गेट टूटा देखकर उसके होश उड़ गए। आनन-फानन में सेल्समैन मानसिंह ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की, लेकिन पुलिस के हांथ कोई सुराग नहीं लग सका। ज्ञात हो कि शमसाबाद थाना क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रीय ग्रामीणों में दहशत है, लेकिन थाना पुलिस द्वारा एक महीने में हुईं एक दर्जन चोरियों में आज तक थाना पुलिस ने किसी भी चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज नहीं किया है न ही किसी भी चोरी का खुलासा कर सकी है। ज्ञात हो कि 9 दिसंबर को थाना क्षेत्र के गांव पसियापुर से 5 घरों से चोरी हुई पुलिस आज तक खाली हाथ है। 12 दिसंबर को हजियापुर मंदिर से सोने का छत्र चोरी हुआ पुलिस फिर खाली हाथ, 14 दिसंबर को फैजबाग चौकी की दीवार से सटे मशीनरी स्टोर से हजारों की चोरी हो गई पुलिस फिर खाली हाथ, 20 दिसंबर को हजियापुर गांव में दो घरों से चोरी पुलिस फिर खाली हाथ, 22 दिसंबर की रात्रि शमसाबाद नगर के बाग मोहल्ला निवासी अजीत के बंद पड़े घर से हजारों की चोरी पुलिस आज तक खाली हाथ, 23 दिसंबर को हंसापुर गौराई के तीन घरों से चोरों ने हजारों की चोरी कर पुलिस को चुनौती दी थाना पुलिस फिर खाली हाथ। इसे थाना पुलिस की लापरवाही कहा जाय तो ज्यादा बेहतर होगा।

एक तरफ जहां थाना पुलिस ग्रामीण क्षेत्रों में गस्त लगाने का दावा कर रही है तो वहीं लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रही है। वहीं लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आम जनमानस में आक्रोश व्याप्त है।


चोरों द्वारा तोड़ा गया शराब ठेके का गेट

# बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में पांच युवक घायल, लोहिया रेफर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

बाइकों की भिड़ंत में दोनों बाइकों पर सवार पांच लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार जहानगंज के थाना क्षेत्र के ग्राम सरफाबाद के मजरा गुलरिया निवासी ओमपाल पुत्र राकेश, रामू पुत्र रामगोपाल के साथ अपने गांव गुलरिया के पास स्थित बाजार ग्राम गढ़िया में सब्जी एवं दवाई लेने बाइक से आ रहे थे।

रास्ते में रसूलपुर मोड़ पर गढ़िया की तरफ से आ रहे रवि, लव, प्रवीन निवासी ग्राम गुलरिया सरफाबाद थाना जहानगंज जो कि बाइक से गांव की तरफ आ रहे थे, की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिससे दोनों बाइकों पर सवार पांचों लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें 108 एंबूलेंस द्वारा सीएचसी कमालगंज ले जाया गया। बताया गया है कि दो युवकों के पैर में गम्भीर चोटें आयी हैं एवं दो युवकों के चेहरे पर चोटें आयी हैं एवं ओमपाल पुत्र राकेश को सीएससी में इलाज के दौरान छुट्टी कर दी गई है। उसे परिजन अपने गांव वापस ले गए हैं।


अस्पताल में भर्ती घायल

### मारपीट व जान से मार देने की धमकी में दो सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव कुरार निवासी भूपेंद्र सिंह उर्फ बसंत पुत्र रामदास दिवाकर ने गांव के ही नन्हें व नेत्रपाल पुत्रगण रामदास कठेरिया के विरुद्ध मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 26 दिसम्बर को लगभग समय रात 8 बजे उक्त आरोपितों ने भूपेंद्र से तम्बाकू मांगी तो तम्बाकू देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर उक्त आरोपितों ने भूपेंद्र के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। मारपीट में भूपेंद्र के काफी चोटें आ गईं। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच उपनिरीक्षक रवि सोलंकी के सुपुर्द कर दी है।

# आलू लुढ़का, 1301 से 1401 रुपये प्रति कुंतल बिका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एशिया प्रसिद्ध सातनपुर आलू मंडी में आज भाव 601 से 721 रुपये प्रति पैकेट बिका। वहीं खुल्ला आलू 1301 से 1401 रुपये प्रति कुंतल बिका।

जानकारी के अनुसार आलू आढ़ती सोनू ने बताया कि सोमवार को आलू की आमद करीब 70 से लेकर 75 मोटर रही। हल्की फुल्की बरसात होने के कारण आलू में नमी है।

वहीं आलू के भाव की अगर बात करें, तो आलू का भाव 650 से 750 रुपये प्रति पैकेट रहा। खुल्ला आलू 1301 से 1401 रुपये प्रति कुंतल बिका। बीते दिन की अपेक्षा आज आलू के भाव में 80 रुपये की गिरावट दर्ज की गयी।

वहीं न्यू हालैण्ड आलू 801 रुपये प्रति पैकेट बिका। यह आलू सबसे अच्छा माना जाता है। वहीं आढ़ती हरिश्चंद्र राजपूत ने बताया कि आलू की आमद 70 से 75 मोटर रही। वहीं खुला ट्राली आलू ज्यादा आया। लिवाली बढ़िया रही। उन्होंने बताया कि आलू 1350 से लेकर 1500 तक रही। यानी जैसी क्वालिटी वैसा रेट। अच्छा मोटा आलू 1500 रुपये कुंतल तक बिका। वहीं आलू आढ़ती अमित ने बताया कि कल से ज्यादा आलू आज आया और कल से आज आलू कुछ सस्ता बिका।


सातनपुर मंडी में आलू की होती बिक्री

# सैकड़ों वर्ष पुराने शिवालय में हुई शिवलिंग की स्थापना

- जलाभिषेक के साथ पूजा अर्चना शुरू, पुलिस रही मौजूद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में सैकड़ों वर्ष पुराने मिले शिवालय में शिवलिंग स्थापित कर पूजन अर्चना किया गया।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम माधौपुर में शनिवार को दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वर दास महाराज के नेतृत्व में अखिल भारत हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा के सानिध्य में हिंदू महासभा के नेता और कार्यकर्ता एवं हिंदू आदि नेता मौके पर पहुंचे और शिवालय को कब्जा मुक्त कराया। हिंदू महासभा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के द्वारा मंदिर की साफ -सफाई की गई और शाम को शिवलिंग स्थापित कर दिया गया। सोमवार दोपहर सोमवती अमावस्या के शुभ अवसर पर शिवालय में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के साथ ही दूध, दही, शहद व पंचामृत से भगवान भोलेनाथ को स्नान कराया गया। शिवालय तक जाने के लिए शनिवार को राजस्व कर्मियों ने दो खेतों के बीच 5 मीटर चौड़ा रास्ता नापा था। रविवार को प्रशासन की तरफ से दो खेतों के बीच से जेसीबी द्वारा रास्ता डलवा दिया गया था।

जिससे शिव भक्त आराम से शिवालय में पूजा अर्चना करने के लिए जा सकेंगे। दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंतेश्वरदास महाराज ने कहा कि जिस प्रकार से काशी में कण-कण में भगवान शिव विराजमान हैं। इसी प्रकार फर्रुखाबाद में भी कण-कण में शिव हैं। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद जनपद में जितने भी शिव मंदिर हैं वह सभी कब्जा मुक्त कराए जाएंगे और इसी प्रकार से वहां पर पूजा अर्चना प्रारंभ की जाएगी।


पूजा अर्चना करते ईश्वरदास ब्रह्मचारी व हिन्दूवादी नेता

### मंदिरों के पास बने शराब ठेके हटवाये जाएंगे: ईश्वर दास महाराज

जिले के मंदिरों के पास शराब के ठेके खोले जाने के सवाल पर महंतेश्वरदास महाराज ने कहा कि इसके खिलाफ जिले में एक बड़ा अभियान चलाया जाएगा और मंदिरों के पास से शराब के ठेके हटवाये जाएंगे और यह पूरा कार्य कानून के दायरे में होगा। हिंदू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने बताया कि कार्यकर्ता लगातार मंदिर की सफाई करने में जुटे हुए हैं और सोमवार को सोमवती अमावस्या के शुभ मुहूर्त में मंदिर में शिवलिंग स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। बताया गया कि शिवालय में सिर्फ अर्ग था। शिवलिंग किसी ने चोरी कर लिया है था। उसे लाकर स्थापित किया गया है। उसके बाद पूजा अर्चना की जा रही है। दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वर दास महाराज के नेतृत्व में शिवालय पर ही हिंदूवादी लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई और शिवालय के जीर्णोद्धार को लेकर चर्चा की गई।

### जान से मारने की धमकी के मामले में दी तहरीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फोन पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पीड़ित ने फर्रुखाबाद कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की। शहर कोतवाली के नेहरु रोड निवासी अंकित गुप्ता पुत्र स्व0 ईश्वरचंद्र गुप्ता ने बीते दिन कोतवाली में दी गयी तहरीर में दर्शाया कि प्रभाकर राजपूत पुत्र सतीशचंद्र राजपूत निवासी अताईपुर ने मुझे फोन कर अपशब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी दी। पूर्व में कई बार अपनी लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारने की भी धमकी दे चुके हैं। शिकायतकर्ता ने अपनी जान को खतरा बताते हुए मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही कर न्याय दिलाने की मांग की। वहीं पीड़ित ने फोन पर दी गयी धमकी की ऑडियो रिकार्डिंग भी पुलिस को दी है।

# डेग पर गाना बजाने से मना करने पर लाठी डन्डों से पीटकर किया घायल

- पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पूजा का मेडीकल परीक्षण करवाया
- मन्सूर नगर थाना कायमगंज के यहाँ भान्जे के डस्ठौन में शामिल होने आई थी महिला

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

जनपद कासगंज के थाना सहावर क्षेत्र के गॉव भीमनगर निवानी पूजा पत्नी ओम प्रकाश ने कायमगंज पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह अपने मायके में मम्मी राजरानी पत्नी दयाराम निवासी मन्सूर नगर थाना कायमगंज के यहाँ भान्जे के डस्ठौन में शामिल होने आई थी।

घर पर उसका भाई पन्नालाल डेग पर गाने बजा रहा था, तभी गॉव के रतन सिंह पुत्र रामनाथ अपनी बेटी राखी सहित अन्य परिजनों के साथ मेरे घर आये और आते ही मेरे भाई पन्नालाल को गाली देते हुए बोले साले गाना बजाना बन्द कर दे। जब हमारे भाई ने उन्हें मना किया तभी उक्त लोग मेरे भाई के साथ मारपीट करने लगे। भाई को पिटता देख बीच बचाव के लिए आई पूजा को भी उक्त लोगों ने लाठी-डन्डों से मारपीट कर घायल कर दिया।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर पूजा का मेडीकल परीक्षण करवाया।


जानकारी देती घायल पूजा

# जातीय दीवारें तोड़ भाजपा नेता ने मुस्लिम युवती से किया निकाह

- जन्मदिन की पार्टी के बहाने निकाह की रस्में की गयी पूरीं
- कई भाजपाई गुपचुप तरीके से हुए शामिल, हर ओर निकाह की चर्चा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कहावत है कि प्यार जाति पांति कुछ नहीं देखता है। प्यार में डूबा व्यक्ति सब कुछ भूलकर हमसफर किसी भी जाति व धर्म का हो, उसे अपना बना लेता है। ऐसा ही एक मामला कायमगंज के नगर में देखने को मिला। जहां भाजपा नेता ने एक मुस्लिम युवती को अपना हमसफर बना लिया।

इस कार्यक्रम में भाजपा के कई जाने माने चेहरे शामिल हुए। हालांकि इस निकाह में सांसद को भी आमंत्रित किया गया, लेकिन जब उन्हें सच्चाई का पता चला, तो उन्होंने विवाह में जाने से किनारा कर लिया।

बताते चलें कि बीते दिन नगर के एक गेस्ट हाउस में जन्मदिन की पार्टी रखी गयी थी। जिसमें कई भाजपा नेताओं के अलावा नाते रिश्तेदारों व शुभचिंतकों को आमंत्रित किया गया था, लेकिन जन्मदिन पार्टी के बहाने असल में निकाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जब इसकी भनक लोगों को लगी, तो निकाह कार्यक्रम स्थल को बदल दिया गया। आनन-फानन में निकाह सम्पन्न कराया गया। इसमें कुछ गिने चुने भाजपा नेता ही शामिल हुए। वहीं सांसद को भी इस निकाह में आमंत्रित किया गया था, लेकिन उन्होंने समाज की रुसवाइयों से बचने के लिए कार्यक्रम में जाना उचित नहीं समझा। हालांकि कार्यक्रम की सारी तैयारियां लड़की पक्ष की ओर से की गयी थीं। जहां भाजपा जाति विशेष की शादी को लेकर खिलाफ रहती है। हिन्दू महासभा भी जमकर विरोध करती है, लेकिन इस निकाह कार्यक्रम को लेकर भाजपा व अन्य हिन्दूवादी संगठन चुप्पी साधे बैठे हैं। युवती एक चर्चित भाजपा नेत्री जो बीते चुनाव में भाजपा से टिकट की दावेदारी भी कर चुकी है उसकी बहन बतायी जा रही है। वहीं भाजपा नेता स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर कार्यरत होना बताया गया है और एक जनप्रतिनिधि का बहुत ही करीबी अपने आपको बताता है।

शादी में जब मुस्लिम परिवार द्वारा शाकाहारी भोजन बनवाया गया तो आने वाले आमंत्रियों को कुछ शक हुआ, लेकिन कुछ समय बाद ही जब वहां शादी की चर्चा आम हुई तो लोग कानाफूसी करते और मोबाइल पर एक दूसरे को फोन कर जानकारी हासिल करने में जुट गए। सूत्र बताते हैं कि लोगों की चर्चाओं के कारण भाजपा नेता इस कार्यक्रम में शामिल होने देर रात तक नहीं आये थे। इस विवाह की जानकारी जुटाने के लिए भाजपा नेता के कई साथी तो बिना बुलावे के ही गेस्ट हाउस के इर्द-गिर्द मंडराते नजर आए। बताते हैं कि जब लगा कि अब इसकी जानकारी लोगों को हो गयी तो देर रात किसी अन्य स्थान पर निकाह की रस्में संपन्न हुईं। इस शादी को लेकर दोनों परिवारों की परिजन भी पूरी तरह संतुष्ट दिखायी दिये और उनकी रजामंदी से ही यह विवाह संपन्न हुआ है।

कुछ लोग बता रहे है कि हिन्दू रीति रिवाज से विवाह कराया गया। सूत्रों की मानें तो कई भाजपा नेता देर रात कार्यक्रम में पहुंचे। भाजपा नेता द्वारा किये गये विवाह की चर्चा सोशल मीडिया पर सबसे पहले एक जनप्रतिनिधि की पुत्रवधू ने पोस्ट डाली थी। अब जब मामला चर्चा में आ गया, तो दोनों पक्षों की ओर से ऐसे किसी भी आयोजन के होने की बात से इन्कार किया है।

समृद्धि न्यूज़



# नेशनल शोतोकान कराटे प्रतियोगिता में अर्पिता व पाखी ने जीता गोल्ड मेडल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 27 व 28 दिसम्बर को हुई नेशनल कराटे प्रतियोगिता में नेशनल शोतोकान कराटे एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश की टीम में जनपद से कराटे खिलाड़ी अर्पिता व पाखी सक्सेना ने भी प्रतिभाग कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रदेश की टीम को आयोजनकर्ता संजय इंगले ने मोमेंटों विजेता खिलाड़ियों को दी। दोनों खिलाड़ियों के जनपद वापस लौटने पर लोगों ने बधाई दी।



ट्रॉफी के साथ मौजूद विजेता टीम

प्रतियोगिता में केरल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, तेलांगना, हैदराबाद आदि प्रदेश की टीम ने प्रतिभाग किया था। मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी प्रबल भारद्वाज कांस्य रजत, वाष्णवी चतुवेर्दी कांस्य रजत, पाखी स्वर्ण रजत, चेतन सिंह रजत कांस्य, अदिति कांस्य, अर्पिता भारद्वाज स्वर्ण, आभ्या रजत, उमंग रजत, वाष्णवी वर्मा कांस्य, सक्षम रस्तोगी रजत, तनीषा दीक्षित कांस्य, दीक्षा गौर रजत, आरव रस्तोगी रजत, वेदांत रस्तोगी रजत कांस्य, सुंदरम कांस्य, रिद्धि रस्तोगी रजत कांस्य, शौर्य रजत कांस्य, पुष्कर भारद्वाज रजत, कृष्णा गुप्ता कांस्य, रितिक रजत, श्रेष्ठ वर्मा कांस्य ने जीते है। सभी खिलाड़ियों ने काटा और कुमाइट दोनों में प्रतिभाग किया। दोनों प्रतियोगिता में मेडल आए हैं। खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और अभूतपूर्व कला का प्रदर्शन किया है। कोच पारस भारद्वाज और आरती भारद्वाज ने कहा इन बच्चों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन करके नेशनल स्तर पर अपना व अपने जिले का नाम रोशन किया है। टीम की उपलब्धि पर संस्था चेयरमैन मोनिका यादव, संरक्षक ठा0 सर्वेन्द्र सिंह, सुमन राठौर, प्रतिष्ठा ठाकुर, प्रदीप गौर, संजीव कटियार, सोनू ठाकुर, पप्पी गुप्ता, सतीश तिवारी, लाल जी सक्सेना ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

# चोरों ने कम्पोजिट विद्यालय का ताला तोड़कर उड़ाया सामान

- प्रधानाध्यापक ने घटना के संबंध में पुलिस को दी तहरीर



चोरों द्वारा तोड़ा गया कमरे का ताला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कम्पोजिट विद्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने एलईडी टीवी व मिड-डे-मील का सामान तथा खेल किट आदि चोरी कर ली। घटना की जानकारी होने पर प्रधानाध्यापक ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र तलैया लेन स्थित कम्पोजिट विद्यालय क.प्रा.वि. है। सोमवार सुबह जब सफाई कर्मी शरमीला विद्यालय पहुंची तो उसने देखा कि ताले टूटे पड़े थे और कमरा खुला था। अंदर जाकर देखा तो एलईडी टीवी गायब थी। रसोई घर के अंदर जाकर देखा तो मिड-डे-मील का सामान भी गायब था। घटना की सूचना प्रधानाध्यापक को दी। मौके पर पहुंची प्रधानाध्यापक ने घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। प्रधानाध्यापक ने बताया कि चोर स्कूल से एक एलईडी टीवी व रसोई के बर्तन, खाद्यान्न, खेल किट, म्युजिक सिस्टम व कुछ पुराना रिकार्ड चोरी हो गया है। प्रधानाध्यापक ने घटना के संबंध में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

# सर्दी व शीतलहर के चलते विद्यालय समय परिवर्तित करने की मांग



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते संदीप कुमार व अनिल सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अत्याधिक सर्दी एवं शीतलहर कारण विद्यालय के समय में परिवर्तन करने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महामंत्री डॉ. संदीप कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह व अन्य पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में दर्शाया कि अत्याधिक सर्दी व शीतलहर के कारण छात्र-छात्राओं को प्रातः विद्यालय आने में असुविधा हो रही है। छात्र-छात्राओं के पास सर्दी से बचाव हेतु ऊनी वस्त्र भी पर्याप्त नहीं होते, जिस कारण छात्र-छात्रायें सर्दी व शीतलहर की चपेट में आकर गंभीर बीमार हो सकते है। पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं के हित में विद्यालय का समय 10:30 बजे से 3 बजे विद्यालय संचालन करने की मांग की है। इस दौरान डॉ. बृजभूषण सिंह, योगेश सिंह, गिरिजा शंकर, विनीत चौहान, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. राघवेन्द्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।



साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

## अप्रेन्टिसशिप मेले में 62 अभ्यार्थियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में 6 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। रिक्तियां 155 के सापेक्ष 95 अभ्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। मेला में कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने 95 अभ्यार्थियों का साक्षात्कार कर 62 अभ्यार्थियों का चयन अप्रेन्टिसशिप प्रशिक्षण हेतु किया गया। अप्रेन्टिसशिप मेले की व्यवस्था में प्रमुख रुप से कार्यदेशक बृजेश कुमार, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, अप्रे. प्रभारी रंजीत कुमार, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो एवं स्टाफ मौजूद रहा।

# प्रा.वि. मदारपुर में परीक्षा फल वितरित शीतकालीन अवकाश हुआ घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली चांदनी, रीतिका, अनामिका, रितिक को ज्योमेट्री बॉक्स देकर तथा सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने कहा कि जो बच्चे स्थान पाने से बंचित रह गए है उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है वह और अधिक मेहनत करके अधिक अंक लेकर सम्मान प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि अब कक्षा में फेल होने पर अगली कक्षा में प्रवेश नहीं मिलेगा और उन्हें फिर कक्षा 5 में ही पढ़ना होगा। इसलिए अधिक मेहनत करने की जरूरत है। नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र वितरित किए गए। परीक्षा फल घोषित करने के साथ ही आगामी 14 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश के चलते स्कूल बंद रहेगा।





विद्यार्थियों को ज्योमेट्री बॉक्स वितरित करते राजकिशोर शुक्ला

# युवा नगर अध्यक्ष व महामंत्री का व्यापारियों ने किया स्वागत



युवा नगर अध्यक्ष के साथ रोहन कश्यप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

युवा उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट का रोहन कश्यप राजा को युवा नगर महामंत्री बनाये जाने पर व्यापारियों ने उनका स्वागत किया।

युवा नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव की टीम ने अध्यक्ष व महामंत्री का स्वागत किया। रोहन कश्यप ने कहा कि व्यापारियों के लिए हम 24 घंटे तैयार है। संगठन को मजबूत करेंगे और प्रशासनिक अधिकारियों से व्यापारियों का कार्य करायेगें और व्यापारियों का किसी प्रकार से शोषण नहीं होने देगें। बड़ी संख्या में युवा व्यापारी मौजूद रहे।

# वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम किये प्रस्तुत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि अपर आयुक्त राज्य वस्तु एवं सेवाकर इटावा वंदना सिंह व विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ एनसीसी कैडेट्स द्वारा परेड के साथ किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चो ने डांस कर सभी को मत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने कब्बाली के माध्यम से सभी का मन मोह लिया।

वहीं नर्मदा की व्यथा, देश भक्ति गीतों पर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

छात्राओं ने आम्रपाली नाटक का मचन कर दशर्को को भाव विभोर कर दिया। छात्राओं ने स्टेट डांस प्रस्तुत कर सभी राज्यों की झलक दिखाई। इस दौरान छात्राओ को एनसीसी अवार्ड ग्रह परीक्षा के लिए शकुन्तला देवी स्कालरशिप कक्षा-10, 12 एवं स्नातक व परास्नातक की टॉपर छात्राओं को अवार्ड एव ग्लोरी ऑफ द पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। मुख्य अतिथि वंदना ने बच्चों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह ने छात्राओं के कार्यक्रम एवं उनकी लगन शीलता व परिश्रम की प्रशसा की और उन्हे सदैव अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम प्रस्तुत करती एनसीसी कैडेट्स



मौजूद अतिथिगण

प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने विद्यालय की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रबन्धक मोनिका अग्रवाल ने सभी छात्राओं और शिक्षक व शिक्षकाओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बधाई दी। प्राचार्या वेणू सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन सुरभि श्रीवास्तव एवं प्रभजन कुमार ने किया। इस दौरान शिक्षण संस्थान के प्रबन्ध तन्त्र के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## सेवा समिति द्वारा कम्बल वितरण आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवा समिति फर्रुखाबाद के तत्वाधान में मरहूम मौलाना एजाज अहमद नूरी के जन्मदिवस पर कम्बल वितरण का आयोजन मंगलवार सुबह 11 बजे खैराती खां स्थित आगा साहब की दरगाह पर होगा। यह जानकारी संस्थापक अध्यक्ष फरियाब खां ने दी है।

# भारतीय कृषक एसो. ने जन समस्याओं को लेकर ईओ को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय कृषक एसोसिएशन ने जनसमस्याओं को लेकर तीन सूत्रीय ज्ञापन नगर पालिका अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा को सौंपा।

सौंपे गये ज्ञापन में दर्शाया कि कायमगंज के मैन चौराहे पर कपड़ा विक्रेता द्वारा नाली को पाट दिया गया है। जिससे नाली की साफ-सफाई नहीं हो पा रही। नालियां बंद पड़ी है।

नाली की साफ सफाई कराने की मांग की है। कायमगंज में नगर पालिका तहसील व अस्पताल के दोनों ओर फुटपाथ पर लगी अवैध दुकानें हटवाकर फुटपाथ खाली करवाये जाने की मांग की है। इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमरीश शुक्ला, प्रताप सिंह गंगवार, मुन्नालाल सक्सेना, विनीत कुमार सक्सेना, रामवीर, बिंदु सिंह गंगवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



ईओ को ज्ञापन सौंपते किसान नेता

## नई साल की दस्तक के साथ ही ठंड की नजाकत के दिखे रंग-ढंग

उरई (जालौन)। कहते हैं कि वक्त और मौसम कब अपना रुख बदल ले कुछ कहा नहीं जा सकता यहां सर्दी के मौसम के बारे में भी पिछले कई दिनों से चली आ रही अनिश्चितताएं सोमवार की सुबह यकायक उस वक्त खारिज हो गई जब बीती रात हुई बारिश के बाद सुबह से ही शीतलहर और आसमान मैं छाए बादलों ने स्पष्ट संकेत दे दिया कि अब ठंड की आमद हो चुकी है यही वजह रही की सुबह से देर शाम तक लोग जहां एक और अपनी जुबान से ठंड के असर को बयाकरते नजर आए तो वहीं उनके जिस्मो पर भी अन्य दिनों की अपेक्षा गम और उन्हीं कपड़ों की अच्छी खासी तस्वीर मिली जबकि बाजार में भी गर्म उन्हीं कपड़ों की दुकानों पर अन्य दिनों की अपेक्षा भीड़ नजर आई तो वही बाजारों में जगह-जगह चाय की दुकानों पर भी लोगों की आमद अधिक रही।

# राहुल रेड की स्मृति में अर्पित की गई काव्यांजलि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था अंतस के आरेख के बैनर तले दिवंगत युवा साहित्यकार राहुल रेड की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन अभिमन्यु एकेडमी में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता उस्ताद शायर बहार चिश्ती ने की। संचालन वैभव सोमवंशी सुभग ने किया। मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार जवाहर सिंह गंगवार मौजूद रहे।

जवाहर सिंह गंगवार ने कहा कि साहित्यकारों की युवा पौध ही भविष्य के गुलशन को तैयार करेगी। ऐसा ही एक युवा साहित्यकार राहुल रेड हम सबको असमय छोड़कर चला गया। राहुल से साहित्य जगत को काफी उम्मीदें थीं। उन्होंने कहा कि छोटी सी उम्र में राहुल ने अपेक्षा से अधिक नाम कमाया और लेखन किया। इस अवसर पर गंगा जमुनी तहज़ीब का प्रदर्शन होता रहा। बरेली से आये ग़ज़लकार आनंद पाठक ने बहुत ही सुंदर काव्यपाठ किया। संस्था के अध्यक्ष शुभाशीष पाल, संयोजक हेमंत राजपूत, देवा यादव, जगमोहन गौतम मुसाफिर, अमेठी से आये सागर बंधु गीतकार राम चंद्र सरस, वैभव सोमवंशी, कुमार कौशल, यूनुस चिश्ती, फहमीद गौसपुरी, सोहेल बरेली ने काव्यपाठ किया। अभिमन्यु शूटिंग अकादमी के डायरेक्टर अनिल पाल एवं ज्ञान अर्पण अकादमी के डायरेक्टर बलराम पाल ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया।



काव्यपाठ के दौरान मौजूद युवा

# ब्लाक स्तरीय नवाचार मेले का हुआ आयोजन

- प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक संसाधन केन्द्र कायमगंज पर शिक्षण शिक्षा योजनान्तर्गत ब्लाक स्तरीय नवाचार मेले का आयोजन किया गया।

विकास क्षेत्र कायमगंज के 100 शिक्षकों द्वारा नवाचारी मेले में अपने शिक्षण अधिगम सामग्री को प्रस्तुत किया। खण्ड शिक्षाधिकारी ओम प्रकाश पाल एवं डायट निधी तथा डायट द्वारा नामित पर्यवेक्षक मेधा एवं सन्दर्भदाता इरफान अली राजकीय इंण्टर कॉलेज फतेहगढ़, सुबोध कुमार अग्निहोत्री प्रा0 विधालय जिजपुरा तथा संदीप वर्धन एआपी कायमगंज द्वारा नवचार नालेज रोयरिंग कार्यक्रम में टीएलएम के विषय मे जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट शिक्षण अधिगम सामग्री का चयन करते हुए प्रथम स्थान रुचि गंगवार नीवलपुर, द्वितीय स्थान किरन सागर प्रा0 विधालय मुड़ौल, तृतीय स्थान असमी नाज प्रा0 विधालय अताईपुर जदीद ने प्राप्त किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त शिक्षकों को शील्ड देकर सम्मानित किया।



शिक्षिका को शील्ड देकर सम्मानित करते बीईओ

## अधूरी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाये:मंडलायुक्त

उरई,जालौन। सोमवार को मण्डलायुक्त झांसी मण्डल झांसी, नोडल अधिकारी विमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के साथ विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में फ्लेगशिप स्कीम्स एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने विभिन्न फ्लेगशिप व विभागीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से इन योजनाओं के लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय निर्माण, कचरा प्रबंधन, और स्वच्छता जागरूकता अभियानों का प्रचार प्रसार कराएं।

# ट्रक ने ट्रैक्टर में मारा कट अनियंत्रित होकर पलटा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर में कट मार दिया। जिससे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली पलट गयी। उस पर बैठे किसान ने जहां कूदकर अपनी जान बचायी, वहीं चालक को लोगों ने निकाला। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नगला हंसा के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने गन्ने से भरे ट्रैक्टर ट्राली में कट मार दिया।

जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। उसे पर बैठे किसान ने कूदकर अपनी जान बचायी। चालक को भी लोगों ने सुरक्षित निकाल लिया। जानकारी के अनुसार अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया किराचन निवासी जबर सिंह अपने गन्ने की फसल को लेकर अपने ट्रैक्टर ट्राली से रूपापुर चीनी मिल जा रहे थे, तभी उनके साथ यह घटना घटित हुई। ट्रैक्टर ट्राली पलटते ही फर्रुखाबाद-बदायूं मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। जाम लगने की भनक लगते ही चौकी इंचार्ज विमल कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्होंने अपनी सूझबूझ से कुछ ही देर में जाम को खुलवा दिया और यातायात सुचारु रुप से चालू हो सका।



जाम खुलवाते चौकी इंचार्ज

# तिब्बती पठार व चीन के कई शहरों को निशाना बनाने में सक्षम हुआ भारत

▸ सशस्त्र बलों के लिए गेम चेंजर साबित होगी हाइपरसोनिक मिसाइल

एजेंसी




नई दिल्ली। भारत ने अब हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की मारक दूरी बढ़ाने की तकनीक हासिल कर ली है। यह हाइपरसोनिक मिसाइल 1500 किमी से अधिक की सीमा के साथ तिब्बती पठार और उससे आगे स्थित चीनी सेना के एयरबेस को निशाना बनाने में भारत को सक्षम बनाएगी।

भारत लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित करने वाला पहला देश है, जो ध्वनि की गति से आठ गुना अधिक गति से यात्रा कर सकती है। यह मिसाइल वैश्विक रक्षा प्रौद्योगिकी में एक गेम-चेंजर है, जो किसी अन्य देश के पास नहीं है। डीआरडीओ के मुताबिक यह अभी तक की सबसे लंबी दूरी की एकमात्र पारंपरिक हाइपरसोनिक मिसाइल है, जिसका परीक्षण 16 नवंबर की देर रात किया गया। यह लगभग 3 किमी प्रति सेकंड की गति से 1,500 किमी से अधिक दूरी तक पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह के हथियार ले जा सकती है। भारत की हाइपरसोनिक मिसाइल जो गति, सीमा, सटीकता और पता लगाने की क्षमता के मामले में गेम-चेंजर है, जिससे सशस्त्र बलों को बढ़त हासिल होगी। यह 1500 किमी से अधिक की घोषित सीमा के साथ भारत को तिब्बती पठार और उससे आगे स्थित चीनी सेना के एयरबेस को निशाना बनाने में सक्षम बनाएगी। एसएफडीआर का विकास 2013 में शुरू हुआ और वास्तविक प्रदर्शन शुरू करने के लिए पांच साल की समय सीमा तय की गई।

### एसएफडीआर आधारित मिसाइल प्रणाली का अंतिम परीक्षण सफल

डीआरडीओ के मुताबिक सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) प्रणोदन आधारित मिसाइल प्रणाली का अंतिम प्रायोगिक परीक्षण सफल रहा है। परीक्षण में इस्तेमाल की गई जटिल मिसाइल प्रणाली ने सफलतापूर्वक प्रदर्शन करके मिशन के सभी उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर में तैनात टेलीमेट्री, रडार और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम जैसे कई रेंज इंस्ट्रूमेंट्स ने इस प्रणाली के सफल प्रदर्शन को पुष्ट किया। एसएफडीआर को हैदराबाद की रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला ने डीआरडीओ की प्रयोगशालाओं जैसे हैदराबाद की अनुसंधान केंद्र इमारत और पुणे की उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला के सहयोग से विकसित किया गया है। हाइपरसोनिक मिसाइल की रेंज में चीन के शहर चांगजी, उरुमकी, गोलमुंड, उक्सकताल, झांगये, गुइलिन में पश्चिमी थिएटर कमांड और दक्षिणी थिएटर कमांड के एयरबेस आएंगे। इस मिसाइल का लैंड अटैक वर्जन 1500 किमी से अधिक अंदर तक निशाना लगाने में मदद करेगा। डीआरडीओ ने 13 दिसंबर को ओडिशा तट पर चांदीपुर के एकीकृत परीक्षण रेंज में सॉलिड फ्यूल डक्टेड रैमजेट (एसएफडीआर) का अंतिम परीक्षण किया, जो पूरी तरह सफल रहा है। स्वदेशी रूप से विकसित यह तकनीक भारत को लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल विकसित करने में मदद करेगी।

तालिबानी फरमान :

## महिलाओं के बाहर झांकने पर भी लगी पाबंदी

काबुल। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने महिलाओं के खिलाफ ताजा फरमान जारी किया है। तालिबान के सर्वोच्च नेता ने शनिवार को आदेश जारी कर घरेलू इमारतों में उन जगहों पर खिड़कियां बनाने पर पाबंदी लगा दी है, जहां से महिलाओं के नजर आने की संभावना है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने शनिवार को जारी बयान में कहा है कि इमारतों में ऐसी खिड़कियां नहीं होनी चाहिए जिनसे आंगन, रसोई, पड़ोसी का कुआं और आमतौर पर महिलाओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अन्य जगहों को देखा जा सके। महिलाओं को रसोई, आंगन या कुओं से पानी भरते हुए देखना अश्लीलता को जन्म दे सकता है। अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वो नई बन रही इमारतों पर भी नजर रखें। अगर किसी इमारत में ऐसी खिड़कियां पहले से मौजूद हैं तो मकान मलिकों को इन खिड़कियों के सामने ईंटों की दीवार बनाने के लिए कहा जाएगा।

# ऐसा कोई सगा नहीं, जिसको अरविन्द केजरीवाल ने ठगा नहीं : हरदीप सिंह पुरी

▸ केंद्रीय मंत्री पुरी ने आप के राष्ट्रीय संयोजक व केजरीवाल पर बोला हमला

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रोहिंग्याओं को बसाने के दावों को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। पुरी ने कहा कि झूठ को बार-बार दोहराने से वह सच नहीं हो जाता, बल्कि इससे आपकी बेईमानी उजागर होती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल के विधायक ने रोहिंग्याओं को दिल्ली में बसाने में मदद की और उन्हें मुफ्त राशन, पानी, बिजली और वोटर कार्ड मुहैया कराए। हरदीप पुरी ने एक्स पोस्ट में कहा, झूठ की धूप से तो बर्फ भी नहीं पिघलती, सच तो फिर भी चट्टान की तरह होता है। एक ही झूठ को बार-बार फैलाने से वह सच में तो बदलेगा नहीं... हां आपके झूठे होने का बार-बार प्रमाण जरूर देगा। सच्चाई यह है कि आज तक कहीं भी किसी भी रोहिंग्या को कोई भी ईडब्ल्यूएस फ्लैट नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के विधायक ने उन्हें (रोहिंग्या) दिल्ली में बसाकर उन्हें मुफ्त राशन, पानी और बिजली के साथ हर एक को 10 हजार रुपये देकर उनका वोटर कार्ड बनवाया है। क्योंकि रोहिंग्या किस पार्टी के वोटर हो सकते हैं यह पूरे देश को पता है। पुरी ने केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि इनकी तो फ़ितरत ऐसी है कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसको केजरीवाल ने ठगा नहीं केजरीवाल का रोहिंग्या को बार-बार सपोर्ट करना देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। पुरी ने कहा कि उनके जिस एक्स पोस्ट को आधार बनाकर ये झूठ फैला रहे हैं, उसका स्पष्टीकरण उसी दिन महज कुछ घंटे बाद गृह मंत्रालय व मेरे द्वारा दे दिया गया था। यह पब्लिक डोमेन में है, फिर भी झूठ फैलाना बेशर्मी जैसा है। यह निम्नस्तर की राजनीति की पराकाष्ठा है। शर्म करिए, झूठ बोलने से बाज आइए। केंद्रीय मंत्री पुरी की यह टिप्पणी केजरीवाल के उस दावे के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा कि पुरी और अमित शाह के पास इस बात का पूरा डेटा है कि कहां किस रोहिंग्या को बसाया है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भगवान महाकाल का किया पूजन



उज्जैन। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल का पूजन-दर्शन कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्व शांति की कामना के साथ देश की जनता की खुशहाली, तरक्की और उन्नति के लिए मंगल कामना की। रक्षा मंत्री सिंह और थल सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी रविवार को मध्य प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर इंदौर स्थित महू कैंट पहुंचे हैं। यहां उन्होंने भारतीय सेना के तीनों प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद रात्रि विश्राम भी महू में ही किया। अपने प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को रक्षा मंत्री और सेना अध्यक्ष उज्जैन पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले महाकालेश्वर मंदिर पहुंच कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। रक्षा मंत्री और सेना अध्यक्ष ने गर्भगृह में करीब 20 मिनट तक पूजा की। पूजन मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा द्वारा सम्पन्न करवाया गया।

# पंजाब में बंद का व्यापक असर, ट्रैक पर किसानों के बैठने की वजह से 163 ट्रेनें करनी पड़ी रद्द

एजेंसी



चंडीगढ़। किसान आंदोलन के समर्थन में सोमवार को पंजाब बंद का व्यापक असर देखने को मिला। राज्य के ज्यादातर जिलों में किसान टोल प्लाजा व मुख्य मार्गों पर बैठे रहे। रेलवे ट्रैक पर किसानों के बैठने की वजह से वंदे भारत समेत 163 ट्रेनों को रद्द करना पड़ा। किसानों ने करीब नौ घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच कई जगह किसानों व दुकानदरों तथा राहगीरों के बीच मामूली झड़प भी देखने को मिली। किसान संगठन ने बंद को सफल करार देते हुए आंदोलन तेज करने का ऐलान किया है।

सोमवार को पंजाब में सुबह 7 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक किसान करीब 150 स्थानों पर हाईवे और रेलवे ट्रैक पर बैठे। इस दौरान अमृतसर-जालंधर-पानीपत-दिल्ली और अमृतसर-जम्मू पर ट्रैफिक पूरी तरह से बंद रहा। प्रदेश में कई जगह किसान रेलवे ट्रैक पर बैठे रहे। किसानों ने दिनभर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदेश भर में करीब तीन सौ स्थानों पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए। आज के बंद के दौरान किसान संगठन सुबह से ही सड़कों पर सक्रिय दिखाई दिए।

पंजाब के मोहाली, जालंधर व लुधियाना में कुछ जगहों पर किसानों ने दुकानें बंद करवाई तो दुकानदारों ने इसका विरोध किया। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने बंद को सफल करार देते हुए कहा कि कहा कि हमें किसी की जबरदस्ती दुकानें नहीं बंद करवानी पड़ी। व्यापार मंडल, आढ़ती एसोसिएशन, जत्थेबंदियों और यूनियनों का समर्थन मिला। पंधेर ने कहा कि आज पैट्रोल पंप, गैस एजेंसियां आदि भी बंद रही हैं। मंडियों में किसान सब्जियां लेकर नहीं आए हैं और कई जिलों में तो दूध विक्रेताओं ने भी दूध नहीं डाला है। पंधेर ने कहा कि आज के आंदोलन में कई कर्मचारी संगठनों, महिला संगठनों ने भी किसानों का समर्थन किया है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में किसानों के कारण कहीं भी इमरजेंसी सेवाएं बाधित नहीं हुई है। इमरजेंसी सेवाओं को सुचारू रखा गया है।

## खबरें एक नजर में

### कावेलाशविली ने जॉर्जिया के राष्ट्रपति के रूप में ली शपथ

त्बिलिसी। पश्चिम के कट्टर आलोचक और पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी मिखाइल कावेलाशविली ने रविवार को जॉर्जिया के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। पश्चिम समर्थक निवर्तमान जॉर्जियाई राष्ट्रपति सलोमी ज़ौराबिचविली ने रविवार सुबह कहा कि वह त्बिलिसी में ओरबेलियानी पैलेस स्थित अपना आवास खाली कर देंगी, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि वह अब भी वैध पदधारक हैं। उन्होंने कावेलाशविली के शपथग्रहण को एक हास्यानुकृति बताया। ज़ौराबिचविली ने महल के बाहर समर्थकों की भीड़ से कहा, मैं यहां से बाहर आऊंगी, तुम्हारे पास आऊंगी और तुम्हारे साथ रहूंगी। यह राष्ट्रपति निवास तब तक एक प्रतीक था जब तक यहां एक वैध राष्ट्रपति था। मैं अपने साथ वैधता लेकर जा रही हूं, मैं अपने साथ झंडा लेकर जा रही हूं, मैं अपने साथ आपका विश्वास लेकर जा रही हूं। रविवार को अपने भाषण में 53 वर्षीय कावेलाशविली ने वादा किया कि वे सभी के राष्ट्रपति होंगे, चाहे वे मुझे पसंद करें या नहीं।

### पाक सीमा पर झड़प के दौरान मारे गए आठ अफगानिस्तानी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर हाल ही में हुई झड़पों में अफगान पक्ष में आठ लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गये। डॉन की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार अफगानिस्तान के पूर्वी पाकटिका प्रांत में गत मंगलवार को प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कथित शिविरों पर पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों की ओर से बमबारी किए जाने के बाद से दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी जारी है। सूत्रों के अनुसार अफगानिस्तान की ओर से आतंकवादियों द्वारा पाकिस्तान में घुसपैठ करने की विफल कोशिश के बाद शुरू हुई, ताजा झड़पों में फ्रंटियर कोर का एक सैनिक मारा गया, जबकि 11 अन्य घायल हो गये। आतंकवादियों ने शुक्रवार रात सीमा पर घुसपैठ करने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उनके प्रयास को विफल कर दिया। पिछले सप्ताह, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अफगानिस्तान सरकार से टीटीपी के ख़िलाफ कार्रवाई करने को कहा और कहा कि अफगानिस्तान की धरती से पाकिस्तान पर हमले देश के लिए 'रेड लाइन' हैं।

### छात्र आंदोलन को कुचलना चाह रही भाजपा की बी टीम : तेजस्वी

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग की 70 वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द करने और पुनर्परीक्षा की मांग को लेकर अभ्यर्थियों के आंदोलन को लेकर अब राजनीति गरमा गई है। इस मुद्दे पर राजनीतिक दल आमने -सामने नजर आ रहे हैं। इस बीच, बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर पर निशाना साधा है। उन्होंने इशारों ही इशारों में कहा कि भाजपा की बी टीम बीपीएससी छात्र आंदोलन को कुचलना चाह रही है। यह बड़ी साजिश है। उन्होंने सीतामढ़ी में कहा, हम लोग गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र बांटते थे, इससे अभ्यर्थियों और उनके परिवार के लोगों की आंखों में खुशी दिखती थी, लेकिन मौजूदा सरकार में अभ्यर्थियों की आंखों में आंसू दिख रहे हैं। अभ्यर्थी लठियां खा रहे हैं। अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। यह सब भाजपा की बी टीम की साजिश है।

### बेटियों को कैंसर से बचाएगी हेमंत सरकार, प्रस्ताव तैयार

रांची। झारखंड की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार राज्य की बालिकाओं और युवतियों को कैंसर से बचाने के लिए एक नई पहल शुरू करने जा रही है। इसके तहत 9 से 25 वर्ष तक की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य प्रकार के कैंसर से बचाव के लिए ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) का टीका मुफ्त में दिया जाएगा समुख्यमंत्री सोरेन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग इस योजना का प्रस्ताव तैयार कर रहा है, जिसे कैबिनेट में स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा. यह योजना राज्य में बालिकाओं को कैंसर से बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। एचपीवी के दो टीके 9 से 14 साल की आयु में छह से 12 महीने के अंतराल पर दिए जाते हैं, जबकि 15 से 25 साल की आयु वर्ग में तीन खुराकों में टीका लगाया जाता है।

### प्रदर्शन कर वाम दलों ने गृहमंत्री अमित शाह से मांगा इस्तीफा

भागलपुर। राज्यसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. बीआर अंबेडकर पर की गयी टिप्पणी के खिलाफ देशव्यापी विरोध दिवस के आह्वान पर वामदलों ने सोमवार को स्थानीय स्टेशन चौक पर प्रदर्शन किया। बाबा साहेब का अपमान - नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, गृहमंत्री अमित शाह इस्तीफा दो, देश की जनता से माफी मांगों आदि नारों - मांगों को बुलन्द करते हुए कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री का पुतला फूंक कर आक्रोश जताया। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए भाकपा-माले के नगर प्रभारी और ऐक्टू के राज्य सचिव मुकेश मुक्त ने कहा कि अमित शाह की टिप्पणी संविधान और बाबा साहब के प्रति भाजपा और आरएसएस की घृणा का प्रदर्शन है।

# दिव्य भव्य व डिजिटल महाकुंभ के लिए उत्तर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : सुरेश खन्ना

समृद्धि न्यूज



▸ 30 दिल्ली में रोड शो में शामिल हुए उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना व आबकारी व मद्य निषेध राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल

नई दिल्ली। योगी सरकार महाकुंभ-2025 को भारतीय संस्कृति और एकता का वैश्विक प्रतीक बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में, वित्त एवं संसदीय कार्य, मंत्री सुरेश खन्ना ने दिल्ली में एक भव्य रोडशो का नेतृत्व किया। उन्होंने महाकुंभ के आयोजन को भारत की विविधता में एकता का अद्वितीय उत्सव बताते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेनाए मुख्यमंत्री आतिशी तथा वहां की सम्मानित जनता को प्रयागराज महाकुंभ 2025 में आने का आमंत्रण दिया।

उन्होंने कहा कि यह सरकार महाकुंभ में अंतरराष्ट्रीय सहभागिता और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ इसे ऐतिहासिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठा रही है। रोडशो के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य, मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि महाकुंभ, भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन है। एक भारत- श्रेष्ठ भारत- समावेशी भारत की दिव्य और जीवंत झांकी है। पत्रकार वार्ता के दौरान वित्त एवं संसदीय कार्य, मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि आप सबमें बहुत से ऐसे लोग होंगे, जिनके पास प्रयागराज कुम्भ-2019 का दिव्य एवं भव्य अनुभव होगा, भारतीय सांस्कृतिक गौरव के रूप में जिसकी अविस्मरणीय छवि विश्व पटल पर अंकित हुई थी। यही नहीं, मेले के कुशल प्रबन्धन को भी पूरी दुनिया ने मुक्त कंठ से सराहा था। उन्होंने कहा कि इस बार आयोजित हो रहा महाकुंभ पिछले कुंभ से और अधिक दिव्य एवं भव्य होगा। प्रयागराज महाकुंभ-2025 में 45 करोड़ तीर्थयात्रियों, साधु, संतों, कल्पवासियों एवं पर्यटकों के आने की संभावना है।

## नेपाल सरकार की तरफ से विदेश मंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन को दी श्रद्धांजलि

काठमांडू। नेपाल की विदेश मंत्री डॉ. आरज़ू राणा ने रविवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। काठमांडू में भारतीय दूतावास पहुँच कर विदेश मंत्री डॉ. राणा ने भारत के पूर्व प्रधान मंत्री डॉ. सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उनके स्मरण में रखी गई शोक पुस्तक पर हस्ताक्षर किया। उन्होंने डॉ. सिंह के निधन पर नेपाल सरकार और नेपाल के लोगों की ओर से हार्दिक संवेदना व्यक्त की और कहा कि नेपाल ने एक सच्चा मित्र और शुभचिंतक खो दिया है। अपने शोक संदेश में विदेश मंत्री डॉ. राणा ने लिखा कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह एक दूरदर्शी नेता और नेपाल के सच्चे मित्र थे और लोकतंत्र तथा विकास में उनके सहयोग, सद्भाव और समर्थन के लिए नेपाली जनता हमेशा उनके प्रति कृतज्ञ रहेगी। डॉ. सिंह का 26 दिसंबर को निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।

# हर की पैड़ी पर गंगा स्नान को उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

समृद्धि न्यूज

▸ कड़ाके की ठंड भी नहीं रोक सकी आस्थावानों के कदम

हरिद्वार। सोमवती अमावस्या पर्व को लेकर हरिद्वार में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। देर रात से ही हर की पैड़ी पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गयी थी। देश के विभिन्न प्रांतों से आए श्रद्धालुओं की भीड़ भोर से ही हर की पैड़ी समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर गंगा स्नान कर पुण्य अर्जित करना शुरू दिया था।

श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर मंदिरों में दर्शन-पूजन किया और दान आदि कर्म कर पुण्य लाभ अर्जित किया। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नारायणीशिला व कुशावर्त घाट पर अपने पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण व पिण्डदान कर उनके मोक्ष की कामना की। अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ऐसी मान्यता है कि सोमवती अमावस्या पर गंगा में स्नान करने से सभी कष्ट दूर होते हैं। मनोकामनाएं पूरी होती हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। यही नहीं सैकड़ों अश्वमेघ यज्ञ के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर पितरों के निमित्त पूजा करने से जीवन में सुख और शांति आती है। भीषण ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगायी। सोमवती अमावस्या पर भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। मेला क्षेत्र को 14 जोन और 39 सेक्टरों में बांट कर अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को तैनात किया। इसके साथ ही यातायात प्लान भी लागू किया गया।

# शानदार गेंदबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

## चौथे टेस्ट मैच के आखिरी दिन भारत को 184 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बनाई अपराजेय बढ़त

एजेंसी



मेलबर्न। कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को चौथे टेस्ट मैच के आखिरी दिन सोमवार को 184 रनों से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 से अपराजेय बढ़त बना ली।

भारत चायकाल तक तीन विकेट पर 112 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था। यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत की जोड़ी एक बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रही थी तभी 59वें ओवर में ट्रेविस हैड ने पंत को मार्श के हाथों कैच आउट करा भारत को चौथा झटका दे दिया। पंत ने 30 रन बनाए। इसके बाद विकेटों की झड़ी लग गयी। 63वें ओवर में रविन्द्र जडेजा (दो) को बोलैंड ने कैरी के हाथों कैच आउट करा ऑस्ट्रेलिया को पांचवी सफलता दिलाई। सातवें विकेट के रुप में यशस्वी जायसवाल (84) के आउट होने के बाद मैच भारत के हाथों पूरी तरह से निकल चुका था। भारत की ओर से मात्र दो बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (84) और ऋषभ पंत (30) दहाई संख्या में पहुंच सके जबकि 12 रन अतिरिक्त मिले। कप्तान रोहित शर्मा (नौ) और केएल राहुल (शून्य) एवं विराट कोहली 05 रन बनाकर आउट हुए।

पहली पारी में शतक बनाने वाले नीतीश रेड्डी दूसरी पारी में मात्र एक रन बना पाए। अन्य बल्लेबाजों में रविन्द्र जडेजा (दो) आकाश दीप (सात) कप्तान जसप्रीत बुमराह (शून्य) मोहम्मद सिराज (शून्य) पर आउट हुए वहीं वाशिंगटन सुंदर (पांच) रनों पर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय टीम 79.1 ओवर में 155 रनों पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने 12 साल बाद भारत से बॉक्सिंग डे टेस्ट जीता है। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया की डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बढ़ गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कप्तान पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड ने तीन-तीन, नेथन लायन ने दो, मिचेल स्टार्क, ट्रेविस हैड ने एक-एक विकेट लिया। पहली पारी में 49 रन एवं तीन विकेट तथा दूसरी पारी में तीन विकेटों के साथ 41 रनों का योगदान देने वाले पैट कमिंस को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। इससे पहले आज सुबह के सत्र में दूसरे ही ओवर में जसप्रीत बुमराह ने नेथन लायन (41) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी का समापन कर दिया। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 234 रन पर सिमट गई। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने पांच विकेट लिये। मोहम्मद सिराज को तीन विकेट मिले। रवींद्र जडेजा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 474 रन बनाये थे। उसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी की शतकीय पारी की बदौलत भारत ने पहली पारी में 369 रन बनाये और इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 234 रन पर समेट दिया था।

### न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को 45 रनों से हराया

माउंट मॉन्गानुई 30 दिसंबर (वार्ता) मिचेल हे (नाबाद 41), मार्क चैपमैन (42) और टिम रॉबिंसन (41) की आतिशी पारियों के बाद जेकब डफी (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 45 रनों से हरा दिया हैं। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली हैं। मिचेल हे को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। न्यूजीलैंड के 186 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका के लिए पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। पांचवें ओवर में मिचेल सैंटनर ने कुसल मेंडिस (10) को आउट कर श्रीलंका को पहला झटका दिया। इसके बाद 10वें ओवर में जेकब डफी ने पथुम निसंका ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। पथुम निसंका ने 28 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए (37) रन बनाये। 12वें ओवर में कामिंडु मेंडिस (10) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद श्रीलंका ने मात्र 14 रन जोड़कर अपने सात विकेट गवां दिये। 16वें ओवर में जेकब डफी ने कुसल परेरा को आउट कर श्रीलंका को चौथा झटका दिया। कुसल परेरा ने 35 गेदों में चार चौके और दो छक्के लगाते हुए (48) रनों की पारी खेली। वानिंदु हसरंगा (एक), महीश तीक्षणा (शून्य) को डफी ने आउट किया। चरित असलंका 16 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुये। अविष्का फर्नांडो (पांच) और मतीशा पतिराना (शून्य) को मैट हेनरी ने आउट किया। जैकरी फॉक्स ने 20वें ओवर में बिनुरा फर्नांडो (तीन) को आउट श्रीलंका की पारी का अंत कर दिया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 19.1 ओवर में 141 रन पर ढ़ेर हो गई।

## चायपत्ती के दाम में बढ़ोतरी की संभावना

नयी दिल्ली। आने वाले दिनों में चायपत्ती के दाम में बढ़ोतरी होने की पूरी संभावना है। दरअसल चाय बागानों से चाय उत्पादन को लेकर बुरी खबर आई है। मौसम की अनियमित और बागानों के समय से पहले बंद होने के कारण इस साल के अंत तक चाय के कुल उत्पादन में 10 करोड़ किलोग्राम से अधिक की गिरावट आने की आशंका है। चाय उद्योग से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि 2023 के पहले 10 महीनों में करीब 117.8 करोड़ किलोग्राम उत्पादन की तुलना में देश में चालू कैलेंडर वर्ष की जनवरी-अक्टूबर अवधि में करीब 111.2 करोड़ किलोग्राम चाय का उत्पादन हुआ। हालांकि, निर्यात के 2024 में 24-25 करोड़ किलोग्राम तक पहुंचने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष करीब 23.1 करोड़ किलोग्राम रहा था। भारतीय चाय संघ के चेयरमैन हेमंत बांगड़ ने कहा कि 2024 में जनवरी-अक्टूबर की अवधि में उत्पादन में करीब 6.6 करोड़ किलोग्राम की कमी, जबकि नवंबर के बाद चाय के बागान बंद किए जाने से उत्पादन में 4.5 से पांच करोड़ किलोग्राम की और गिरावट आने की आशंका है।

# रोमांचक ग्रैंड फिनाले के साथ एसबीआई लाइफ स्पेल बी सीजन-14 का समापन

समृद्धि न्यूज




लखनऊ । मिर्ची की पहल पर भारत की सबसे प्रतिष्ठित स्पेलिंग प्रतियोगिता एसबीआई लाइफ स्पेल बी सीजन 14 का कोलकाता में रोमांचक ग्रैंड फिनाले के साथ समापन हुआ। एसबीआई लाइफ स्पेल बी सीजन 14 की विजेता सुश्री छाया एम वी, उम्र 13 वर्ष, प्रेसीडेंसी स्कूल, आरटी नगर, बेंगलुरु की कक्षा आठ में पढ़ने वाली छात्रा हैं, जिन्होंने 'स्पेल मास्टर ऑफ इंडिया' का राष्ट्रीय खिताब जीता है।

उत्साह और उमंग से भरे माहौल में, कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय चैंपियन की घोषणा और सम्मान के साथ हुआ, जो पूरे प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन असाधारण कौशल, समर्पण और भाषा के प्रति गहरे जुनून को दर्शाता है। इस प्रतियोगिता के उपविजेता, मेधांश वड्डाडी, उम्र 13 वर्ष, कैम्ब्रिज कोर्ट हाई स्कूल, जयपुर और श्री यशविन पचौरी, उम्र 14 वर्ष, कैनेडी हाई ग्लोबल स्कूल, हैदराबाद ने भी एसबीआई लाइफ स्पेल बी ग्रैंड फिनाले में सराहनीय कौशल का प्रदर्शन किया। भारतीय अभिनेत्री, फैशन डिजाइनर मंदिरा बेदी ने भाग लिया, जिन्होंने उत्साहपूर्वक एसबीआई लाइफ स्पेल बी सीजन 14 के ग्रैंड फिनाले की मेजबानी की और विजेताओं की घोषणा की। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में ब्रांड, कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस और सीएसआर के प्रमुख श्री रवींद्र शर्मा ने साझेदारी की सफलता पर टिप्पणी करते हुए कहा, एसबीआई लाइफ स्पेल बी सीजन 14 के एक और अध्याय के समापन के साथ, हम न केवल विजेताओं को बल्कि उन सभी बच्चों को भी बधाई देना चाहते हैं जिन्होंने अविश्वसनीय उत्साह और धैर्य के साथ भाग लिया। हम शुरुआती अवसरों की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास करते हैं, क्योंकि वे जीवन भर के लिए स्थायी और सार्थक प्रभाव की नींव रखते हैं।